आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* विश्व बंजारा दिवस”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 82 | उज्जैन, बुधवार 08 अप्रैल, 2026 | वैशाख कृष्ण 6 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### जम्मू-कश्मीर में 16 साल से फरार पाकिस्तानी आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा टेरर मॉड्यूल से जुड़े कुल 5 लोगों को अरेस्ट किया है। इनमें से दो पाकिस्तानी आतंकी हैं, बाकी उनके मददगार हैं। एक आतंकी की पहचान अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरेरा के रूप में हुई है। अब्दुल्ला 16 साल से फरार था। वहीं, दूसरा पाकिस्तानी आतंकी उस्मान उर्फ खुबैब है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ-साथ सेंट्रल एजेंसियां भी इस ऑपरेशन में शामिल थीं। जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और हरियाणा समेत 19 जगहों पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। कुछ सामान भी बरामद किया। जांच में एलईटी के एक नेटवर्क का पता चला, जो आतंकवादियों को लॉजिस्टिक्स और फाइनेंशियल मदद करता था। अधिकारियों के मुताबिक, पकड़े गए पांच लोगों में श्रीनगर के तीन लोग शामिल हैं।

### मथुरा में मुख्यमंत्री योगी के कार्यक्रम का टेंट आंधी में उड़ा

**लखनऊ।** देश के 20 से ज्यादा राज्यों में आज से आंधी-तूफान और बारिश की संभावना है। आज से नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो रहा है। बैक-टु-बैक दो सिस्टम एक्टिव होने से मौसम में बदलाव है। यूपी के लखनऊ, मेरठ और गाजियाबाद में मंगलवार दोपहर बारिश हुई। मथुरा में तेज आंधी से सीएम योगी के कार्यक्रम का टेंट उड़ गया। वहीं राजस्थान के रेगिस्तानी जिल नागौर में बारिश के साथ ओले गिरे। जयपुर, बीकानेर और टोंक में भी तेज बारिश हुई। इधर, मध्य प्रदेश में अगले 3 दिन आंधी-बारिश और ओले गिरने की संभावना रहेगी। ग्वालियर में आज बारिश हुई, जबकि 34 जिलों में अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश के चंबा में मंगलवार सुबह भूस्खलन से एक निर्माणाधीन पुल टूट गया। भरमौर और होली क्षेत्र को जोड़ने वाला सिंयूर पुल रावी नदी में समा गया। इसके बाद क्षेत्र के कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है।

### अश्लील गाने के विवाद में नोरा की मुश्किलें बढ़ी



**पेश न होने पर महिला आयोग भड़का, संजय दत्त को भी 8 अप्रैल को पेश होने का समन**

**मुंबई।** केडीः द डेविल के गाने सरके चुनर तेरी विवाद में सफाई के बावजूद नोरा फतेही की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। 6 अप्रैल को राष्ट्रीय महिला आयोग की सुनवाई में वह पेश नहीं हुईं, जिस पर आयोग ने नाराज होकर उन्हें आखिरी मौका दिया। न्यूज एजेंसी के अनुसार, 6 अप्रैल को राष्ट्रीय महिला आयोग की सुनवाई में सरके चुनरिया तेरी के लिरिसिस्ट रकीब आलम, फिल्म केडीःद डेविल के डायरेक्टर प्रेम और केवीएन प्रोडक्शन के रीप्रेसेंटेटिव गौतम के.एम और सुप्रिथ पेश हुए थे। इस सुनवाई की अध्यक्षता आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने की थी। समन में नोरा फतेही को भी पेश होने के लिए कहा गया था, हालांकि वो खुद नहीं आईं और सफाई देने के लिए वकील को भेजा। सुनवाई में विजया रहाटकर ने चिंता जताते हुए कहा कि गाने के बोल महिलाओं की गरिमा के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि क्रिएटिविटी के नाम पर महिलाओं की गरिमा से समझौता नहीं किया जा सकता। सुनवाई के दौरान मौजूद सभी ने ये स्वीकार किया कि गाना आपत्तिजनक था, जिसका नाकारात्मक प्रभाव पड़ा और सभी ने इसके लिए लिखित माफी भी दी। इसके अलावा सभी ने तीन महीनों तक महिला सशक्तिकरण के लिए काम करने और महिला आयोग को इसकी रिपोर्ट देने का आश्वासन दिया है। आयोग ने संजय दत्त को भी समन भेजकर 8 अप्रैल को होने वाली सुनवाई में पेश होने का आदेश दिया है। उनके अलावा नोरा फतेही की गैरमौजूदगी पर भड़कर आयोग ने उन्हें 27 अप्रैल को पेश होने का आखिरी मौका दिया है। अश्लील गाने पर विवाद बढ़ने के बाद एक्ट्रेस ने बयान जारी कर सफाई दी थी। उन्होंने कहा है कि उनसे कन्नड़ में गलत ट्रांसलेशन बताकर पूरा गाना शूट करवाया गया और फिर बिना अप्रूवल या परमिशन गाने को हिंदी में बना लिया।

### पाकिस्तान कितने टुकड़ों में बंटेगा भगवान ही जाने : राजनाथसिंह

**कोलकाता।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के कोलकाता पर हमला करने की धमकी पर जवाब दिया। राजनाथ ने कहा कि आसिफ को इस तरह का भड़काऊ बयान नहीं देना चाहिए था। 55 साल पहले जब पाकिस्तान दो हिस्सों में बंटा था। तब उन्हें इसके बुरे नतीजे भुगतने पड़े थे। अगर उन्होंने बंगाल पर बुरी नजर डालने की कोशिश की, तो भगवान ही जाने कि इस बार पाकिस्तान के कितने टुकड़े हो जाएंगे। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने 4 अप्रैल को सियालकोट में पत्रकारों से बात करते हुए भारत को धमकी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर भारत कोई फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन (छिपकर हमला) करता है, तो इस बार संघर्ष सिर्फ सीमा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कोलकाता तक पहुंच सकता है।

### एअर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर कैंपबेल विल्सन ने इस्तीफा दे दिया है। न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि एयर इंडिया ने नए सीईओ की तलाश भी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, विल्सन सितंबर में अपना पद छोड़ सकते हैं। पिछले हफ्ते हुई कंपनी की बोर्ड बैठक में उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। विल्सन को 2022 में एअर इंडिया का सीईओ और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया था। उनका कॉन्ट्रैक्ट 5 सालों के लिए, जुलाई 2027 तक था। रिपोर्ट्स के अनुसार, एयरलाइन अहमदाबाद प्लेन क्रैश की फाइनल जांच रिपोर्ट आने के बाद नए सीईओ की नियुक्ति करेगी। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने 12 जुलाई 2025 को हादसे की प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की थी।

### पश्चिम एशिया संकट शुरू हुए 39 दिन बीत चुके, होर्मुज जलडमरूमध्य से व्यापारिक जहाजों की आवाजाही लगभग रुकी

# ईरान युद्ध से पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल और मालदीव में हाहाकार

## भारत की स्थिति इनकी तुलना में बहुत ही ज्यादा अच्छी है, भारत समेत कुछ देशों के जहाजों को ही निकलने की अनुमति मिली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान में जारी युद्ध की वजह से भारत में कई जगहों पर गैस की किल्लत देखी जा रही है। हालांकि, पेट्रोल-डीजल और पीएनजी-सीएनजी का अभी तक कोई संकट नजर नहीं आया है। लेकिन, भारत के पड़ोसी देशों की हालत बहुत ही चिंताजनक हो चुकी है।

पश्चिम एशिया संकट शुरू हुए 39 दिन बीत चुके हैं। इतने ही दिनों से ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य से व्यापारिक जहाजों की आवाजाही लगभग रुकी हुई है। भारत समेत कुछ देशों के जहाजों को ही निकलने की अनुमति मिली है, वह भी बहुत सीमित संख्या में। इस वजह से भारत के कई पड़ोसी मुल्कों में तेल और गैस को लेकर हाहाकार मचा है।



### बांग्लादेश में युद्ध का क्या असर

- बांग्लादेश में शॉपिंग मॉल शाम 7 बजे तक बंद करने का फरमान है।
- दफ्तर और बैंक में भी सिर्फ 7 घंटे काम हो रहे हैं।
- दफ्तरों को बिजली बचाने के लिए कम से कम लाइट जलाने के आदेश है।
- समारोहों में सजावटी रोशनी लगाने पर प्रतिबंध है।
- गैर-जरूरी यात्राओं पर रोक लगाई गई है।
- सरकारी दफ्तरों में तेल और बिजली कम से कम खपत करने की हिदायत है।

### श्रीलंका में यह स्थिति

- तेल सप्लाई को सुचारू करने के लिए बुधवार को सार्वजनिक छुट्टी कर दी गई है।
- ट्रेन और बस सेवाएं कम कर दी गई हैं।
- घरों और उद्योगों में बिजली की कीमतें बढ़ा दी गई हैं।
- श्रीलंका को भारत से तेल की मदद मांगनी पड़ी, जिसे अच्छे पड़ोसी की तरह भारत ने पूरा भी किया है।

### पाकिस्तान का हाल

- पूरे पाकिस्तान में बाजार और मॉल रात 8 बजे बंद करने का फरमान है।
- सिंध प्रांत को इस फरमान से अलग रखा गया है।
- शादी समारोह चाहे घर में हो या होटल में या अन्य स्थानों पर, रात 10 बजे तक दूल्हा-दुल्हन पक्ष को बोरिया-बिस्तर समेट लेने का फरमान है।
- दो महीनों के लिए सरकारी विभागों में तेल का कोटा 50% कम कर दिया गया है।
- सरकारी दफ्तरों में सिर्फ चार दिन ही काम होगा, बाकी दिन छुट्टी।
- सभी दफ्तरों को मात्र 50% स्टाफ में काम चलाने को कहा गया है।
- पाकिस्तान सुपर लीग के शुरुआती मैच इनडोर कर दिए गए हैं।

### मालदीव पर कितना असर पड़ा

- मालदीव को भारत से तेल-गैस मांगना पड़ रहा है।
- सप्लाई को मेंटेन रखने के लिए तेल और गैस की कीमतें बढ़ानी पड़ी हैं।

### नेपाल में क्या असर रहा

- वरिष्ठ अधिकारियों को मिलने वाले तेल कोटे में 50% की कमी।
- स्कूलों और सरकारी कार्यालयों में एक साप्ताहिक छुट्टी के बदले दो दिन की छुट्टी घोषित।
- पेट्रोल-डीजल वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलने के लिए सरकार कानूनी इंतजाम पर विचार कर रही है।
- हवाई जहाज ईंधन की कीमत दोगुनी की गई।
- पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ाई गईं।
- खाना बनाने की गैस का कोटा तय किया गया है।

### भारत में क्या हालात हैं

- केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल से एक्साइज ड्यूटी कम कर दी है।
- प्रीमियम पेट्रोल छोड़कर सरकारी कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल या गैस के दाम नहीं बढ़ाए हैं।
- हवाई ईंधन और डीजल के निर्यात पर विंडफॉल टैक्स लगाए गए हैं।
- गैस की सप्लाई निर्बाध रखने के लिए इसे गैर-प्राथमिकता वाले सेक्टर से घरेलू उपभोक्ताओं के लिए डायवर्ट किया गया है।
- रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी का उत्पादन बढ़ाने को कहा गया है।
- देश में पेट्रोल-डीजल या पीएनजी-सीएनजी की अभी कोई दिक्कत नहीं है।
- एलपीजी की आपूर्ति पर्याप्त बनाए रखने के लिए अन्य देशों से भी आयात शुरू किया जा चुका है।
- होर्मुज होकर भी तेल, एलपीजी-एलएनजी लगातार लाने की कोशिशें जारी हैं और ईरान से इसको लेकर लगातार बातचीत भी चल रही है।

# प्रदेश में कांग्रेस करेगी 9 को ‘क्रूर विश्वासघात’ आंदोलन

## सीएम यादव और मंत्री शिवराज पर किसानों को बिचौलियों के हवाले करने का आरोप लगया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

प्रदेश कांग्रेस 9 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ता किसानों की बदहाली और सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में कलेक्टर कार्यालयों का घेराव करेंगी। प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर किसानों को बिचौलियों के हवाले करने का गंभीर आरोप लगाया है। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से किए गए वादों को पूरा नहीं किया है और प्रदेश का अन्नदाता आज अपने ही हक के लिए सड़कों पर आने को मजबूर है।

### भाजपा ने 2700 प्रति क्विंटल गेहूं खरीदने का वादा किया था

वर्मा ने बताया कि विधानसभा चुनाव के समय भाजपा ने 2700 प्रति क्विंटल गेहूं खरीदने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आते ही सरकार ने मात्र 40 रूपए का बोनस देकर किसानों के साथ 'ऊंट के मुंह में जीरा' वाला व्यवहार किया है। यह किसानों के साथ सीधा-सीधा क्रूर विश्वासघात है। पड़ोसी राज्य राजस्थान में 150 रूपए बोनस दिया जा रहा है, जबकि मध्यप्रदेश का किसान अपने हक के लिए भटक रहा है। वहीं सरकार ने खरीदी की तारीखों को तीन बार आगे बढ़ाया है। प्रदेश का अन्नदाता आज अपनी फसल का उचित मूल्य पाने के लिए दर-दर भटक रहा है। समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मंडियों में अव्यवस्था, खरीदी में देरी और बारदाने की कमी के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा है। ऊपर से प्राकृतिक आपदाओं, ओलावृष्टि और बारिश से प्रभावित किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। कांग्रेस पार्टी किसानों की इस पीड़ा को समझती है और उनके हक की लड़ाई लड़ेंगी। 9 अप्रैल को होने वाला प्रदेशव्यापी आंदोलन, किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक निर्णायक संघर्ष होगा।



### ‘बारदान’ की कमी का बहाना बना रही सरकार

वर्मा ने आगे कहा, भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम में 10 अप्रैल और अन्य संभागों में 15 अप्रैल से खरीदी का निर्णय केवल इसलिए लिया गया है ताकि किसान घबराकर अपनी फसल कम दामों में व्यापारियों को बेच दे। केंद्र ने 160 लाख टन पंजीकरण के मुकाबले केवल 78 लाख टन खरीदी की सीमा तय कर किसानों की कमर तोड़ दी है। सज्जन वर्मा ने आगे कहा कि सरकार जूट बैग (बारदाने) की कमी के लिए ईरान-इजरायल युद्ध का बहाना बना रही है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा जूट उत्पादक है। 10 करोड़ बारदानों की जरूरत थी, लेकिन सरकार ने समय पर केवल 2.60 करोड़ के लिए आवेदन किया।

# असम पुलिस की कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के घर छापेमारी

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम



असम पुलिस की टीम कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के दिल्ली आवास पर पहुंची। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी की एफआईआर के बाद यह कार्रवाई की गई है। पवन घर पर नहीं है। असम पुलिस उनसे पूछताछ के लिए इंतजार कर रही है। दिल्ली पुलिस भी साथ में मौजूद है।

दरअसल दो दिन पहले पवन ने असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा पर आरोप लगाया था कि उनके पास मिस्त्र, एंटीगा-बरबूडा और यूएई के पासपोर्ट हैं। हिमंता और उनकी पत्नी ने आरोपों को गलत बताया था। दिल्ली में छापेमारी पर सीएम सरमा ने आज कहा कि वह कल गुवाहाटी से भाग गए। मुझे मीडिया के जरिए पता चला है कि पुलिस दिल्ली में उनके घर गई थी, लेकिन वह हैदराबाद भाग गए हैं। कानून अपना काम करेगा। हिमंता की पत्नी ने सोमवार को एफआईआर भी कराई थी। असम में 9 अप्रैल को वोटिंग होगी। मंगलवार को शाम 5 बजे से प्रचार थम गया।

# शादी समारोह में टूटी लिफ्ट दस से ज्यादा लोग हुए घायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के चंदन नगर क्षेत्र में एक शादी समारोह उस वक्त हादसे में बदल गया, जब ओवरलोड होने के कारण एक लिफ्ट की रस्सी टूट गई और वह दूसरी मंजिल से गिर गई। इस दुर्घटना में दस से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इंदौर के चंदन नगर क्षेत्र में एक कारखाना परिसर में चल रहे शादी समारोह के दौरान लिफ्ट की रस्सी टूटने से बड़ा हादसा हो गया। लिफ्ट में सवार दस से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे का कारण लिफ्ट का ओवरलोड होना बताया जा रहा है। सभी घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, बांक इलाके में मोहम्मद शरीफ के भाई मोहम्मद खलील की बेटी आयशा की शादी परिवार के कारखाना परिसर में आयोजित की गई थी।

### ट्रम्प ने कहा- ईरान में पूरी सभ्यता खत्म होगी, जो कभी नहीं लौटेगी

# अमेरिका और इजराइल ने ईरान में कई जगहों पर किया हमला

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान की पूरी सभ्यता खत्म करने की धमकी दी है। उन्होंने कहा- आज रात एक पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी, जिसे फिर कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा- मैं नहीं चाहता कि ऐसा हो, लेकिन शायद ऐसा ही होगा। हालांकि, अब वहां सत्ता पूरी तरह बदल चुकी है, जहां अलग, ज्यादा



समझदार और कम कट्टर सोच वाले लोग मौजूद हैं। कौन जानता है कि शायद कुछ बहुत शानदार और क्रांतिकारी हो सकता हो? ट्रम्प ने दावा किया कि आज रात हम दुनिया के लंबे और जटिल इतिहास के सबसे अहम पल के गवाह बनेंगे। 47 सालों की ज्यादती, भ्रष्टाचार और मौत का सिलसिला आखिरकार खत्म हो जाएगा। ईश्वर ईरान के लोगों की रक्षा करे।

### ईरान में कई जगहों पर अटैक

अमेरिका और इजराइल ने मंगलवार को ईरान में कई जगहों पर हमला किया। सबसे बड़ा हमला खार्ग आइलैंड पर हुआ, जहां ऑयल टर्मिनल को निशाना बनाया गया। ईरान का करीब 80 से 90% कच्चा तेल यहीं से एक्सपोर्ट होता है। इसी दौरान कोम और कशान में भी पुलों को निशाना बनाया गया। काशान के पास यहयाबाद रेलवे पुल पर हमले में 2 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा उत्तर-पश्चिम ईरान में तबरीज-जंजान हाईवे के पुल पर भी हमला किया गया। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर ईरान ने मंगलवार को रात 8 बजे (अमेरिका समयानुसार) तक होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोला, तो उसके जरूरी ठिकानों पर हमला किया जाएगा। इन हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए यूएई के शारजाह में हमला किया। ईरान पहले ही कह चुका था कि अब वह चुप नहीं बैठेगा। अमेरिका और उसके सहयोगियों के ठिकानों को निशाना बनाएगा।

# भारत के 500 मेगावॉट परमाणु रिएक्टर का दूसरा चरण हुआ पूरा

## ऐसा सिर्फ रुस के पास, थोरियम को यूरेनियम में बदल सकता है



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के कलपक्कम में सोमवार रात भारत के 500 मेगावॉट प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर का दूसरा स्टेज पूरा हो गया। रिएक्टर पूरी तरह तैयार होने से अब सिर्फ एक चरण दूर है। इस प्रोजेक्ट में 80% से ज्यादा स्वदेशी तकनीक और उपकरणों का इस्तेमाल हुआ है। अभी सिर्फ रूस के पास फास्ट ब्रीडर रिएक्टर है। अगर भारत इसे पूरी तरह तैयार कर लेता है, तो ऐसा करने वाला दूसरा देश बन जाएगा। इस रिएक्टर का डिजाइन इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र ने तैयार किया है। रिएक्टर के पूरा होने के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि आज भारत ने अपनी परमाणु यात्रा में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है और देश का न्यूक्लियर प्रोग्राम अब और तेजी से आगे बढ़ेगा।

### 20 साल से ज्यादा पुराना प्रोजेक्ट

इस प्रोजेक्ट की शुरूआत साल 2003 में हुई थी। इसे बनाने के लिए भारत की 200 से ज्यादा कंपनियों को एक किया गया। फास्ट ब्रीडर रिएक्टर एक खास तरह का परमाणु रिएक्टर है, जिसमें यूरेनियम-प्लूटोनियम मिश्रित ईंधन का इस्तेमाल होता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह जितना ईंधन खर्च करता है, उससे ज्यादा ईंधन पैदा कर सकता है। यह तकनीक भविष्य में थोरियम आधारित ऊर्जा उत्पादन के लिए भी रास्ता तैयार करती है, जो भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## शहर की बदलेगी तस्वीर...

महाआयोजन के लिए इस बार पूरातन शहर की पुरी तस्वीर ही बदलने वाली है। इसी के तहत अब शहर उडान की और आगे बढ गया है। खास तो यह है कि जमीन के लिए भी पैसा मिलने की मंजूरी हो गई है। दीपावली से लेकर अब तक इस मामले में जिस तरह से फाईल दौड रही है उससे लग रहा है कि महाआयोजन के पूर्व केंद्र की उडान योजना के तहत पुरातन शहर भी उडान भरेगा और इसकी उडान शहर वासियों की उडान रहने वाली है। एक समय था जब इस शहर के उद्योग धंधे एक झ्रएक कर बंद होते चले गए और शहर में मंडी एवं मंदिर से ही आर्थिक लेन देन का स्तर बना हुआ था। मिल एवं कारखाना मजदूरों का करोडों रूपया बकाया रहा । इससे पलायन भी हुआ और लोगों को मजबूरी में बहुत कुछ सहना पडा । दुःख के दिन बीते रे भय्या अब सुख आयो रे की तर्ज पर शहर में अब उद्योगों की श्रृंखला चल रही है। जो युवा रोजगार के लिए पलायन कर गए थे उनके लौटने की उम्मीद जागने लगी है। खास तो यह है कि इस उडान योजना के अमल में आने से उन बुजुर्गों एवं युवाओं की आंखों में रोशनी जाग गई है जो अवकाश अभाव में घर आकर बुजुर्गों से मुलाकात नहीं कर पाते थे। अपने बुजुर्गों को बुलाने में भी समस्या थी। अब अपना शहर अपनी उडान और कुल किलोमीटर पर उडान का अड्डा होगा। खुसूर-फुसूर है कि इसके अमल में आने से एक नहीं अनेक सुविधाजनक स्थितियां आकार लेंगी। पास के औद्योगिक क्षेत्र में अब और नए उद्योंगों के लिए व्यवसायी जमीन तलाशेंगे। माल वाहन उडानें भी होंगी तो माल का परिवहन भी हो सकेंगा। व्यवसायी भी चंद घंटों में यहां आ जा सकेंगे।




## गुजरात के भक्त ने करीब 30 किलो चांदी के आभूषण किए दान




**उज्जैन।** भगवान श्री महाकालेश्वर को गुजरात के भक्त ने सोमवार को 70 लाख रूपए से अधिक के करीब 30 किलो चांदी की सामग्री जिसमें आभूषण एवं अन्य है दान किया है।दान दाता मय परिवार के मंदिर पहुंचे और उन्होंने इस सामग्री को दान में मंदिर के अधिकारियों को सौंपा। इसी तरह से भृर्तहरी गुफा उज्जैन के पीर योगी रामनाथ महाराज ने एक नग ड्रोन कैमरा दान किया।

मंदिर प्रबंध समिति के अधिकृत सूत्रों के अनुसार श्री महाकालेश्वर भगवान के प्रति श्रद्धा रखते हुए अहमदाबाद गुजरात से भगवान के दर्शन हेतु पधारे दानदाता महेश भाई भगवान दास ठाकुर ने भगवान को चांदी सामग्री भेंट की है। दान में प्राप्त इन सामग्रियों में चांदी की पगड़ी, गंगाजली युक्त मुकुट, नागफन जड़ित मुकुट, सूर्यकिरण जड़ित मुकुट, चंद्रमा लगा मुकुट, चांदी की मुण्डमाला, कुण्डल, कटोरा, धूपिया, गरुड़, डमरू घंटी, रुद्राक्ष माला, त्रिपुण्ड, चँवर, चन्द्रमा, नेत्र आदि विशेष रजत श्रृंगार सामग्री शामिल है। समस्त सामग्रीयों का कुल वजन मंदिर तौल कांटे से जड़ित वस्तुओं सहित 29 किलो 941 ग्राम हैं। दान दाता का मय परिवार मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी ने स्वागत एवं सम्मान किया । भृर्तहरी गुफा उज्जैन के पीर योगी रामनाथ महाराज ने एक नग ड्रोन कैमरा दान किए जाने पर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया ने महाराज का स्वागत एवं सम्मान किया ।

### सहायक प्रशासक ने किया सम्मान

## ट्रैंडिंग




### केबिनेट ने जमीन अधिग्रहण के लिए 590 करोड़ की मंजूरी दी

# उड़ान योजना में आकार लेगा उज्जैन का अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा

### हवाई अड्डे का रनवे अंतर्राष्ट्रीय मापदंड अनुसार 4 किलोमीटर का रहेगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



सिंहस्थ पूर्व उज्जैन के दताना स्थित वर्तमान हवाई पट्टी पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे के आकार लेने का रास्ता साफ हो गया है। मध्यप्रदेश सरकार की केबिनेट ने जमीन अधिग्रहण के लिए 590 करोड की मंजूरी दे दी है। उडान योजना के तहत उज्जैन में हवाई अड्डा आकार लेगा। योजना में सभी हवाई अड्डे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ही बनाए जा रहे हैं। उज्जैन हवाई अड्डा का रन-वे करीब 4 किलोमीटर लंबा रहने वाला है। जिस पर बोईंग सी-20 जैसे विमान भी उतर सकेंगे। इसके लिए करीब 400 एकड भूमि का अधिगृहण किया जाएगा। बकौल कलेक्टर रोशनकुमार सिंह अगले एक दो दिन में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

मंगलवार को मध्यप्रदेश केबिनेट ने निर्णय लेते हुए आगामी सिंहस्थ मेले की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने उज्जैन में एयरपोर्ट विकसित करने के लिए 590 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। यह राशि भूमि अधिग्रहण पर खर्च होगी। एयरपोर्ट का निर्माण केंद्र सरकार की 'उड़ान योजना' के तहत किया जाएगा। इसके बनने से सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और उज्जैन की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। कलेक्टर रोशनकुमारसिंह बताते हैं कि जमीन को लेकर सर्वे हो चुका है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया भी अपना सर्वे कर चुका है और उसकी रिपोर्ट भी हमें मिल चुकी है जिसके अनुसार धरातल पर वैसी व्यवस्था भी की है। क्षेत्र में अच्छी गाईड लाईन होने से जमीन अधिग्रहण में हमें ज्यादा समय नहीं लगेगा।

कुछ माह पूर्व प्रशासनिक स्तर पर एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया को प्रस्ताव भेजा गया था। वर्तमान हवाई पट्टी के स्थान पर सिंहस्थ से पूर्व उज्जैन में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा बनाने की इसमें प्रस्ताव के तहत जमीन एवं अन्य जानकारियां दी गई थी। पूर्व में यहां दताना-मताना हवाई पट्टी को एटीआर-72 जैसे छोटे विमानों के संचालन के अनुरूप विकसित किया जा रहा था, लेकिन जिला प्रशासन ने इसे और व्यापक रूप देते हुए शासन को संशोधित प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव को सरकार ने मंजूर करते हुए सीधे तौर पर जमीन अधिग्रहण के लिए 590 करोड की राशि की मंजूरी दी है। इसके आगे अब उज्जैन में इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

### विक्रम उद्योगपुरी को मिलेगा आधार

दताना-मताना हवाई पट्टी को अगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का स्वरूप मिलता है तो ऐसे में विक्रम उद्योगपुरी क्षेत्र और अधिक विकसित होगा और देवासरोड पर विकास की भागीरथी बह निकलने की प्रबल स्थिति बन जाएगी। उद्योगपुरी में बडे औद्योगिक मालिकों एवं अधिकारियों के आवागमन के लिए यह सुविधाजनक तो होगा ही साथ ही भारवाहक विमानों के उतरने में भी आसानी होगी और औद्योगिक क्षेत्र में मशीनों को लाना ले जाने में भी सुविधा हो सकेगी। इसके साथ मालवाहक की भी सहुलियत मिलना आसान होगा।

### सिंहस्थ की बडी सौगात

सिंहस्थ-2028 में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देने का निर्णय लिया गया है। केबीनेट की मंजूरी एवं जमीन अधिग्रहण की मंजूरी मिलने के साथ ही अब प्रशासन इस और तेजी से कदम बढाएगा। पूर्व में उज्जैन-देवास मार्ग पर स्थित दताना-मताना क्षेत्र में प्रस्तावित एयरपोर्ट को लेकर सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के बीच 1 नवंबर 2025 को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर एमओयू साइन किया गया था। इस समझौते के तहत 45 करोड की प्रारंभिक राशि एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया को दी जा चुकी है। इसके बाद तकनीकी प्रक्रिया शुरू हुई और मिट्टी परीक्षण भी कराया गया। शुरूआती योजना के अनुसार रनवे 1800 मीटर का होना था, लेकिन अब इसे दोगुना कर करीब 4000 मीटर करने का प्रस्ताव है, ताकि बोइंग सी-20 जैसे बड़े विमानों का संचालन संभव हो सके। इसके बनने से उज्जैन की इंदौर पर निर्भरता खत्म होगी और पर्यटन के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

**उज्जैन एयरपोर्ट परियोजना**

स्थान
दताना-मताना, उज्जैन-देवास मार्ग

जमीन अधिग्रहण
**करीब 400 एकड़**

रनवे लंबाई
**3600 से 4000 मीटर**

### धराशाई भवनों से क्षेत्रवासी चिंता में आए ,रात डेढ बजे घरों में लाईट आई, क्षेत्रीय नागरिकों के अनुसार खोदे गए गड्डों से पानी का जमाव होने पर पुराने मकानों की नींव हुई कमजोर

# नगर निगम ने दूसरे दिन भी दो भवन गिराए



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

ढाबा रोड चौडीकरण में सोमवार देर शाम दो बहु मंजिला मकान आकस्मिक रूप से धराशाई हो गए थे। इनसे सडक के दुसरे छोर का मकान भी प्रभावित हुआ था। देर रात को ही नगर निगम इस मामले में सक्रिय हुआ और क्षेत्र से मलबा हटाने का काम किया गया। इसके साथ ही रात डेढ बजे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था बहाल हो सकी। मंगलवार को दुसरे दिन भी नगर निगम ने दो गिराउ मकानों को धराशाई किया है।

गेबी साहब की गली के नजदीक दो बहुमंजिला मकानों के धराशाई होने के बाद क्षेत्र के रहवासी चिंता में आ गए थे और उनमें भय की स्थिति निर्मित हो गई थी। मकानों के धराशाई होने के उपरांत रात में ही नगर निगम का अमला क्षेत्र में पहुंचा और यहां काम की शुरूआत की गई। रात में ही सडक से धराशाई मकानों का मलबा हटाया गया। इस बीच विद्युत विभाग की टीम ने मकानों के धराशाई होने के दौरान घरों में सप्लाय दी जाने वाली क्षतिग्रस्त लाईन को देर रात दुरूस्त कर दिया। रात डेढ बजे क्षेत्रीय घरों की लाईट पूनः चालू कर दी गई थी।

### दो मकान और धराशाई किए

मंगलवार को क्षेत्र में कमजोर हो गए दो मकानों को नगर निगम के दल ने अधिकारियों की उपस्थिति में धराशाई किया है। प्रभारी भवन अधिकारी राजकुमार राठौर के अनुसार मंगलवार को धराशाई किए गए दोनों मकान काफी कमजोर हो गए थे। उनके कभी भी गिरने की स्थिति को देखते हुए गिराया गया है। पूर्व से ही इन मकानों को खाली करवा लिया गया था। बेरिकेडिंग कर दी गई थी। चौडीकरण में ये मकान भी शामिल थे। क्षेत्र से मलबा भी हटवा दिया गया है।

### नींव में पानी पहुंचने से कमजोर हुए मकान

क्षेत्रीय रहवासियों का कहना है कि चौडीकरण के काम को खोलने के बाद एक लंबा अंतराल दे दिया गया था। इसके चलते क्षेत्र में मकानों के आगे खोदे गए गड्डों में पानी का जमाव नींव के स्तर पर था।इस कारण से मकानों की नींव में पानी जमता रहा और पुराने कमजोर मकान नींव छोडने की स्थिति बनने लगी है। खोदे गए गड्डों में बराबर पानी का जमाव अब भी है। इस कारण से मच्छर भी बूरी तरह से पनप रहे हैं।

### पेयजल की समस्या भी

क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि चौडीकरण के कारण क्षेत्र में प्रदाय किया जाना वाला पेयजल भी गंदा मिल रहा है। इसके कारण से क्षेत्र के नागरिकों को पानी की केन से पानी खरीद कर मंगवाना पड रहा है।

### निगमायुक्त पहुंचे चौडीकरण मार्ग

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सोमवार रात्रि को निगम अधिकारियों के साथ कोयला फाटक - निजात पूरा -कंठाल मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया है। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों पर पानी एकत्रित नहीं होने दे, नाली निर्माण के दौरान नालियों पर अतिक्रमण ना हो इस बात का ध्यान रखा जाए। कोतवाली रोड पर खुदाई का कार्य प्रचलित है जहां नाली निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करें। इस बात का भी ध्यान रखें कि जहां पर भी मार्ग चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है जिन क्षेत्रों के गिराऊ भवनों को चिन्हित करते हुए उन्हें तत्काल हटाया जाए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति एवं जन हानि ना हो।

# विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में छात्रा के साथ छेड़छाड़

### छात्रों ने कुलसचिव कार्यालय घेरा, पुलिस से की सुरक्षा की मांग



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में फोरेंसिक विभाग के छात्रों ने परिसर में सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन किया है। मंगलवार को एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ की शिकायत के बाद छात्रों ने कुलसचिव कार्यालय का घेराव किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराने और पेट्रोलिंग बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

### घटना से आहत छात्रा ने की शिकायत

विश्वविद्यालय परिसर में हुई छेड़छाड़ की घटना से आहत होने के कारण पीड़ित छात्रा ने मीडिया के सामने आने और कोई बयान देने से इनकार कर दिया है। कुलसचिव ने पुलिस के पास लिखित शिकायत दर्ज कराई है और कहा फिलहाल आरोपी की पहचान नहीं हो पाई है, यह जांच का विषय है।

### असामाजिक तत्वों से असुरक्षित महसूस कर रहे स्टूडेंट्स

विश्वविद्यालय के छात्रों का आरोप है कि परिसर में असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे छात्र-छात्राएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस समस्या को लेकर छात्र कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा से मिले और पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस प्रशासन से परिसर में नियमित रूप से कम से कम तीन बार पेट्रोलिंग करने का अनुरोध किया है, ताकि भविष्य में फिर से ऐसी कोई घटना नहीं हो सके।

## गुरु तेगबहादुर के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा फ्रीगंज में हुआ कीर्तन दीवान

**उज्जैन।** सिख पंथ के नौंवे गुरु तेगबहादुर साहिब का प्रकाश पर्व मंगलवार को गुरुद्वारा साहिब सुखसागर में मनाया गया। गुरुद्वारा सुखसागर के अध्यक्ष चरणजीत सिंह कालरा के अनुसार सुबह 9.30 बजे अखंड पाठ की समाप्ति हुई। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। सुबह 10 से 11 बजे तक सुखमणि साहब का पाठ हुआ तथा 11 से दोपहर12 बजे तक कीर्तन दीवान आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान अटूट लंगर का वितरण भी किया गया। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष इकबाल सिंह गांधी ने कहा कि गुरु तेगबहादुर साहिब का जीवन धर्म और मानवता की रक्षा, त्याग, तपस्या और बलिदान की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने बताया कि गुरु के आदर्श यह संदेश देते हैं कि सत्य, धर्म और मानव अधिकारों की रक्षा के लिए हर परिस्थिति में अडिग रहना ही सच्ची वीरता है। सिख समाज के प्रवक्ता एसएस नारंग ने कहा कि गुरु के बलिदान से यह संदेश मिलता है कि धर्म रक्षा सबसे बड़ा कर्तव्य है, चाहे इसके लिए अपना बलिदान ही क्यों न देना पड़े।

नारंग के अनुसार गुरु तेगबहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस पर सिख समाज ने विक्रम विश्वविद्यालय के कृषि विभाग परिसर में गुरु का बाग में 350 पौधों का रोपण किया था, जिसमें उन्होंने अपने पिता की स्मृति में भी पौधारोपण किया था। इसी क्रम में 8 अप्रैल को गुरु का बाग में सिख समाज द्वारा सांकेतिक रूप से पौधारोपण किया गया। बाबा त्रिलोचन सिंह सरपंच, पुरुषोत्तम सिंह चावला, जसवंत सिंह मक्कड़ और सतनाम कौर बिग ने संगत से कार्यक्रमों में सहभागिता का अनुरोध किया है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निगम की नर्सरी में स्थित

# प्राचीन बावड़ी की सफाई के लिए चलेगा विशेष अभियान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रदेशभर में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर निगम उज्जैन द्वारा विशेष पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार 19 मार्च से 30 जून तक चल रहे इस अभियान के तहत नदियों, तालाबों, कुओं और बावड़ियों की सफाई एवं संरक्षण कार्य निरंतर जारी है।

इसी क्रम में मंगलवार को नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 50 स्थित ऋषि नगर में निगम की विशाल नर्सरी परिसर में मौजूद प्राचीन बावड़ी की सफाई हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में नगर निगम के अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, संदीप शिवा, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल सहित अन्य अधिकारियों और आईईसी टीम के सदस्यों की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर बावड़ी की सफाई कार्य का निरीक्षण किया और इसे बेहतर तरीके से संरक्षित करने के निर्देश दिए।

यह प्राचीन बावड़ी नर्सरी के लिए महत्वपूर्ण जल स्रोत है, जिसका उपयोग पौधों की सिंचाई में किया जाता है। लंबे समय से सफाई के अभाव में इसकी स्थिति प्रभावित हो रही थी, जिसे सुधारने के लिए यह अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बावड़ी के जीर्णोद्धार के साथ ही इसमें फाउंटेन शुरू करने के निर्देश भी दिए, जिससे इसकी उपयोगिता के साथ-साथ सौंदर्य भी बढ़ाया जा सके।

अभियान के दौरान उद्यान विभाग के प्रभारी दीपक शर्मा, सहायक यंत्री मनोज राजवानी, जितेंद्र पाल सिंह जादौन एवं अन्य तकनीकी स्टाफ उपस्थित रहे।

### यूएमसी सेवा ऐप से घर बैठे बनेंगे प्रमाण पत्र, जमा होंगे टैक्स, शिकायतों का होगा त्वरित समाधान

# यूएमसी सेवा ऐप से घर बैठे मिलेंगी निगम की सेवाएं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नगर निगम द्वारा शहरवासियों की सुविधाओं को आसान बनाने और शिकायतों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से 'यूएमसी सेवा ऐप' तैयार किया गया है। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर विकसित इस ऐप में नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक अपडेट भी किए गए हैं, जिससे अब अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन घर बैठे ही प्राप्त की जा सकेंगी।

इस मोबाइल एप के माध्यम से नागरिक जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रॉपर्टी टैक्स, जलकर भुगतान सहित कई महत्वपूर्ण सेवाओं का लाभ डिजिटल माध्यम से आसानी से उठा सकेंगे।




नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराए गए इस ऐप के जरिए नागरिक अपने मोहल्ला, वार्ड एवं जोन से जुड़ी शिकायतें भी दर्ज कर सकते हैं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग, स्ट्रीट लाइट (प्रकाश विभाग), कचरा गाड़ी ट्रैकिंग, नजदीकी सुविधा घर की जानकारी, कम्युनिटी हॉल बुकिंग और महाकाल लाइव दर्शन जैसी सुविधाएं भी इसमें शामिल हैं।

एप की खास बात यह है कि शिकायत दर्ज होने के बाद उसकी स्थिति की पूरी जानकारी पारदर्शिता के साथ एप पर उपलब्ध रहेगी। शिकायत के निराकरण के बाद नागरिकों से संतुष्टि फीडबैक लेकर ही उसे बंद किया जाएगा, जिसे एप और सोशल मीडिया पर भी दर्ज किया जाएगा।

शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए यूएमसी सेवा ऐप के तहत एक कंट्रोल रूम और कॉल सेंटर भी स्थापित किया गया है, जहां विशेष टीम द्वारा पूरे सिस्टम की निगरानी की जाएगी। यह ऐप स्वच्छ भारत मिशन के मापदंडों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

नगर निगम का उद्देश्य है कि उज्जैन के नागरिकों को सभी सेवाएं सरल, पारदर्शी और डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराई जाएं, ताकि शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका



## न्यूज ब्रीफ

### अशासकीय और निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध

**इंदौर।** इंदौर जिले में भू-जल स्तर में गिरावट को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा ने अशासकीय/निजी नलकूप खनन पर आगामी 30 जून तक के लिए प्रतिबंध लगाया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इंदौर के शहरी एवं सम्पूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों को जल अभावग्रस्त क्षेत्र भी घोषित किया गया है। यह प्रतिबंध कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (जलप्रदाय) नगर पालिक निगम इंदौर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर लगाया गया है। प्रतिवेदन में बताया गया कि इन्दौर शहर में भू-जल स्त्रोतों का अतिदोहन होने से पेयजल स्त्रोतों/नलकूपों का जलस्तर तेजी से गिर रहा है।

### अग्नि दुर्घटना से बचाव हेतु कलेक्टर कार्यालय में मॉक ड्रिल आयोजित

**इंदौर।** अग्नि दुर्घटनाओं से प्रभावी बचाव एवं त्वरित राहत कार्यों के उद्देश्य से इंदौर जिले में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत आज कलेक्टर कार्यालय में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल के माध्यम से आग लगने की स्थिति में किए जाने वाले राहत एवं बचाव कार्यों का पूर्वाभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान अधिकारी एवं कर्मचारियों को आग लगने के संभावित कारणों तथा ऐसी स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि आपात स्थिति में स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए किस प्रकार कार्य किया जाए।

### टिगरिया बादशाह क्षेत्र से 22 हजार लीटर सॉल्वेंट जब्त

**इंदौर।** जिला प्रशासन ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए टिगरिया बादशाह क्षेत्र के समीप एक गोदाम पर बड़ी कार्रवाई की। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर एसडीएम सुश्री निधि वर्मा के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने छापा मारकर भारी मात्रा में बिना लाइसेंस के संग्रहित सॉल्वेंट बरामद किया। कार्रवाई के दौरान गोदाम में करीब 22 हजार लीटर डिस्टिल्ड सॉल्वेंट अवैध रूप से रखा पाया गया। इसके अलावा मौके से आयल पेंट मिक्सर और पेंट रिमूवर भी मिले। जांच में सामने आया कि गोदाम संचालक के पास इन ज्वलनशील पदार्थों के भंडारण के लिए आवश्यक वैध लाइसेंस नहीं था। सबसे गंभीर बात यह रही कि गोदाम में किसी प्रकार के फायर सेफ्टी सिस्टम मौजूद नहीं थे।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

**इंदौर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में वरिष्ठजनों के लिए आयुष विभाग के सहयोग एवं आयुष राजपत्रित चिकित्साधिकारी संघ के साथ किया गया। शिविर में नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन शाखा इंदौर के चिकित्सकों ने वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. मीना भायल एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने बताया कि इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल 2026 की थीम ₹स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े रहें₹ है। यह थीम लोगों, जानवरों, पौधों और ग्रह के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए वैज्ञानिक सहयोग और सबूत-आधारित निर्णयों पर ध्यान केंद्रित करती है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि राजशांति आशियाना वृद्धाश्रम एयरपोर्ट रोड इन्दौर के 43 महिला-पुरुष वरिष्ठजनों को दिनचर्या, ऋतुचर्या, पौष्टिक आहार-विहार, रक्तचाप, मधुमेह, रक्ताल्पता आदि बीमारियों के कारणों पर चर्चा कर जागरूक किया गया।

### जनसुनवाई में राहत: इलाज और आजीविका के लिए मदद

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की विशेष उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार आयोजित इस जनसुनवाई में करीब 305 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें कई प्रकरणों पर मौके पर ही त्वरित कार्रवाई करते हुए जरूरतमंदों को राहत प्रदान की गई। जनसुनवाई के दौरान किसी को शिक्षा के लिए सहायता मिली तो किसी को इलाज हेतु आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया गया। कई हितग्राही अपने कार्य पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करने भी पहुंचे। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि जिन प्रकरणों में तत्काल सहायता संभव थी, उनमें तुरंत कार्रवाई की गई, जबकि राजस्व, पुलिस एवं अन्य विभागों से जुड़े मामलों को निराकरण हेतु समय-सीमा तय कर संबंधित अधिकारियों को भेजा गया है, ताकि समयसीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई में एक दिव्यांग युवक शुभम साहू का मामला सामने आया, जिसकी मोटराइज्ड व्हीलचेयर खंडवा से इंदौर की बस यात्रा के दौरान गुम हो गई थी। तत्काल उसकी आवश्यकता को देखते हुए उसे मोटराइज्ड व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

# पद पाकर काम नहीं करने वालों पर गिरेगी गाज

## युवा कांग्रेस ऐसे पदाधिकारियों की बना रही है सूची

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



मप्र में कांग्रेस पार्टी एक्टिव मोड में है। इसके लिए पार्टी की कोशिश है कि पूरा संगठन सक्रिय रहे इसको देखते हुए पार्टी अपने निश्चित पदधिकारियों की सूची बना रही इसी कड़ी में युवा कांग्रेस के जो निर्वाचित महसचिव-सचिव काम नहीं कर रहे हैं, उन्हें हटाया जाएगा।

इसकी रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर तैयार करके राष्ट्रीय संगठन को भेजी जाएगी। इनके स्थान उन युवाओं को अवसर दिया जाएगा, जो बिना पद के भी काम कर रहे हैं।

यह निर्णय प्रदेश कार्यकारिणी ने लिया है। वहीं, यह भी तय किया गया है कि 13 अप्रैल को जबलपुर में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन होगा, जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल होंगे युवा कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यश घनघेरिया ने तय किया था कि प्रत्येक पंचायत और वार्ड स्तर पर युवा कार्यकर्ताओं की टीम बनाई जाएगी। कई जगहों पर यह काम अभी तक नहीं हुआ है। इसकी जिम्मेदारी जिला अध्यक्ष से लेकर प्रभारी और प्रदेश पदाधिकारियों की थी।

मंगलवार को भोपाल में हुई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में इसकी समीक्षा की गई और यह तय किया गया कि ऐसे पदाधिकारी जो काम नहीं कर रहे हैं, उन्हें साकर उन युवाओं को अवसर दिया जाए जो बिना पद के भी काम कर रहे हैं। जिला प्रभारियों से रिपोर्ट तैयार कर राष्ट्रीय संगठन को भेजी जाएगी। उधर, बैठक में भोपाल के जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए अंकित दुबे का मामला भी उठा।

उन्होंने इस मामले में जल्द निर्णय करने की बात रखी। इस पर पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया कि प्रकरण को संगठन की निर्वाचन इकाई क्षेत्र रही है। उल्लेखनीय है कि अंकित दुबे पर कुछ पुलिस प्रकरण होने के कारण निर्वाचित होने के बाद उन्हें पद से हटाकर दूसरे स्थान पर रहे अमित खत्री को अध्यक्ष बना दिया गया था। बैठक में इसको लेकर नारेबाजी भी हुई।

### अनुशासनहीनता स्वीकार नहीं



बैठक में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपने कामकाज को लेकर पदाधिकारियों से फीडबैक मांगा था। इस पर टीकमगढ़ से आए कुछ पदाधिकारियों ने कह दिया कि आप पहले भी पूर्व अध्यक्ष कुणाल चौधरी के समर्थकों से मिलते थे और आज भी वही स्थिति है। हालांकि, इस प्रकरण को अनुशासनहीनता की श्रेणी में नहीं लिया गया, क्योंकि फीडबैंक अध्यक्ष ने ही मांगा था पर एक प्रकार से जो आरोप लगाए गए, वह संगठन की कार्यप्रणाली पर सवाल अवश्य उठाते हैं। प्रदेश संगठन ने साफ किया है कि सबको अपनी बात रखने का अधिकार है, मगर अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

### काम धीमी गति से चलने पर निर्माण एजेंसी पर 10 लाख की पेनल्टी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना का काम धीमी गति से चलने पर संभागायुक्त व मेला अधिकारी आशीष सिंह ने निर्माण एजेंसी पर 10 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई। चेतावनी भी दी कि यदि काम की गति नहीं बढ़ाई तो इससे बड़ी कार्रवाई होगी।सोमवार को मेला अधिकारी सिंह व कलेक्टर रौशन कुमार सिंह सिंहस्थ के कामों का निरीक्षण करने निकले थे। अधिकारी जब गंगेड़ी में कान्ह क्लोज डक्ट का काम देखने पहुंचे तो निर्माण एजेंसी के इंजीनियर ने कहा कि तेजी से कार्य किया जा रहा है। जबकि मौके पर एक क्रेन से ही कार्य किया जा रहा था। संभागायुक्त ने प्रतिदिन कार्य प्रगति की जानकारी ली तो भी वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इंजीनियर की तरफ से नलवा की साइड पर जहां तीन-चार क्रेन से काम किए जाने का दावा किया गया।


## माकडोन में बंद रहा बाजार, चौराहा पर रखा शव किया प्रदर्शन

# चाकू मारकर युवक की हत्या, दोस्तों का हुआ था विवाद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

माकडोन में सोमवार-मंगलवार रात ढाबे पर दोस्तों का विवाद होने की खबर मिलने पर पहुंचे युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, सुबह कस्बे में माहौल बिगड़ गया बाजार पूरी तरह से बंद रहा। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव चौराहा पर रख परिजनों ने आक्रोश व्यक्त किया। प्रशासन और पुलिस की समझाइश के बाद युवक का अंतिम संस्कार किया गया।

माकडोन के तनोडिया मार्ग पर मेघदूत ढाबे में राकेश, मुकेश और रोहित खाना खाने पहुंचे थे, जहां बैठे कुछ युवकों से उनका विवाद हो गया। राकेश, मुकेश ने ने अपने साथी लखन पिता जगदीश सोलंकी निवासी गंगा जलिया मोहल्ले को बुला लिया। इसी दौरान दूसरे पक्ष के युवको ने अपने साथियों को बुला लिया। मामला मारपीट में बदल गया और लखन सोलंकी पर चाकू से हमला कर दिया गया जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया हमला करने वाले भाग निकले। घायल हालत में लखन को उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी मौत हो गई। हत्या की खबर मिलते ही तनाव फैल गया। पुलिस सूचना मिलने पर ढाबे पर पहुंच गई थी, इस दौरान हमला करने वालों में शामिल शंकरसिंह, दिलीपसिंह, ईश्वरसिंह, वीरेंद्रसिंह, मनोहरसिंह और अन्य के शामिल होने की जानकारी सामने आई सभी हमलावर माकडोन के आसपास के रहने वाले थे जिनकी रात में तलाश की गई लेकिन सभी फरार होना सामने आए। सुबह मृतक के परिवार की महिलाओं ने रास्ता रोक प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और मकान तोड़ने की मांग की जाने लगी, इधर उज्जैन में पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव माकडोन लाया गया। जिसे मंडी चौराहा पर रख धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया। एसडीएम बृजेश सक्सेना, एसडीओपी भविष्य भास्कर, तहसीलदार नवीन चंद्र कुंभकार ने निष्पक्ष जांच और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, इसके बाद परिजनों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। मंगलवार शाम तक आरोपियों की तलाश में उनके ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी, परिजनों से पूछताछ कर गिरफ्तारी के प्रयास जारी थे।



**इनका कहना-**
ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे गए हैं, चाकू मारने वालों को चिन्हित किया गया है हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है जल्द ही सबको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
**प्रदीप सिंह राजपूत, एसएचओ माकडोन**

### सब्जी का ठेला लगाता था मृतक

बताया जा रहा है कि मृतक लखन सब्जी का ठेला लगाता था उसके दो भाई और पांच बहने हैं। परिवार मोगिया समाज से आता है वहीं हमलावर सोंधिया समाज से जुड़े हुए हैं, मृतक के परिजनों का आरोप था कि हमला करने वाले 007 गैंग चलते हैं पूर्व में भी विवाद हो चुका था, गैंग में आसपास के गांव में रहने वाले युवक भी शामिल है, 2 साल पहले भी विवाद होने पर गैंग के युवकों ने बाजार बंद कराकर दहशत फैलाई थी।

### 3 थानों का मौजूद रहा पुलिस बल

रात में हुई हत्या और सुबह तनाव की स्थिति बनने पर माकडोन थाना पुलिस बल के साथ तराना और कायथा पुलिस का बल भी पहुंच गया था। मृतक के परिजन को दी गई समझाइश और आरोपियों की गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद भी पुलिस क्षेत्र में तैनात रही, पुलिस की मौजूदगी देख कस्बे के लोग भी अपनी दुकान खोलने पहुंच गए थे।

### अप्रैल के पहले सप्ताह में गांधी नगर से रेडिसन चौराहा तक जल्द चलेगी मेट्रो

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मेट्रो परियोजना को लेकर एक बड़ी प्रगति सामने आई है। इंदौर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने कुल 11.26 किलोमीटर मेट्रो ट्रैक का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। यह उपलब्धि शहर के सार्वजनिक परिवहन ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। पिछले वर्ष मेट्रो के 5.69 किलोमीटर लंबे हिस्से पर ट्रेन संचालन की शुरूआत की गई थी, जिसे ट्रायल और सीमित संचालन के रूप में देखा गया। इस चरण में मिले सकारात्मक परिणामों के बाद अब मेट्रो कॉरपोरेशन रेडिसन चौराहा से गांधी नगर तक मेट्रो ट्रेन चलाने की यह विस्तार शहर के प्रमुख इलाकों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा और यात्रियों को तेज, सुरक्षित और सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराएगा।

मेट्रो परियोजना के प्रबंध निदेशक (एमडी) ने बताया कि कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी से इस रूट के लिए क्लीयरेंस पहले ही प्राप्त हो चुका है। अब अंतिम निर्णय राज्य शासन के स्तर पर लिया जाना बाकी है कि इस विस्तारित रूट पर नियमित रूप से मेट्रो ट्रेन का संचालन कब शुरू किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, सभी तकनीकी परीक्षण और सुरक्षा मानकों को पूरा कर लिया गया है। स्टेशन, ट्रैक, सिग्नलिंग और अन्य आवश्यक सुविधाओं को संचालन के लिए तैयार रखा गया है। जैसे ही शासन से हरी झंडी मिलेगी, यात्रियों के लिए यह सेवा शुरू कर दी जाएगी। इंदौर में मेट्रो सेवा शुरू होने से शहर में यातायात का दबाव कम होगा, प्रदूषण में कमी आएगी और लोगों को एक आधुनिक एवं विश्वस्तरीय परिवहन प्रणाली का लाभमिलेगा।

## डालर चने में मांग बढ़ी, नीलाम में टॉप क्वालिटी का डॉलर 8550 रुपए बिका

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शादी-विवाह का दौर शुरू हो रहा है। छोला भटूरा और सब्जी वालों की डालर चने में मांग आने लगी है। मंडी में नए डालर चने की आवक बढ़ चुकी है। मंडी नीलाम में टॉप क्वालिटी का डॉलर चना 8550 के भाव से फर्म गोविंद राम एंड संस ने खरीदा। डालर चने के कंटेनर 9700 के हो गए इस बार बारिश से डॉलर चना साइज में छोटा रह गया बड़ा और बोल्ड दाना कम आने से आगे का व्यापार क्वालिटी डिफरेंट में अटकता नजर आ रहा है। पूरे अप्रैल माह डालर चने की आवक में वृद्धि रहेगी। इस समय अरनिया, महुडी, ब्यावर, चंबल, तुलाहेड़ा और अन्य आसपास के ग्रामीण किसान डालर चना बेचने ला रहे हैं।

युद्ध के चलते अब यूरोपीय देश में डॉलर के कंटेनर भेजे जा रहे है। इसमें बांग्लादेश श्रीलंका और अन्य छोटे देश में बिकने की खबर है, लेकिन मुख्य व्यापार तो खाड़ी देश का होने से यहां का व्यापार पूरी तरह से जाम चल रहा है। निमाड़ डालर चने का प्रमुख उत्पादक क्षेत्र माना जाता है। कारोबारी रवि अग्रवाल ने बताया इस समय युद्ध के चलते डॉलर चना बेचा नहीं जा रहा है। मुख्य रूप से खाड़ी देश में ही डालर चना सप्लाई होता है। इस समय ग्वालियर, आगरा तरफ डालर चना कारोबारी भेज रहे है। वैसे व्यापार डालर चने का फीका ही बना हुआ है।

# जेल प्रशासन ने लागू की बंदियों के लिए नई व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मध्यप्रदेश की 73 उपजेलों में बंद बंदियों के लिए जेल प्रशासन ने नई व्यवस्था लागू की है। यह बंदियों के साथ उनके परिजनों के लिए भी राहत की बात मानी जा रही है। उपजेलों में बंद कैदियों को परिजन मुलाकात के दौरान, नमकीन, बिस्किट, मिठाई, पैक्ड अचार, सलाद, साबुन और पेस्ट उपलब्ध करवा सकेंगे। यह व्यवस्था 15 मार्च से शुरू हो गई है, हालांकि जेल मुख्यालय के अनुसार फिलहाल यह व्यवस्था ट्रायल के तौर पर हैं। इसके लिए सभी उपजेलों से जेल मुख्यालय ने फीडबैक भी मांगा है। अगर अच्छा रिस्पांस मिलता है तो आगे भी यह व्यवस्था लागू रहेगी।

बता दें कि दिसंबर 2016 तक मप्र की जेलों में बंदियों को परिजन मुलाकात के दौरान खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाते थे। परंतु भोपाल जेल से भागे सिमी कैदियों के बाद से इस व्यवस्था को बंद कर दिया गया था। हालांकि 2021 से केंद्रीय जेलों में कैंटीन लागू की गई है। जहां बंदी के परिजन द्वारा एक माह में 2-2 हजार कर दो बार में चार हजार रुपए जमा कराने पर बंदी को कैंटीन से सामग्री मिल सकती है। परंतु सब जेलों के बंदियों के लिए यह व्यवस्था नहीं थी। इस अवधि के बाद व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी। इसके लिए सभी उपजेलों को फीडबैक भी जिला मुख्यालय भेजना है। फीडबैक के आधार पर आगे योजना को बंद करने या जारी रखने पर निर्णय लिया जाएगा।

### तय रहेगी सामग्री की मात्रा, परिजनों का लगेगा आवेदन

जेल प्रशासन ने 15 मार्च 2026 से 14 मई 2026 तक दो महीने के लिए यह ट्रायल प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए परिजन को तीन प्रतियों के साथ एक आवेदन देना होगा। सामग्री की मात्रा भी समिति रहेगी। इसमें किसी भी पैक्ड बिस्किट, अचार सलाद का वजन 500 ग्राम रहेगा। साथ ही एक टूथब्रश, टूथ पेस्ट 100 ग्राम, नहाने का साबुन दो नग और चार नग कपड़े धोने का साबुन शामिल हैं। इसका मकसद है कि सब जेलों में बंदियों को जरूरी सामग्री मिलती रहे और साथ ही सुरक्षा भी बनी रहे।

## मौर्य समाज में भारी आक्रोश

# सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की प्रतिमा से अज्ञात लोगों ने की छेड़छाड़


दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में सम्राट श्री चंद्रगुप्त मौर्य जी की प्रतिमा के अपमान का मामला सामने आने के बाद मौर्य समाज में भारी नाराजगी फैल गई। मुराई मौर्य समाज क्षेत्र क्रमांक-1 के अध्यक्ष जयेश मौर्य ने थाना प्रभारी को शिकायत सौंपते हुए बताया कि 4 अप्रैल 2026 की रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रतिमा स्थल पर कचरा जलाया गया, जिससे प्रतिमा के चरणों के पास कालापन फैल गया। इतना ही नहीं, जले हुए कचरे की काली राख प्रतिमा के मुख पर मल दी गई, जिससे प्रतिमा का चेहरा काला दिखाई दिया और प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास भी किया गया।

शिकायत के अनुसार प्रतिमा स्थल पर अधजला कचरा भी मिला है। आसपास मौजूद ठेला संचालकों ने बताया कि देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने यह हरकत की। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिमा स्थल पर अक्सर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जहां नशाखोरी और अवैधानिक गतिविधियाँ होती रहती हैं। आरोप है कि यही तत्व आए दिन प्रतिमा स्थल की गरिमा भंग करते हैं।

घटना के बाद समाजजनों और क्षेत्रीय रहवासियों में भारी आक्रोश है। मौर्य समाज ने इसे समाज की आस्था और सम्मान पर हमला बताते हुए पुलिस से तत्काल जांच कर दोषियों को पकड़ने तथा कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। समाज के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े स्तर पर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से संदिग्धों की तलाश की जा रही है। में सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की प्रतिमा से छेड़छाड़, मौर्य समाज में भारी आक्रोश इंदौर में सम्राट श्री चंद्रगुप्त मौर्य जी की प्रतिमा के अपमान का मामला सामने आने के बाद मौर्य समाज में भारी नाराजगी फैल गई। मुराई मौर्य समाज क्षेत्र क्रमांक-1 के अध्यक्ष जयेश मौर्य ने थाना प्रभारी को शिकायत सौंपते हुए बताया कि 4 अप्रैल 2026 की रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रतिमा स्थल पर कचरा जलाया गया, जिससे प्रतिमा के चरणों के पास कालापन फैल गया।



### अधजला कचरा भी मिला

जले हुए कचरे की काली राख प्रतिमा के मुख पर मल दी गई, जिससे प्रतिमा का चेहरा काला दिखाई दिया और प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास भी किया गया। शिकायत के अनुसार प्रतिमा स्थल पर अधजला कचरा भी मिला है। आसपास मौजूद ठेला संचालकों ने बताया कि देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने यह हरकत की। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिमा स्थल पर अक्सर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जहां नशाखोरी और अवैधानिक गतिविधियाँ होती रहती हैं। आरोप है कि यही तत्व आए दिन प्रतिमा स्थल की गरिमा भंग करते हैं। घटना के बाद समाजजनों और क्षेत्रीय रहवासियों में भारी आक्रोश है। मौर्य समाज ने इसे समाज की आस्था और सम्मान पर हमला बताते हुए पुलिस से तत्काल जांच कर दोषियों को पकड़ने तथा कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुए अंकिता लोखंडे और विक्की जैन

**उज्जैन।** प्रसिद्ध टीवी एवं फिल्म अभिनेत्री अंकिता लोखंडे और अभिनेता विक्की जैन ने आज भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रातःकालीन भस्म आरती में दर्शन किए। इस दौरान दोनों बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए। उन्होंने नंदी हॉल से भस्म आरती देखी और जय श्री महाकाल का उद्घोष भी किया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से इंजीनियर शिवाकांत पांडे ने अंकिता लोखंडे और विक्की जैन का स्वागत एवं सत्कार किया। दर्शन के बाद अंकिता लोखंडे ने मीडिया से कहा- हम दोनों पहली बार भस्म आरती में शामिल हुए। मैं इंदौर से हूं और बचपन से कई बार महाकाल आई हूं लेकिन भस्म आरती का यह पहला अनुभव था। इसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। हम सोशल मीडिया या वीडियो में जो देखते हैं, उससे कहीं अधिक दिव्य अनुभव यहां मिला। बाबा महाकाल की प्रतिमा का तेज, उनकी आंखें और स्वरूप इतना प्रभावशाली है कि मुझे ऐसा महसूस हुआ जैसे शिवजी साक्षात प्रकट हों।

## न्यूज कालम



### श्रमायुक्त की अधिसूचना का पालन नही किया तो पुन: करेंगे आंदोलन

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों और समस्त प्रभावित टेक्सटाइल श्रमिकों की जिला श्रम अधिकारी के साथ महत्वपूर्ण वार्ता हुई। बैठक में श्रमायुक्त मध्य प्रदेश, इंदौर द्वारा 3 मार्च 2026 को जारी नवीनतम अधिसूचना के अनुसार 1 अप्रैल 2026 से 30 सितंबर 2026 तक लागू परिवर्तनशील महंगाई भत्ता सहित बढ़े हुए न्यूनतम वेतन का तत्काल अनुपालन, अप्रैल 2024 से लंबित एरियर भुगतान तथा बुरहानपुर टेक्सटाइल एसोसिएशन के साथ संयुक्त बैठक आयोजित करने की मांग रखी गई। बुरहानपुर मजदूर यूनियन अध्यक्ष ठाकुर प्रियांक सिंह ने कहा कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि लंबी चर्चा के बावजूद जिला श्रम अधिकारी की ओर से कोई ठोस निर्णय या लिखित आश्वासन नहीं दिया गया। श्रम अधिकारी ने केवल च्च्मामले को उच्चाधिकारियों को भेजनेज्ज की बात कही, जिससे श्रमिकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।मजदूर यूनियन प्रतिनिधि रुपेश वर्मा, बंटी अंकारे ने कहा कि बैठक में कोई निर्णय न निकलने से स्पष्ट है कि प्रशासन अभी भी उद्योगपतियों के पक्ष में खड़ा है। रुपेश वर्मा, जुनैद अली ने श्रमिकों से अपील करते हुए कहा कि वे एकजुट रहें और किसी भी आंदोलन के लिए तैयार रहें।

### समीपस्थ ग्राम भुलगांव में बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण का भूमिपूजन

**सनावद/बैड़िया।** मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत ग्राम बैड़िया एवं समीपस्थ ग्राम भुलगांव में बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया गया। विधायक सचिन बिरला और साथियों ने ग्राम बैड़िया में अनंत सेठ के घर से झंडा चौक होते हुए आंगनवाड़ी तक 399.64 लाख रु की लागत से बनने वाली 1 किमी लंबी सड़क एवं ग्राम भुलगांव में लाखन बाबा मंदिर से मोगावां रोड तक 446.42 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 2 किमी लंबी सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया। विधायक ने कहा कि ग्रामवासियों को लंबे समय से इन सड़कों के निर्माण की प्रतीक्षा थी। प्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार ग्रामवासियों की मंशानुरूप सड़कों के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध हैं। विधायक ने कहा कि सड़कें क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैं। सड़कों के निर्माण से आवागमन सुगम होता है और विकास की गति तीव्र होती है।

### उद्यानिकी फसलों के बीज का व्यापार लायसेंस प्राप्त करने के पश्चात ही करे

**बड़वानी ।** बीज नियंत्रण आदेश 1983 एवं मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 5 जनवरी 2007 में निहित प्रावधानों का अनुसरण करते हुए एतद् द्वारा समस्त उद्यानिकी फसलों के बीज विक्रताओं को सूचित किया जाता है, कि अधोहस्ताक्षरकर्ता से अनुज्ञप्ति (लायसेंस) प्राप्त करने के पश्चात ही उद्यानिकी फसलों के बीजों का व्यापार करे।बिना अनुज्ञप्ति (लायसेंस) प्राप्त किये उद्यानिकी फसलों के बीजों का विक्रय करते हुए पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। अधिक जानकारी हेतु जिला स्तर पर कार्यालय उप संचालक उद्यान एवं विकास खण्ड स्तर पर कार्यालय वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी से सम्पर्क करे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियो द्वारा स्थापना दिवस मनाया

**सनावद।** भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा सोमवार को भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर एवं साथियों ने भारत माता,पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और राष्ट्रसेवा,संगठन विस्तार एवं जनकल्याण का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा नेता प्रभात पंडित,केदार पंडित,प्रभात उपाध्याय,श्याम पुरोहित,सरोज इंगला,केतन गेहलोत,आनंद परवाल आदि उपस्थित थे।

### लायंस क्लब की नौवी डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस इन्दौर में संपन्न

**सनावद।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 की नौवीं डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस कारवां इंदौर में आयोजित की गई। कॉन्फ्रेंस का आयोजन क्लब के गवर्नर ला.अनिल खंडेलवाल के मार्गदर्शन एवं पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर जितेंद्रसिंह चौहान के आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर मतदान में इंटरनेशनल डायरेक्टर इंडोर्सी के लिए एरिया लीडर ला.कुलभूषण मित्तल,गवर्नर ला.जेपी त्रिपाठी,प्रथम वाइस गवर्नर ला.राम जाट एवं द्वितीय वाइस गवर्नर डॉ.राजेंद्र सोडानी बहुमत से निर्वाचित किए गए।मतदान में सनावद,बड़वाह, बेड़िया सहित 230 से अधिक लायंस क्लब के सदस्यों ने भाग लिया।लायंस क्लब ओंकारेश्वर अनंत के अध्यक्ष ला.मुश्ताक मलिक,क्लब संयोजक ला.जाकिर हुसैन अमी, सचिव ला.हरीश पुरोहित,वसीम शेख,बेड़िया लायंस क्लब बैड़िया के अध्यक्ष ला.लवकुश पटेल एवं ला.मनोज पटेल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के निर्वाचन पर हर्ष व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्ष की संघ यात्रा पर प्रमुख युवा गोष्ठी संपन्न



**बुरहानपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष की संघ यात्रा" कार्यक्रम के अंतर्गत 6 अप्रैल को अंतिम दिन "प्रमुख युवा गोष्ठी" का गरिमामय कार्यक्रम स्व.परमानंदजी गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह क्षेत्र प्रचारक मा. श्री प्रेम शंकर थे। श्री प्रेम शंकरजी ने युवाओं से अपने परिश्रम व पुरुषार्थ से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना समाज में व्याप्त निराशा व ग्लानि को दूर करने व समाज में नयीं चेतना का निर्माण हो इस हेतु हुई। संघ का समाज को संगठित करना यह भी प्रमुख लक्ष्य है।

# समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी की तारीख बार बार बढ़ाने पर किसानों में भारी रोष व्याप्त

### भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मनावर



समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी की तारीख बार बार बढ़ाने पर किसानों में भारी रोष व्याप्त है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जहाँ सरकार किसानों की आय को दोगुना से आठ गुना तक बढ़ाने की बात कर रही। कृषि कल्याण वर्ष मना रही है। मगर चिंता की बात है कि सहकारी बैंकों द्वारा 0 प्रतिशत ब्याज पर सेवा सहकारी संस्था की ड्यू डेट 28 मार्च के बाद नहीं बढ़ाए जाने पर किसानों को साल भर का 7 प्रतिशत ब्याज एवं 14 प्रतिशत दंड लग गया। इससे किसानों पर आर्थिक बोझ आ गया। क्योंकि सरकार ने गेहूँ खरीदी की तारीख 10 अप्रेल कर दी और सोसायटी के पैसे जमा करने की तिथि 28 मार्च को आगे नहीं बढ़ाया गया। ऐसे में किसान पैसे कहा से जमा करेंगे। बताया जाता है कि करीब 60 प्रतिशत किसान डिफॉल्टर हो गए हैं।

पिछले वर्ष के डिफाल्टर किसानों को सरकार द्वारा ब्याज की राशि वापस करने का वादा किया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ है। उक्त बात भारतीय किसान संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में व्यक्त करते हुए कहा कि गेहूँ के खापे (पराली) जलाने पर किसानों पर स्नद्धक्र करना बहुत ही गलत है। अन्नदाता को जेल भेजना एवं अर्थदंड लगना ठीक नहीं है। इससे तो यह प्रतीत होता है कि सरकार किसानों के प्रति गंभीर नहीं है। किसानों के साथ देशद्रोही जैसा व्यहवार किया जा रहा है। जो इस देश को अन्न उत्पादन कर देता है। हम देश के जवाबदार जन संघठन होने के नाते सरकार को यह चेतावनी देते हैं कि सरकार जब तक पराली के निष्पादन के लिए कोई स्थाई हल नहीं निकाल तब तक किसानों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाए।

किसानों ने दिन एक करके रात को कड़ाके की ठंड में मेहनत कर-के एवं सरकार के द्वारा उपलब्ध संसाधन से मध्य प्रदेश में गेहूँ का बंपर उत्पादन किया। इसलिए सरकार को 11 क्विंटल प्रतिबिघा के हिसाब से गेहूं की खरीदी समर्थन मूल्य पर करना चाहिए।

शासन प्रशासन को जानकारी हे कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी प्रतिवर्ष होती है तब भी बारदान की उचित व्यवस्था नहीं होना शासन की अक्षमता तथा घोर लापरवाही को दशार्ता है मगर जिसका दण्ड किसानों को भुगतना पड़ रहा है। इस लापरवाही पर जिम्मेदारों को चिन्हित करके उचित कार्यवाही की जाए। ग्रीष्म कालीन मूंग खरीदी का पंजीयन भी मप्र सरकार शीघ्र शुरू करे। मक्का की खरीदी समर्थन मुल्य पर की जावे 72 घंटे के अन्दर जेल हुए ट्रांसफार्मर को बदले जावे।गेहूँ खरीदी केन्द्र बढाये जावे एवं सिंघाना खरीदी केन्द्र सिंघाना उपमंडी में ही गेहूँ खरीदी की जावे। ग्राम खण्डलाई जागीर में गेहूँ खरीदी केन्द्र खोला जावें।



## गहन उत्खनन ने तालाबों के अस्तित्व पर गंभीर संकट खड़ा कर दिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ देपालपुर

पश्चिम रिंग रोड निर्माण परियोजना के तहत हातोद तहसील के ग्राम पालडी और सिकंद्री में किए जा रहे गहन उत्खनन ने दो प्रमुख पंचायत तालाबों के अस्तित्व पर गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। ग्रामीणों के आरोपों और स्थल की स्थिति के आधार पर सामने आया है कि पालडी में 35 से 40 फीट तथा सिकंद्री में 30 से 35 फीट तक खुदाई की गई है। यह गहराई सामान्य तालाब गहरीकरण मानकों से कई गुना अधिक बताई जा रही है, जिससे पूरे मामले ने तकनीकी, पर्यावरणीय और प्रशासनिक स्तर पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। ग्राम पालडी में ग्रामीणों के अनुसार चार पोकलैंड मशीनें और 15-16 हाइवा डंपर लगातार दिन-रात मिट्टी का उत्खनन और परिवहन कर रहे हैं।

स्थानीय किसानों का कहना है कि तालाब की मूल संरचना पूरी तरह बदल चुकी है। जिस स्थान पर पहले जलभराव और प्राकृतिक ढलान दिखाई देती थी, वहां अब गहरी खाईनुमा स्थिति बन गई है। तकनीकी विशेषज्ञों के अनुसार तालाब गहरीकरण का उद्देश्य जल धारण क्षमता बढ़ाना होता है, न कि उसे खनन क्षेत्र में परिवर्तित करना। सामान्यतः 8 से 12 फीट की सीमा में नियंत्रित उत्खनन किया जाता है।

# कलेक्टर ने जन सुनवाई में आवेदकों की सुनी समस्याएं, निराकरण के दिये निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



जिले मुख्यालय पर प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन कलेक्टर कार्यालय स्थित जनसुनवाई कक्ष में किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने एक एक कर नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।आज की जनसुनवाई में कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए। आज की जनसुनवाई के दौरान आवेदक श्री जेराम पिता चमलिया मण्डलोई निवासी ग्राम बडा उण्डवा, तहसील आलीराजपुर ने गिरवी रखे गए चांदी के आभूषण वापस दिलाने हेतु आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा आर्थिक सहायता की आवश्यकता के चलते साहूकार के पास कुल लगभग 1.5 किलोग्राम चांदी गिरवी रखकर 40 हजार रुपये उधार लिए थे। और उक्त राशि में से उन्होंने 20 हजार रुपये पूर्व में जमा भी कर चुके है। इसके बाद जब वह अपनी गिरवी रखी चांदी छुड़ाने के लिए साहूकार के पास गए, तो साहूकार ने चांदी वापस देने से इनकार कर दिया और कहा कि अब चांदी नहीं मिलेगी। साहुकार के पिता की मृत्यु हो चुकी है और उनसे संबंधित सभी लेखा-अभिलेख भी जल चुके हैं साथ ही साहूकार ने उन्हें भविष्य में चांदी मांगने से मना करते हुए दुकान से भगा दिया। आवेदक ने गिरवी रखी हुई चांदी वापस दिलवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने उक्त प्रकरण को गंभीरता से लिया।

# बैडमिंटन खिलाड़ी संजय पाटीदार और हरिओम राठौर की जोड़ी ने इतिहास रचा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

नगर के जानेमाने बेडमिंटन स्टार संजय पाटीदार और हरिओम राठौर ने बुरहानपुर बैडमिंटन प्रतियोगिता जीत कर इतिहास रच दिया है। पाटीदार और राठौर ने प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग में लगातार 48 मैच खेलकर बनाया मध्यप्रदेश का नया रिकॉर्ड बना दिया है। बुरहानपुर में आयोजित प्रतिष्ठित बैडमिंटन प्रतियोगिता में पाटीदार और राठौर की डबल्स जोड़ी ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए

50 वर्ष आयु वर्ग में विजेता का खिताब हासिल किया। इसके अलावा पाटीदार और राठौर की जोड़ी ने ४५ वर्ष आयु वर्ग और ३५ वर्ष आयु वर्ग में उपविजेता का पदक भी अपने नाम कर लिया।प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग में पाटीदार और राठौर ने कुल 48 मैच खेले। जो मध्यप्रदेश के बैडमिंटन इतिहास में किसी एक प्रतियोगिता में सबसे अधिक मैच खेलने का नया रिकॉर्ड है। दोनों खिलाड़ियों ने बिना थके पूरे समय अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखा, जो उनकी प्रतिभा,परिश्रम और दमखम का बेहतरीन उदाहरण है। पाटीदार और राठौर की शानदार उपलब्धि पर बैडमिंटन क्लब सनावद के सीएस प्रकोल्य,आशीष मित्तल,गणेश पटेल, राममगोविंद बेन,अर्जुन डावर, मयूर बनहानी, दुगार्शंकर पाटीदार, प्रकाश चौहान,सुभाष कोचर, सोमित मोरी,हार्दिक शर्मा, एससी मित्तल ने हर्ष व्यक्त किया है।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025-26 में संजय पाटीदार ने विभिन्न बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में लगातार पांचवीं विजय हासिल कर सनावद नगर का नाम रौशन किया है। पाटीदार द्वारा नगर के नवोदित खिलाड़ियों को बैडमिंटन खेलने का प्रशिक्षण भी दिया।

## ऑल इज वेल हॉस्पिटल ने आयोजित किया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

ऑल इज वेल हॉस्पिटल ने मंगलवार, 7 अप्रैल को स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कार्यालय में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया, जिसमें 50 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर में डॉ. अकरम खान (जनरल मेडिसिन) ने अपनी सेवाएँ दीं। शिविर में मरीजों की निःशुल्क ईसीजी (श्वष्ट्र), शुगर चेकअप, ब्लड प्रेशर और जनरल हेल्थ चेकअप जैसी सुविधाएँ प्रदान की गईं। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और सामान्य नागरिकों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे जी के कुशल दिशा-निर्देशन में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## लायंस क्लब अध्यक्ष जैन को मिला अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



लायंस क्लब के सक्रिय सदस्य एवं अधिवक्ता यश जैन को उनकी उत्कृष्ट सेवा, समर्पण एवं नेतृत्व क्षमता के लिए लायंस इंटरनेशनल द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु च्च्इंटरनेशनल प्रेसिडेंट सर्टिफिकेट ऑफ अप्रिसिएशनज्ज से सम्मानित किया गया है।

सम्मान लायंस इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ए.पी. सिंह द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सदस्यों को प्रदान किया जाता है। डिस्ट्रिक्ट के सभी अध्यक्षों के बीच मल्टीपल अध्यक्षीय अवॉर्ड हेतु स्थान प्राप्त किया। लायंस क्लब के लिए गर्व का विषय है।

इसी कॉन्फ्रेंस में क्लब के अन्य सदस्यों को भी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। रीजन चेयरपर्सन संतोष मेडतवाल को अंतरराष्ट्रीय सम्मान (प्रेसिडेंटल अवॉर्ड), पवन मोदी को मिशन 1.5 सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट योगदान हेतु अंतरराष्ट्रीय सम्मान (लीडरशिप अवॉर्ड) तथा अनिल धारीवाल को 7 नए क्लबों के गठन में विशेष योगदान के लिए (लीडरशिप अवार्ड) सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर जितेन्द्र सिंह चौहान, पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर कमलेश जैन एवं गेट एरिया वाइस लीडर कुलभूषण मित्तल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल खंडेलवाल एवं उनकी टीम द्वारा सभी को सम्मानित किया गया। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि सत्र २०२५-२६ में लायंस क्लब ने सेवा, सदस्यता विस्तार एवं संगठनात्मक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए नया इतिहास स्थापित किया है। अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने से लेकर विभिन्न अवॉर्ड प्राप्त करने तक क्लब ने हर क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह उपलब्धियों का क्रम सत्र की समाप्ति तक निरंतर जारी रहेगा तथा क्लब अध्यक्ष जैन एडवोकेट के नेतृत्व में लायंस क्लब आगे भी सेवा एवं नेतृत्व के नए आयाम स्थापित करता रहेगा।

## जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

**खरगोन ।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 7 अप्रैल को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आकांक्षा अग्रवाल, श्री प्रताप कुमार अगास्या, श्री लोकेश छापरे ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 77 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे। इस दौरान अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

# विधानसभा क्षेत्र में एक छात्रावास व विद्यालय भवन की मिली स्वीकृति

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर सुविधाओं का विस्तार होता जा रहा है ।विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रयासों से साढ़े पांच करोड़ से अधिक की स्वीकृति मिली है।क्षेत्र में एक छात्रावास व एक विद्यालय भवन की सौगात मिलने पर क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। विधायक डॉ पांडेय द्वारा विधानसभा क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थाओं को सुविधा सम्पन्न बनाने के उद्देश्य से विगत वर्षों से प्रयास किये जा रहे है।इसी कड़ी में अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के भवनविहीन होने पर डॉ पांडेय ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व मंत्री नागर सिंह चौहान को अवगत कराया।इसके अलावा जनजातीय क्षेत्र के नवीन छात्रावास की स्वीकृति का भी आग्रह किया है।

विधायक डॉ पांडेय के आग्रह को स्वीकार करते हुए अनुसूचित जाति कल्याण विभाग ने 50 सीटर जूनियर बालक छात्रावास पिपलौदा के लिए नवीन भवन की स्वीकृति प्रदान कर दी है।यह स्वीकृति लगभग 5 करोड़ रुपये की है।अन्य भवन में लंबे समय से संचालित हो रहे इस छात्रावास के लिए भवन स्वीकृत होने पर क्षेत्र में हर्ष है।इसी तरह विधायक डॉ पांडेय के प्रयास से विकासखण्ड के माध्यमिक विद्यालय रिंगनोद के लिए नवीन भवन की सौगात मिल गई है।यह भवन 51 लाख रुपये की लागत से निर्मित होगा। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व विधायक डॉ पांडेय के प्रयासों से महाविद्यालय पिपलौदा के लिए पहुँच मार्ग,बाउंड्रीवाल आदि कार्यो के लिए ढाई करोड़ रुपये एवं क्षेत्र के 18 विद्यालयों में फर्नीचर व अन्य सुविधाओं के लिए विधायक निधि से 8 लाख 22 हजार रु की राशि भी स्वीकृत की । विधानसभा क्षेत्र में शैक्षणिक सौगात मिलने पर भाजपा पदाधिकारियो ने क्षेत्र वासियों को बधाई देते हुए विधायक डॉ पांडेय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### 92 विद्यार्थियो को नि :शुल्क चशमे वितरित

**बड़वानी ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा सुरेखा जमरे एवं सिविल सर्जन डा मनोज खन्ना, डीपीएम बड़वानी डा विमलेश चोयल के मार्गदर्शन मे उप जिला कार्यक्रम प्रबन्धक (अन्धतव) श्री अनिल राठौर के नेतृत्व मे नेत्र सहायक दीपक सोनी, रविन्द्र टेकाम, जयनारायण कुशवाह द्वारा शासकीय उत्कृष्ट माध्यमि विद्यालय बड़वानी के 700 विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण किया गया । जिसमें 102 विद्यार्थियो को दृष्टिदोष पाया गया । 92 विद्यार्थियो को निःशुल्क चशमे वितरित किये गये ।

## भारतीय किसान संघ की बैठक किसान मंडी भवन में सम्पन्न हुई



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ महेश्वर

भारतीय किसान संघ तहसील कार्यकारिणी की बैठक किसान मंडी भवन में हुई जिसमें प्रांत प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार ने बैठक की शुरूआत भारत माता एवं भगवान बलराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं ध्वजा रोहण करके की गई। पाटीदार ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की पराली निष्पादन के बगैर किसानों पर एफ आई आर करना कहां का न्याय है। गेहूं तुलाई में सारी व्यवस्था प्रशासन करे। जिससे किसानों को समस्या ना आए।आज स्लाट बुक भी नहीं हो रहे हैं।सोसाइटी की ड्यु डेट 31 मई करे जिससे किसानों को 0 प्रतिशत ब्याज का लाभ मिले।तहसील की नियमित बैठक होना चाहिए। ग्राम समिति में हमारे चारों उत्सव बलराम जंयती, गौ माता पूजन,भारत माता पूजन एवं स्थापना कार्यक्रम मनाया जाना चाहिए ग्राम समिति भारतीय किसान संघ की प्रथम इकाई को मजबूत करना चाहिए प्रत्येक ग्राम समिति के गठन होने के पश्चात उसमें समिति का बोर्ड और नियमित रूप से समिति की बैठक होनी चाहिए और बैठक में स्थानीय लोग भी सम्मिलित होना चाहिए। प्रवास कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई सभी कार्यकताओं को मेरा गांव और मेरे दो गांव में प्रवास करना तहसील के द्वारा आगामी सदस्यता का लक्ष्य लिया गया।

## युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित

**बड़वानी ।**मध्यप्रदेश शासन के महत्वा कांक्षी कार्यक्रम जल गंगा संवर्धन अभियानके तहत जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था संयोगिता सामाजिक सेवा संस्था द्वारा एम.एस. डब्ल्यू. एव बी.एस. डब्ल्यू. के विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे जल संवर्धन से सम्बंधित छोटी छोटी डॉक्यूमेंट्री दिखाकर विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया गया ।

### मैंटेनेंस के कारण विद्युत बंद रहेगी

**बड़वानी ।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड बड़वानी के कनिष्ठ यंत्री (शहर) से प्राप्त जानकारी अनुसार 7 अप्रैल मंगलवार को प्रातः 7 से 11 बजे तक केव्ही डीआरपी फीडर पर मैंटेनेंस का कार्य किया जायेगा । जिस कारण से पाला बाजार, बोहरा मजिस्द, जैन मंदिर, कालका माता मंदिर, चंचल चौराहा, लक्ष्मी स्नेह नगर के व आसपास के क्षेत्र में विद्युत बंद रहेगी

## न्यूज -कॉलम

### ड्रग्स केमिकल के मुख्य आरोपी की बड़ी रिमांड अवधि

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना पुलिस ने क्राइम और सायबर टीम के साथ कार्रवाई करते हुए सिंथेटिक्स ड्रग्स बनाने के मामले का बड़ा खुलासा किया था। ड्रग्स बनाने के लिये मंगवाये गये 75 किलो केमिकल को जप्त कर 8.50 लाख नगद और बलेनो कार जप्त करते हुए मुख्य आरोपी अर्पित उर्फ सौरभ गुप्ता तिरूपति धाम एक्सटेंशन, रंजीत सिंह गरोठ और ओमप्रकाश शर्मा निवासी बडौद को गिरफ्तार किया था। अर्पित का कोर्ट में पेश कर पांच दिनों की रिमांड पर लिया गया था। वहीं दूसरे दिन रंजीत और ओमप्रकाश को पेश कर रिमांड मांगा गया था। मंगलवार को अर्पित का रिमांड खत्म होने पर उसे दोबारा कोर्ट में पेश कर रिमांड अवधि पांच दिन बड़वाई गई। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि पूछताछ में मुख्य आरोपी अर्पित से कई जानकारी मिली है। जिसके चलते एक टीम को डग-बडौद भेजा जा रहा है। संभावना है कि एमडीएमए ड्रग्स से जुड़े कुछ ओर लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है। वहीं रिमांड पर चल रहे रंजीत और ओमप्रकाश को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा। विदित हो कि पुलिस ने 3 अप्रैल को आगररोड स्थित अर्पित गुप्ता के कृष्णा मोटर्स गैरेज पर दबिश मारी थी। जहां से ड्रग्स बनाने का केमिकल ब्रोनोपोल, के साथ 2-ब्रोमो-4-मिथाइल प्रोपियोफिनोन जैसे घातक रसायन जप्त किये थे। जो अर्पित ने गुजरात-महाराष्ट्र से मंगवाये थे। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि घातक रसायन को ड्रग्स बनाने के लिये झालावाड़ में ठिकाने लगाया जाता था।

### हिरासत में जानलेवा हमले का एक आरोपी, 2 फरार

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के गरोठ मार्ग नीमनवासा में सोमवार रात पुराने विवाद में शुभम पिता सुन्दरलाल 24 साल नीमनवासा और बंटी पिता सदन महतो 21 साल निवासी पांड्याखेडी पर लक्ष्मण लौहार, सुरेन्द्र लौहार और बादल ने चाकू, पत्थर से हमला कर दिया था। शुभम चाकू के गहरे घाव लगने पर गंभीर घायल हो गया था। बंटी को पत्थर से चोंट लगी थी। दोनों को आधी रात उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया था। मामले में पंवासा थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी। मंगलवार को हमले में शामिल सुरेन्द्र लौहार को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ कर उसके 2 फरार साथियों की जानकारी जुटाई जा रही है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने वाले संजय मालवीय ने बताया कि दोनों घायल आरो प्लांट पर काम करते है। रात में गरोठ रोड से प्लांट बंद कर लौट रहे थे। वहीं पुलिस का कहना था कि घायल और हमलावरों के बीच 2 दिन पहले विवाद हुआ था। उस वक्त मामला शांत करा दिया गया था। रात में हुए विवाद के दौरान सुरेन्द्र को भी चोंट आई थी। जिसका अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया था।

### सड़क पार कर रही महिला को बाइक ने मारी टक्कर

**उज्जैन।** महिदपुर के नागोरी मोहल्ला में रहने वाली नबिहा फातिमा बाजार से पैदल घर लौट रही थी। उसी दौरान जमातखाने के सामने सड़क पार करते समय तेजगति से आये बाइक क्रमांक एमपी 45 झेड एल 3592 के चालक ने टक्कर मार दी। नबिहा फातिमा गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में महिदपुर पुलिस ने घायल महिला के परिवार में शामिल मुदस्सिर हुसैन की शिकायत पर बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है। दुर्घटना का एक अन्य मामला नागदा थाना क्षेत्र के ग्राम अलसी बालाजी स्थित इंटरनेशलन पब्लिक स्कूल के सामने हुआ। बाइक सवार निलेश पिता कन्हैयालाल शर्मा 21 साल निवासी ग्राम रूपेटा और रिश्तेदार किर्ती पति समरथ शर्मा 38 साल निवासी ग्राम बनवाडा को कार क्रमांक एमपी 13 सीबी 9944 के चालक ने टक्कर मार घायल कर दिया। दुर्घटना में दोनों के साथ सुखदेव पिता आनंदीलाल शर्मा 50 साल को भी चोंट आई है।

### कच्ची शराब के साथ पुलिस ने युवक को पकड़ा

**उज्जैन।** सर्कल भ्रमण पर निकली पंवासा थाना पुलिस को मक्सीरोड शंकरपुर क्षेत्र में एक युवक हाथ में प्लास्टिक की केन लेकर जाता दिखाई दिया। शंका होने पर उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने भागने का प्रयास किया, पुलिस ने उसे कुछ दूर पीछा कर पकड़ लिया। उसके पास केन की तलाशी ली गई तो उसमें दुर्गंधयुक्त जहरीली कच्ची शराब भरी होना सामने आई। पूछताछ में युवक का नाम दीपक पिता ईश्वर यादव निवासी पंवासा सामने आया। उसके पास से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद होने पर आबकारी की धारा 49-ए का प्रकरण दर्ज किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 278-7 | 457-6 |
| मेन बाजार | 379-9 | 470-1 |
| कल्याण नाइट | 228-2 | 345-2 |
| मिलन डे | 300-3 | 668-0 |
| मिलन नाइट | 178-6 | 346-3 |
| मधुर डे | 334-0 | 490-3 |
| मधुर नाइट | 356-4 | 369-8 |
| शुभांक | 1 5 | 6 |

# केन्द्रीय जेल में बंदियों ने नाली में छुपाकर रखा था मोबाइल

## तलाशी अभियान में पेन डाइव के साथ मिले 7 हजार रूपये नगद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में एक बार फिर बंदियों के पास प्रतिबंधित सामग्री मिलने का खुलासा हुआ है। जेल प्रशासन की टीम द्वारा चलाये गये तलाशी अभियान में की पेड मोबाइल, पेन डाइव, नगदी और जर्दा पुडिया मिली है। 3 बंदियों के खिलाफ जेल अधिनियम की धारा में कार्रवाई की गई है।

जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि खबर मिली थी कि जेल में कुछ बंदियों द्वारा मोबाइल का उपयोग किया जा रहा है। जिसमें वस्त्र गोदाम का इंचार्ज बनाये गये बंदी कुंदन पिता कैलाश की भूमिका भी है। मामला गंभीर होने पर जांच दल बनाया गया और तलाशी अभियान शुरू किया गया। इस दौरान गोदाम के पास नाली में छुपाकर रखा गया की पेड मोबाइल सीम लगा और एक पेन डाइव, 7 हजार के लगभग नगद राशि के



साथ जर्दा पुडिया मिल गई। जिसे जप्त किया, वस्त्र गोदाम इंचार्ज बंदी कुंदन के साथ मामले में 2 बंदी सुखविंदर पिता सुरेन्द्रसिंह और तुषार पिता राजेन्द्र की भूमिका संदिग्ध पाई गई। तीनों के खिलाफ जेल अधिनियम की धारा में मुलाकात रोकने, सेल में रखने और जेल ट्रांसफर का प्रस्ताव तैयार किया गया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### दुष्कर्म मामले में सजायाफ्ता है कुंदन

जेल प्रशासन के अनुसार वस्त्र गोदाम का इंचार्ज बनाये गये बंदी कुंदन को दुष्कर्म के मामले में सजा हुई है। वह मूलरूप से इंदौर का रहने वाला है। उसे पिछले माह पैरोल पर रिहा किया गया था, 13 मार्च को ही वापस लौटा था। वहीं सुखविंदर और तुषार उज्जैन के रहने वाले है। दोनों को हत्या के आरोप में सजा सुनाई गई है। कुंदन 7 साल से जेल में है। वहीं सुखविंद सा? चार साल और तुषार 7 साल की सजा काट चुका है। मोबाइल की कॉल डिटेल का पता लगाया जायेगा कि तीनों ने किन लोगों से बात की है। वहीं पेन डाइव की जांच होगी।

### प्रहरी के अंडरगारमेंट्स में मिला था जर्दा

कुछ दिन पहले ही केन्द्रीय जेल के प्रहरी नरेन्द्र चौधरी को जेल प्रशासन ने प्रवेश के दौरान पकडा था। जिसके अंडरगारमेंट्स में छुपाकर रखे गये जर्दा पाऊच मिले थे। प्रहरी के खिलाफ जेल विभाग की ओर से जांच शुरू कर जवाब मांगा गया था। इससे पहले भी कई प्रहरी मादक पदार्थ, मोबाइल और आपत्तिजनक सामग्री के साथ पकड़े जा चुके है। सख्ती के बाद भी प्रहरी और बंदियों द्वारा अनाधिकृत तरीके से सामग्री का उपयोग किया जाना सामने आ रहा है।

# इंदौर में छुपे थे हत्या आरोपी, घटनास्थल की कराई तस्दीक

## 6 दिन गिरफ्त में आये, आज कोर्ट में पुलिस करेगी पेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

लिफ्ट मांगने पर हुए विवाद में चाकू मारकर युवक की हत्या में शामिल 2 फरार आरोपियों को इंदौर से गिरफ्तार कर लिया गया। शाम को दोनों से घटनास्थल की तस्दीक कराई गई। आरोपियों का एक साथी पूर्व में पकड़ा जा चुका था।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के आगररोड से गुरूवार सुबह एक युवक की खून से सनी लाश मिली थी। मामला हत्या का सामने आया था और मृतक की पहचान आरिफ उर्फ भूरू पिता अब्दुल गफ्फार निवासी बेगमबाग के रूप में हुई थी। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने टीम गठित कर चंद घंटों में आरोपियों की पहचान करते हुए एक आरोपी मोनू उर्फ दीपांशु पिता नारायण बुंदेला 22 साल शिवशक्तिनगर को देवासरोड स्थित नागझिरी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया था। उसने लिफ्ट मांगने पर हुए विवाद में अपने साथी लक्की पिता पिता हेमू 22 साल और रेहान पिता रफीक मंसूरी 20 साल निवासी गांधीनगर के साथ चाकू मारना स्वीकार किया था। पुलिस ने लक्की और रेहान की तलाश में दबिश मारी, लेकिन दोनों फरार होना सामने आये, जिनकी तलाश में एक टीम लगातार ठिकाने तलाश रही थी। मंगलवार को खबर मिली कि दोनों इंदौर में है, थाना प्रभारी ने टीम रवाना की और लोकेशन ट्रेस कर दोनों फरार आरोपियों को अरविंदों अस्पताल के पास से गिरफ्तार कर लिया। उज्जैन लाने पर शाम को उन्हे घटनास्थल आगररोड ले जाया गया।



जहां घटना की तस्दीक कराई और उनके भागने वाले रास्ते की जानकारी प्राप्त की गई।

पुलिस अब दोनों से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद करने का प्रयास कर रही है। पूर्व में जेल भेजे गये मोनू से बाइक जप्त की गई थी। थाना प्रभारी के अनुसार गिरफ्त में आये दोनों आरोपियों को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।


### नाम परिवर्तन सुचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम सिद्धार्थ यादव SIDDHARTHYADAV था जो बदल कर Sidharth Yadav हो गया है अब मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाएगा

पता। 180, R.N.T. marg, abdalpura, Ujjain,



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण 1. दिनेश चौहान, 2. जितेन्द्र चौहान पुत्रगण रमेशचंद्र, निवासीगण-ग्राम नवाखेड़ा तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. के स्वामित्व व आधिपत्य की पैतृक कृषि भूमि सर्वे नं. 423/1/2 (एस) रकबा 0.4000 हे. जो कि आंवलिया पटवारी हल्का नंबर भूतिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है उक्त संपूर्ण कृषि भूमि पैतृक संपत्ति है जिस पर मेरे पक्षकारगण का भी 1/3 भाग में बराबर-बराबर स्वत्व, हित व अधिकार निहित है। वर्तमान में उपरोक्त कृषि भूमि मेरे पक्षकारगण के पिता रमेशचंद्र पिता दयारामजी के नाम से शासकीय रिकार्ड में दर्ज है। मेरे पक्षकारगण को ज्ञात हुआ है कि उक्त पैतृक कृषि भूमि सर्वे नं. 423/1/2 (एस) रकबा 0.4000 हे. को मेरे पक्षकारगण के पिता रमेशचंद्र पिता दयारामजी, निवासी-ग्राम नवाखेड़ा तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. के द्वारा विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें मेरे पक्षकारगण के द्वारा उक्त सर्वे नं. 423/1/2 (एस) रकबा 0.4000 हे. की कृषि भूमि को विक्रय करने में अपनी सहमति प्रदान नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में मेरे द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सर्वे नं. की कृषि भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, पेढ़ी आदि किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय या अन्य कोई संव्यवहार मेरे पक्षकारगण की सहमति व अनुमति के बगैर ना करें एवं वर्तमान जाहिर सूचना के पश्चात भी उक्त सर्वे नं. 423/1/2 (एस) रकबा 0.4000 हे. की कृषि भूमि को विक्रय किया जाता है या अन्य किसी प्रकार का कोई संव्यवहार किया जाता है तो उसकी जवाबादारी संव्यवहार करने वाली की होगी एवं ऐसा संव्यवहार वर्तमान जाहिर सूचना के प्रभाव में शून्य होकर मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचित हो। इति दिनांक- 07/04/2026

**महेश सूर्यवंशी, हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय एवं निवास-19/7, अशोक नगर**
**फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 8319189997**


### बिछाखेडी मार्ग पर दुर्घटना, पुत्र की मौत मां घायल

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम बिछाखेडी मार्ग पर मंगलवार को सड़क दुर्घटना में पुत्र की मौत हो गई और मां गंभीर रूप से घायल हुई है। मृतक पुत्र परिवार का एकलौता था। दुर्घटना के बाद चालक और उसके साथी कार छोड़कर भाग निकले थे।

घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि बिछाखेडी मार्ग पर दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। जहां सामने आया कि बाइक और कार के बीच टक्कर हुई है। बाइक पर ऋतिक पिता भरतलाल मालवीय 18 साल निवासी ग्राम हरसोदन मक्सीरोड थाना पंवासा और उसकी मां ममता मालवीय सवार थे। घटनास्थल पर ही ऋतिक की मौत हो चुकी थी। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान सामने आया कि उनकी बाइक को कार क्रमांक एमपी 04 सीवी 7845 ने टक्कर मारी थी। जिसका चालक और उसमें सवार कुछ लोग कार छोड़कर भाग निकले है। मामले में दुर्घटना का प्रकरण दर्ज कर मृतक युवक का पोस्टमार्टम कराया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार दुर्घटना की सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंच गये थे। मां की हालत नाजुक बनी हुई, जिसका उपचार उज्जैन के शासकीय अस्पताल के आईसीयू में चल रहा है। परिजनों ने बताया कि ऋतिक मामा के यहां शादी होने पर मां को लेकर ग्राम झीतरखेड़ी जा रहा था। ऋतिक की मौत होने से शादी वाले घर में भी मातम छा गया है। कार नम्बर के आधार पर पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है।

### पहले सौदा किया फिर किराये पर लेकर बेचा दिया ट्रक

**उज्जैन।** पिता-पुत्रों ने मिलकर पहले ट्रक का सौदा कर दिया। कुछ दिनों बाद उसी ट्रक को किराये पर लिया और कुछ महिनों बाद ठिकाने लगा दिया। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया। पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक सुनील रावत ने बताया कि अम्बर कालोनी में रहने वाले महेशप्रसाद तिवारी ने जनवरी 2025 में नलियाबाखल में रहने वाले शिवनारायण प्रजापत से ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 3310 का 4 लाख में सौदा किया था। अनुबंध के बाद ट्रांसफर फार्म 29-30 पर शिवनारायण ने पुत्र गोपाल प्रजापत के हस्ताक्षर कराये और ट्रक पुत्र के नाम होना बताया। महेशप्रसाद ने 4 लाख रूपये दे दिये। कुछ दिनों बाद शिवनारायण ने उक्त ट्रक 11 हजार रूपये प्रतिमाह किराये पर ले लिया। 3 माह तक किराया दिया। उसके बाद किराया देना बंद कर दिया। महेशप्रसाद तिवारी ने ट्रक वापस लौटाने को कहा तो पिता-पुत्र आनाकानी करने लगे। लम्बे समय तक ट्रक नहीं मिला तो मामले की शिकायत आवेदन के माध्यम से दर्ज कराई गई। पुलिस ने जांच के बाद मामले में 6 अप्रैल को पिता-पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 318 (4), 316 (2), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया। दोनों पिता-पुत्र को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो पता चला कि किराये पर ट्रक लेने के बाद 3 लाख रूपये में सुपर आटो गैरेज को स्कैप में बेच दिया था। प्रधान आरक्षक रावत के अनुसार ट्रक बेचने का खुलासा होने पर दोनों पिता-पुत्र को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. श्री भेरूसिंह पिता श्री मांगीलाल, जाति तेली एवं 2. श्रीमती सौरम बाई पति श्री भेरू सिंह, जाति तेली, कृषक व निवासीगण ग्राम खानदाखेडी तहसील तराना जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 63 रकबा 2.0300 हे., सर्वे नं. 64 रकबा 2.2200 हे. स्थित ग्राम खांदाखेड़ी तहसील तराना जिला उज्जैन कुल किता 02 कुल रकबा 4.2500 हे., भूमि को किराये / पट्टटे / लीज पर लेने का अनुबंध किया गया है। उपरोक्त अनुबंधकर्ता / पट्टाकर्ता की संपत्ति पर किसी व्यक्ति, शासकीय, अर्द्धशासकीय, निजी संस्था का हक, हिस्सा, कब्जा, कर्ज, डिक्री, चार्ज, मेंटेनेंस या अन्य किसी प्रकार का भार अथवा बोझ इत्यादि बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में सप्रमाण निम्नांकित पते पर सूचित करें, समयावधि पश्चात् सदर सम्पत्ति के पट्टा विलेख का पंजीयन करवा दिया जावेगा व किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।

दिनांक 07/4/2026

**अश्विन कुमावत,**
**16/1 भार्गव कॉम्लेक्स फ्रीगंज**
**उज्जैन मो. 9685166155**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड स्वामी नोमानुद्दीन शेख पिता निज़ामउद्दीन शेख, निवासी-21 कादरपुरा उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में भूखण्ड क्रमांक-8/6 मेसे पश्चिम दिशा का भूखण्ड भाग जो कि कमरी मार्ग गली क्रमांक-2 उज्जैन (म. प्र.) में स्थित हैं। भूखण्ड की पैमाईश में लम्बाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 36.00 फीट, चौडाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम 13.5 फीट होकर भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-486.00 वर्गफीट है। भूखण्ड की चर्तु:सीमा में-पूर्व दिशा में-शेष भाग भूखण्ड, पश्चिम दिशा में रास्ता आम गोन्सा दरवाजा, उत्तर दिशा में भूखण्ड का शेष भाग एवं दक्षिण दिशा में-भूखण्ड का शेष भाग स्थित है। उक्त पैमाईश व चर्तु:सीमा के मध्य स्थित भूखण्ड को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूखण्ड स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है शेष राशि का भुगतान कर, विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उक्त भूखण्ड़ पर भूखण्ड स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक-07.04.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड**
**उज्जैन मो. 94259-46659**



# मंदसौर से डोडाचूरा बेचने बड़नगर आया था युवक

## पुलिस ने किया गिरफ्तार, रिमांड पर पूछताछ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नशामुक्ति अभियान में बड़नगर पुलिस ने मंदसौर के युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से डोडाचूरा मिला। युवक बड़नगर कस्बे की फैक्ट्रियों में काम करने वाले पंजाबी लोगों को बेचने आया था।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि सोमवार-मंगलवार रात सूचना मिली थी कि ग्राम मौलाना ब्रिज के पास यात्री प्रतिक्षालय के सामने बिना नम्बर की बाइक पर एक युवक आया हुआ है। उसके पास मादक पदार्थ है और वह किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना पर एसआई सुरेन्द्रसिंह गरवाल की टीम को अलर्ट किया गया और प्रतिक्षालय के पास घेराबंदी की। लालरंग की शर्ट और काले पेंट में एक युवक दिखाई दिया। जिसने पुलिस को देख बिना नम्बर की बाइक से भागने का प्रयास किया। टीम ने उसे पीछा कर पकड़ा। उसके पास से बेग जप्त कर पूछताछ की गई। युवक ने



अपना नाम शिवराज पिता अर्जुनसिंह शक्तावत 21 साल ग्राम धाकड़ी थाना पिपलिया मंडी मंदसौर बताया। उसके बेग की तलाशी लेने पर उसमें डोडाचूरा भरा मिला, जो 3 किलो 125 ग्राम पाया गया। मामले में युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 का प्रकरण दर्ज किया गया। मंगलवार को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। बरामद डोडाचूरा 32 हजार और बाइक 90 हजार कीमत की है।

### आरोपी बोला पंजाबी लेने आते थे डोडाचूरा

बताया जा रहा है कि डोडाचूरा के साथ गिरफ्त में आये युवक ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि बड़नगर क्षेत्र की फैक्ट्रियों में बड़ी संख्या में पंजाबी लोग काम करते है। डोडाचूरा का सेवन उनके द्वारा किया जाता है। उन्हे ही बेचने आया था। प्रतिक्षालय के पास पंजाबी व्यक्ति आने वाला था। थाना प्रभारी के अनुसार युवक को डोडाचूरा उपलब्ध कराने और खरीदने वालों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### खाचरौद-तराना में मिले गांजा सप्लायर

अवैध मादक पदार्थ को लेकर 1 से 10 अप्रैल तक चलाये जा रहे अभियान में तराना थाना पुलिस ने अग्रवाल वेयर हाऊस के पास से 60 साल के मेहबूब पिता याद अली निवासी बड़ा बाजार कायथा को 425 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी रामनारायणसिंह भदौरिया ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। गांजा 6 हजार रूपये कीमत का है। खाचरौद पुलिस ने अकबर पिता उमर 38 साल निवासी पुराने थाने के पास को गिरफ्तार कर 574 ग्राम गांजा बरामद किया। पूछताछ में अकबर ने कबूला कि वह गांजा अंकुश पिता शशी निवासी नरसिंग मंदिर से लेकर आया था। थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया के अनुसार अंकुश का नाम सामने आने पर उसे भी सह आरोपी बनाकर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

# वैराग्य का असली अर्थ



मानव जीवन एक अदृश्य, लेकिन अत्यंत सक्रिय तत्व के इर्द-गिर्द घूमता है, और वह है मन। मन हमेशा किसी न किसी वस्तु, विचार या अनुभव से जुड़ा रहता है। हम जो देखते हैं, जो सुनते हैं, जो चाहते हैं या जो कुछ छोड़ देते हैं, उन सबका प्रभाव हमारे भीतर संचित होता रहता है। बाहरी दुनिया की वस्तुएं भले भौतिक हों, लेकिन उनका वास्तविक अनुभव मानसिक होता है। सुख, दुख, आकर्षण या विरक्ति, सब के सब मन के स्तर पर ही घटित होते हैं। मन की एक विशेषता है, यह स्थिर नहीं रह सकता। आज जो वस्तु हमें अत्यधिक आनंद देती है, वही कुछ समय बाद सामान्य लगने लगती है और मन किसी नए आकर्षण की ओर बढ़ जाता है। यह निरंतर परिवर्तन ही मन की प्रकृति है। संसार की हरेक वस्तु सीमित है। जिसका आरंभ है, उसका अंत निश्चित है। इसलिए कोई भी भौतिक वस्तु स्थायी सुख नहीं दे सकती।

फिर भी मनुष्य इस सच्चाई को अनदेखा कर देता है। वह उन्हीं वस्तुओं को अपने जीवन का आधार बना लेता है, जो क्षणिक हैं। कोई धन के पीछे भागता है, कोई प्रसिद्धि के, तो कोई संतान या संबंधों में अपने अस्तित्व का अर्थ खोजता है। ये सभी प्रयास मन को कुछ समय के लिए तो तृप्त कर सकते हैं, लेकिन अंततः खालीपन ही छोड़ जाते हैं। जब मन किसी वस्तु का लंबे समय तक आनंद नहीं ले पाता या उसे खोने का भय बढ़ जाता है, तो वह अनुभव पीड़ा में बदल जाता है। मनुष्य के भीतर एक गहरी चाह होती है, सुरक्षा और स्थायित्व की। जैसे कोई भी व्यक्ति रेत पर घर नहीं बनाना चाहता, वैसे ही मन भी किसी अस्थिर आधार पर टिकना नहीं चाहता। वह ऐसी नींव चाहता है, जो अडिग हो और समय के साथ न बदले। प्रश्न यह है कि क्या इस संसार में ऐसा कोई आधार है? उत्तर है-नहीं। एक पिता अपने पुत्र से अत्यंत प्रेम करता है। पुत्र एक सीमित अस्तित्व है। एक दिन उसे इस संसार से जाना ही है। यह विचार दुख का कारण बनता है, लेकिन वही पिता यदि अपने पुत्र को अनंत सत्ता की अभिव्यक्ति के रूप में देखने लगे, तो उसके प्रेम में गहराई तो होगी, पर भय कम हो जाएगा, क्योंकि अनंत को खोया नहीं जा सकता। जब यह दृष्टि विकसित होती है, तब मन धीरे-धीरे सीमित वस्तुओं के प्रभाव से मुक्त होने लगता है। इसका अर्थ यह नहीं कि हम संसार से दूर हो जाएं या अपने कर्तव्यों को छोड़ दें। इसका अर्थ है- हर वस्तु व संबंध के साथ संतुलित और सजग व्यवहार करना। यह दृष्टिकोण हमें जीवन के प्रति एक गहरी समझ देता है। तब कोई भी वस्तु या घटना हमारे मन को विचलित नहीं कर पाती।

**सम्पादकीय**

## सत्ताधीशों की मर्यादा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुख से निकले अपशब्दों की भर्त्सना होनी ही चाहिए। ऐसे शब्दों को नजरंदाज करना मुश्किल है। उन्होंने सत्ता नायक की मर्यादा का उल्लंघन किया है। दुनिया में अनेक नेता हैं, जो निजी तौर पर बहुत अपशब्द कहते हैं, किंतु जब वे सार्वजनिक बयान देते हैं, तब शब्दों का चयन बहुत सोच-समझकर करते हैं। अच्छे शब्द खुशी और आशा से भर देते हैं, जबकि बुरे शब्द घाव करते हैं। ट्रंप ने जो अपशब्द कहे हैं, उनसे न केवल ईरान, बल्कि अन्य तमाम संवेदनशील लोगों को दुख पहुंचा है। उनके अपशब्दों से ईरान के सम्मान को ठेस लगी है और इसका असर युद्ध-विराम के लिए होने वाली किसी भी वार्ता पर अवश्य पड़ेगा। फौरी नतीजा देखिए, ईरान के एक आला अधिकारी ने तल्खी से जवाब दिया है- ईरान अस्थायी युद्ध--विराम के लिए होर्मुज मार्ग को नहीं खोलेगा। क्या किसी अमेरिकी राष्ट्रपति को यह कहना शोभा देता है कि होर्मुज जलडमरूमध्य खोलो, पागलो, वरना तुम नरक में पहुंच जाओगे?

ईरान के अनेक नेताओं को अमेरिका और इजरायल ने मिलकर मारा है। ईरान के खुफिया प्रमुख भी मारे गए हैं, ऐसे में, तेहरान को न सिर्फ अपमानित किया जा रहा है, धमकाया भी जा रहा है। हालांकि, ट्रंप के गलत या हल्के बोल का असर यह हुआ है कि ईरान निडर होता जा रहा है। अमेरिका को यह ध्यान रखना चाहिए कि वह जिस तरह से ईरान को नुकसान पहुंचा रहा है, उसकी वजह से दोनों देशों के बीच लंबे समय तक दुश्मनी का माहौल बना रहेगा। डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर खुद अमेरिका में ही रहने वाले ईरानियों या ईरानी मूल के लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। इससे ईरान के उदारवादी लोगों में भी नाराजगी बढ़ रही है। कोई संदेह नहीं, नाराजगी की इस धधकती आग में ट्रंप के अपशब्द घी का काम करेंगे। आज दुनिया को आग बुझाने वाले नेता चाहिए, आग लगाने या उसमें घी डालने वाले नेताओं की हर हाल में मजम्मत होनी चाहिए। आश्चर्य नहीं, ट्रंप के अपशब्दों और दुर्व्यवहार की खुद अमेरिका में निंदा हो रही है। अमेरिकी नेता मार्जोरी टेलर ग्रीन ने, जो कभी ट्रंप की कट्टर समर्थक थीं, दोटूक कहा है - वह पागल हो गए हैं और आप सभी इसमें भागीदार हैं। बेशक, ट्रंप अब अमेरिका को महान नहीं बना रहे हैं, उसकी स्थापित छवि को बर्बाद कर रहे हैं। वह अपने वादे के खिलाफ जा रहे हैं। शायद इस कुंठा की वजह से भी उनकी भाषा बिगड़ रही है। स्वतंत्र अमेरिकी सीनेटर बर्नी सैंडर्स ने ट्रंप के अपशब्दों पर कहा है कि यह एक खतरनाक और मानसिक रूप से असंतुलित व्यक्ति की बकवास है। लोग याद कर रहे हैं कि लगभग छह दशक पहले अमेरिका में एक राष्ट्रपति लिंडन बेंस जॉनसन हुए थे, जो अक्सर अपशब्दों का इस्तेमाल करते थे।

### कमीशन लेकर किताबें बेच रहे प्राइवेट स्कूल

# किताबों के नाम पर कमीशन–शिक्षा या व्यापार?

शिक्षा को सदैव समाज की आत्मा, विकास का आधार और समान अवसरों का सेतु माना गया है। यह केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक के निर्माण की प्रक्रिया भी है। परंतु जब यही शिक्षा लाभ कमाने का साधन बन जाए, तो यह चिंता का विषय ही नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के लिए एक गंभीर चेतावनी बन जाती है। हाल ही में सामने आई खबर कि कुछ निजी विद्यालय 50 प्रतिशत तक कमीशन लेकर किताबें बेच रहे हैं, इस चिंता को और अधिक गहरा करती है। यह केवल एक प्रशासनिक अनियमितता नहीं, बल्कि शिक्षा के मूल स्वरूप पर सीधा आघात है।



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

आज शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। निजी स्कूलों की संख्या बढ़ी है, प्रतिस्पर्धा बढ़ी है, और साथ ही बढ़ा है शिक्षा का खर्च। लेकिन इस बढ़ते खर्च के पीछे यदि गुणवत्ता, बेहतर सुविधाएं और आधुनिक संसाधन हों, तो इसे एक हद तक उचित ठहराया जा सकता है। समस्या तब उत्पन्न होती है, जब शिक्षा के नाम पर अभिभावकों को अनावश्यक आर्थिक बोझ के नीचे दबाया जाने लगे। किताबों के नाम पर लिया जा रहा भारी कमीशन इसी प्रवृत्ति का एक उदाहरण है।

कई निजी विद्यालय अभिभावकों को यह निर्देश देते हैं कि वे केवल स्कूल द्वारा निर्धारित दुकानों से ही किताबें खरीदें या सीधे स्कूल परिसर से किताबें लें। यह स्थिति एक प्रकार का एकाधिकार (मोनोपॉली) पैदा करती है, जहां अभिभावकों के पास कोई विकल्प नहीं बचता। खुले बाजार में उपलब्ध सस्ती या वैकल्पिक पुस्तकों को खरीदने की स्वतंत्रता उनसे छीन ली जाती है। परिणामस्वरूप, उन्हें मजबूरी में अधिक कीमत चुकानी पड़ती है, जिसमें एक बड़ा हिस्सा कमीशन के रूप में शामिल होता है।

इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता का भी घोर अभाव है। अभिभावकों को यह नहीं बताया जाता कि किन आधारों पर इन पुस्तकों का चयन किया गया है, उनकी वास्तविक कीमत क्या है, और उन पर कितना अतिरिक्त लाभ जोड़ा गया है। कई बार तो यह भी देखा गया है कि एक ही विषय की पुस्तक हर वर्ष बदल दी जाती है, ताकि पुरानी किताबें किसी काम की न रहें और नई किताबें खरीदने के लिए अभिभावक बाध्य हों। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक शोषण को बढ़ावा देती है, बल्कि संसाधनों की अनावश्यक बबार्दी भी करती है। यह स्थिति केवल आर्थिक दृष्टि से ही चिंताजनक नहीं है, बल्कि यह शिक्षा के मूल उद्देश्य को भी कमजोर करती है। जब विद्यालय ज्ञान के केंद्र के बजाय लाभ कमाने के साधन बन जाते हैं, तो शिक्षा का मूल्य स्वतः ही गिरने लगता है। शिक्षक और विद्यार्थी के बीच का संबंध, जो कभी विश्वास और मार्गदर्शन पर आधारित होता था, धीरे-धीरे एक औपचारिक लेन-देन में बदलने लगता है। बच्चों के समग्र विकास की जगह संस्थान का आर्थिक लाभ प्राथमिकता बन जाता है।

अभिभावकों की स्थिति इस पूरे परिदृश्य में सबसे अधिक दयनीय हो जाती है। वे अपने बच्चों के भविष्य के लिए सर्वोत्तम शिक्षा चाहते हैं, लेकिन उन्हें बार-बार आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ता है। मध्यमवर्गीय और निम्नवर्गीय परिवारों के लिए यह बोझ और भी अधिक भारी हो जाता है। कई बार वे अपनी अन्य आवश्यकताओं में कटौती करके इन खर्चों को पूरा करते हैं। यह स्थिति सामाजिक असमानता को भी बढ़ावा देती है, जहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केवल उन लोगों तक सीमित होती जा रही है, जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं।

इस पूरे मुद्दे का एक और महत्वपूर्ण पहलू है–सिलेबस में बार-बार होने वाला बदलाव। हर वर्ष या दो वर्ष में पाठ्यक्रम में छोटे-मोटे बदलाव कर दिए जाते हैं, जिससे पुरानी किताबें अप्रासंगिक हो जाती हैं। यह बदलाव अक्सर शैक्षणिक आवश्यकता से अधिक व्यावसायिक हितों से प्रेरित प्रतीत होता है। यदि पाठ्यक्रम में वास्तव में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है, तो केवल किताबों के संस्करण बदलना और नई किताबें अनिवार्य करना कहीं न कहीं संदेह पैदा करता है। सबसे चिंताजनक पहलू है–शिक्षा विभाग की निष्क्रियता। नियम स्पष्ट रूप से कहते हैं कि कोई भी स्कूल अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। इसके बावजूद, यह प्रथा खुलेआम जारी है। इसका अर्थ यह है कि या तो नियमों का पालन नहीं हो रहा, या फिर उनके पालन को सुनिश्चित करने की इच्छाशक्ति का अभाव है। यह खामोशी कहीं न कहीं इस व्यवस्था को मौन स्वीकृति देती प्रतीत होती है।

यह भी आवश्यक है कि हम इस समस्या को केवल आलोचना तक सीमित न रखें, बल्कि इसके समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने की बात करें। सबसे पहले, शिक्षा विभाग को इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच करनी चाहिए और दोषी पाए जाने वाले संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। केवल चेतावनी या औपचारिक नोटिस पर्याप्त नहीं होंगे; आवश्यक है कि ऐसे मामलों में दंडात्मक कार्रवाई भी हो, ताकि एक स्पष्ट संदेश जाए।

दूसरे, किताबों की बिक्री में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। स्कूलों को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे कौन-सी किताबें क्यों निर्धारित कर रहे हैं और उनकी कीमत क्या है। यदि संभव हो, तो सभी किताबों की सूची ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाए, ताकि अभिभावक कहीं से भी उन्हें खरीद सकें। इससे एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी बनी रहेगी और कीमतों में अनावश्यक वृद्धि पर रोक लगेगी। तीसरे, सिलेबस में बार-बार होने वाले अनावश्यक बदलावों पर भी नियंत्रण होना चाहिए। यदि पाठ्यक्रम में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं है, तो किताबों को बार-बार बदलने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। इससे न केवल अभिभावकों का आर्थिक बोझ कम होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलेगा। चौथे, अभिभावकों को भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा। वे यदि संगठित होकर अपनी बात रखते हैं, तो इस प्रकार की प्रथाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। समाज के अन्य वर्गों, जैसे सामाजिक संगठनों और मीडिया को भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाना चाहिए।

अंततः, हमें यह समझना होगा कि शिक्षा कोई वस्तु नहीं है, जिसे मुनाफे के लिए बेचा जाए। यह एक सामाजिक दायित्व है, जो आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को निर्धारित करता है। यदि इस क्षेत्र में अनियंत्रित व्यावसायीकरण को बढ़ावा दिया गया।

## कपास का कफन

गुप्ता मेडिकल स्टोर के उस सबसे ऊंचे रैक पर, जहां रोशनी भी पहुंचने से कतराती थी, वह गुलाबी पैकेट पिछले बारह सालों से एक तपस्वी की तरह जमा हुआ था। उस पर जमी धूल अब महज मिट्टी नहीं, बल्कि एक ठोस पुरातात्विक परत बन चुकी थी जिसे खुरचने के लिए कार्बन-डेटिंग की जरूरत पड़ती। पैकेजिंग पर बनी उस मॉडल की मुस्कान अब फीकी पड़कर एक डरावनी रूहानी हंसी में तब्दील हो गई थी, मानो वह दुकान में आने वाले हर ग्राहक को अपनी बदकिस्मती पर चिढ़ा रही हो। जेन-जी की भाषा में कहें तो वह पैकेट उस दुकान का सबसे बड़ा रेड फ्लैग था, जो चिल्ला-चिल्लाकर कह रहा था कि मेरा अंत करीब है। उसका प्लास्टिक अब इतना चिपचिपा और गल चुका था कि अगर उसे गलती से छू लिया जाए, तो उंगलियों पर एक ऐसा केमिकल अवशेष रह जाता जो शायद आवर्त सारणी के किसी तत्व से मेल न खाता। उस रैक के कोने में बैठा वह पैकेट महज एक सैनिटरी प्रोडक्ट नहीं, बल्कि बैक्टीरिया और फंगस का एक आलीशान पेंटहाउस बन चुका था, जहां नमी और सड़न ने मिलकर अपनी एक अलग ही सल्तनत कायम कर ली थी। गुप्ता जी ने उसे कभी हटाने की जहमत नहीं उठाई, क्योंकि उनके लिए वह रैक का एक हिस्सा नहीं बल्कि दुकान की नींव का पत्थर बन चुका था।

उस पैकेट के भीतर का कॉटन अब रद्दी कागज की लुगदी जैसा सख्त और बेजान हो गया था, जो किसी भी जीवित त्वचा के संपर्क में आते ही उसे सैंडपेपर की तरह छील देने की कसम खा चुका था। उसकी सोखने की क्षमता अब शून्य से भी नीचे गिरकर एक ऐसे पत्थर में बदल गई थी, जिस पर पानी की एक बूंद भी गिरती तो वह शर्म से वहीं सूख जाती। वह पैकेट उस दौर का गवाह था जब इंटरनेट टूजी की रफ़्तार से रेंगता था, लेकिन आज के फाइवजी जमाने में उसकी मौजूदगी किसी ऐतिहासिक त्रासदी से कम नहीं थी। केमिस्ट के पास जब भी कोई नया ग्राहक आता, वह पैकेट अपनी धुंधली आंखों से उम्मीद भरी निगाहों देखता कि शायद आज उसे इस नर्क से मुक्ति मिलेगी। मगर उसकी बदबू और उस पर पड़े मकड़ी के जालों को देखकर आधुनिक लड़कियां अपना मुंह फेर लेतीं और अल्ट्रा-थिन या मेंस्ट्रुअल कप्स की मांग करके गुप्ता जी के विंटेज कलेक्शन का दिल तोड़ देतीं। उस पैकेट का पोस्टमार्टम किया जाता तो पता चलता कि उसके एडहेसिव ने अपनी पकड़ कब की छोड़ दी थी और वह अब महज एक मरा हुआ अवशेष था, जिसे दुकान की शेल्फ ने जबरदस्ती कंधा दे रखा था।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 08 अप्रैल 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:16 सूर्यास्त 18:41
वैशाख मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - षष्ठी 19:02 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - मूल दिन पूर्ण उपरांत मूल
योग - वरियान 17:09 उपरांत परिघ
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण धनु में रहेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 19 तारिख

**मेष-** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**वृषभ-** कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रमाद न करें।

**मिथुन-** दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। विवाद को बढ़ावा न दें।

**कर्क-** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं।

**सिंह-** बात बिगड़ सकती है। आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**कन्या-** थकान हो सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय में निश्चितता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**तुला-** प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**वृश्चिक-** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है।

**धनु-** सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। सभी ओर से सफलता मिलेगी। प्रमाद न करें।

**मकर-** राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। प्रमाद न करें।

**कुंभ-** सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है।

**मीन-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

**समसामायिक**

## मालदा में न्यायिक अधिकारियों का घेराव: लोकतंत्र पर गंभीर सवाल

पश्चिम बंगाल के मालदा में सात न्यायिक अधिकारियों का घंटों तक घेराव केवल एक प्रशासनिक घटना नहीं, बल्कि राष्ट्र की लोकतांत्रिक चेतना को झकझोर देने वाली गंभीर चेतावनी है। यह घटना उस खतरनाक प्रवृत्ति की ओर संकेत करती है, जहां भीड़ कानून से ऊपर खड़ी दिखाई देने लगती है और न्याय व्यवस्था स्वयं असहाय नजर आती है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी संस्थाएं होती हैं–विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। इनमें से यदि न्यायपालिका ही असुरक्षित हो जाए, तो यह केवल एक राज्य का संकट नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए चिंतन का विषय बन जाता है। मालदा में जो हुआ, वह रुल आफ लॉ के स्थान पर रुल आफ प्रेशर की बढ़ती मानसिकता को उजागर करता है।



राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)

इस घटना की जड़ में मतदाता सूची से जुड़े विवाद को बताया जा रहा है। विभिन्न पक्षों द्वारा यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि अवैध तरीके से रह रहे लोगों के नाम हटाए जाने को लेकर आक्रोश भड़का। हालांकि इन दावों की निष्पक्ष जांच आवश्यक है, लेकिन यह प्रश्न अत्यंत गंभीर है कि क्या चुनावी प्रक्रिया अब सामाजिक तनाव और टकराव का माध्यम बनती जा रही है? यह स्थिति केवल एक राज्य तक सीमित नहीं मानी जा सकती। देश के विभिन्न हिस्सों में नागरिकता, पहचान, मतदाता सूची और घुसपैठ जैसे मुद्दे समय-समय पर सामने आते रहे हैं। ऐसे में आवश्यक है कि इन विषयों पर भावनात्मक या राजनीतिक प्रतिक्रिया के बजाय तथ्यपरक, पारदर्शी और संवेदनशील समाधान खोजे जाएं। क्योंकि जब मुद्दे स्पष्ट नहीं होते, तब अफवाहें और उकसावे की राजनीति समाज को विभाजित करने लगती है। मालदा की घटना प्रशासनिक जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। आखिरकार न्यायिक अधिकारियों को इतनी लंबी अवधि तक असुरक्षित स्थिति में क्यों रहना पड़ा? क्या यह केवल लापरवाही थी, या व्यवस्था पर किसी प्रकार का दबाव? इन प्रश्नों के उत्तर केवल दोष तय करने के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं। यह भी समझना होगा कि भीड़ कभी स्वतःस्फूर्त नहीं होती - उसे दिशा दी जाती है, उसे भावनाओं के माध्यम से संगठित किया जाता है। यदि समाज समय रहते सचेत नहीं हुआ, तो ऐसी घटनाएं लोकतंत्र के लिए स्थायी खतरा बन सकती हैं।

**जांच और जवाबदेही की कसौटी :** घटना के बाद हुई प्रारंभिक गिरफ्तारियों और सामने आ रही सूचनाओं ने इस मामले को और गंभीर बना दिया है। कुछ आरोपितों के राजनीतिक जुड़ाव और संगठित भूमिका को लेकर भी चचाएं सामने आई हैं। हालांकि, अंतिम सत्य और जिम्मेदारी का निर्धारण केवल निष्पक्ष जांच - जैसे कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए या न्यायालय - के माध्यम से ही संभव है। ऐसे में यह आवश्यक है कि जांच एजेंसियां बिना किसी दबाव के पूरी सच्चाई देश के सामने लाएं, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह केवल आक्रोश था या किसी सुनियोजित रणनीति का हिस्सा। समाधान की दिशाः केवल आलोचना नहीं, मार्गदर्शन भी - न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रोटोकॉल लागू किए जाएं, संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित प्रतिक्रिया बल की प्रभावी तैनाती सुनिश्चित हो, चुनावी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और जनसंवाद को प्राथमिकता दी जाए तथा केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जाए।

**निष्कर्ष-** मालदा की यह घटना एक आईना है, जिसमें हमें केवल पश्चिम बंगाल नहीं, बल्कि पूरे देश की दिशा दिखाई दे रही है। यदि समय रहते हमने इससे सबक नहीं लिया, तो आने वाले समय में लोकतंत्र की नींव कमजोर हो सकती है। यह केवल एक खबर नहीं - एक चेतावनी है।

# अशोक खरात जैसे 'ढोंगी बाबाओं पर लगाम कब लगेगी ?

आखिरकार समाज में आस्था के नाम पर पनप रहे ऐसे अनगिनत 'ढोंगी बाबाओं पर लगाम कब और कैसे लगेगी यह गहरा प्रश्नचिन्ह गहरा रहा है। ऐसे में समाज में जागरूकता, कानून का सख्त पालन और सामाजिक जिम्मेदारी साथ-साथ नहीं चलेंगे, तब तक ऐसे मामले सामने आते रहेंगे। हाल के समय में अशोक खरात (कैप्टन बाबा) को लेकर जो आरोप और विवाद सामने आए हैं, उन्होंने समाज में गहरी चिंता पैदा की है। खुद को धार्मिक या सामाजिक नेता बताने वाले ऐसे व्यक्तियों का आचरण जब नैतिकता और कानून के दायरे से बाहर जाता है, तो वह न केवल अपने अनुयायियों का भरोसा तोड़ता है बल्कि पूरे समाज को बदनाम करता है।



सौरभ वार्ष्णेय
(दैनिक अवन्तिका)

कहा जाता है कि बाबा के नाम पर लोगों की आस्था का फायदा उठाकर कई तरह की अनियमितताएँ और शोषण किए जाते हैं। यदि इन आरोपों में सच्चाई है, तो यह न केवल व्यक्तिगत अपराध है बल्कि समाज की संवेदनाओं के साथ धोखा भी है। आस्था का स्थान हमेशा पवित्र माना गया है, और जब उसी का दुरुपयोग होता है, तो उसका असर व्यापक होता है।ऐसे मामलों में सबसे बड़ी जिम्मेदारी कानून और प्रशासन की होती है कि वे निष्पक्ष जांच करें और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करें। साथ ही समाज को भी जागरूक रहने की जरूरत है, ताकि अंधभक्ति और बिना जांच-पड़ताल के किसी के पीछे चलने से बचा जा सके। यदि कोई व्यक्ति समाज सेवा या धर्म के नाम पर गलत कार्य करता है, तो वह सच में समाज के नाम पर कलंक ही कहलाएगा। ऐसे मामलों में सख्ती, पारदर्शिता और जागरूकता ही सबसे बड़ा समाधान है।

समाज में जब भी कोई स्वयंभू संत, बाबा या चमत्कारी व्यक्ति तेजी से प्रसिद्धि पाता है, तो उसके पीछे केवल आम लोगों की आस्था ही नहीं, बल्कि प्रभावशाली और रसूखदार लोगों का समर्थन भी बड़ा कारण होता है। अशोक खरात उर्फ 'कैप्टन बाबा' के मामले में भी यही सवाल उठता है कि आखिर वीवीआईपी लोग उनके पास क्यों जाते थे? सबसे पहले, आस्था और अंधविश्वास का मिश्रण इस प्रवृत्ति की जड़ में है। सत्ता और पैसे के शिखर पर बैठे लोग भी जीवन की अनिश्चितताओं–राजनीतिक भविष्य, स्वास्थ्य, परिवार या सत्ता की स्थिरता–को लेकर असुरक्षित महसूस करते हैं। ऐसे में वे चमत्कार या आशीर्वाद की तलाश में इन बाबाओं की शरण लेते हैं। दूसरा कारण है प्रभाव और नेटवर्किंग। कई बार ऐसे बाबा केवल धार्मिक व्यक्तित्व नहीं होते, बल्कि वे एक पावर हब बन जाते हैं, जहां नेता, अधिकारी और व्यवसायी एक-दूसरे से जुड़ते हैं। इस तरह उनके दरबार एक अनौपचारिक नेटवर्किंग मंच में बदल जाते हैं, जहां संपर्क बनाना आसान होता है।तीसरा पहलू है छवि निर्माण किसी लोकप्रिय बाबा के साथ दिखना कुछ नेताओं के लिए जनता के बीच धार्मिक और संस्कारी छवि बनाने का माध्यम बन जाता है। इससे वे अपने वोट बैंक को मजबूत करने की कोशिश करते हैं।चौथा और चिंताजनक कारण है व्यक्तिगत लाभ और संरक्षण की उम्मीद। कुछ लोग यह मानते हैं कि ऐसे बाबा उनके काम बनवा सकते हैं, समस्याएं सुलझा सकते हैं या उन्हें किसी तरह का आध्यात्मिक संरक्षण दे सकते हैं। यह मानसिकता लोकतांत्रिक और वैज्ञानिक सोच के लिए खतरनाक है।

लेकिन इस पूरे प्रकरण का सबसे गंभीर पहलू यह है कि जब वीवीआईपी स्तर के लोग ऐसे व्यक्तियों के पास जाते हैं, तो आम जनता में उनकी विश्वसनीयता स्वतः बढ़ जाती है।

**धर्म–आस्था**

# सत्य के रास्ते पर चलकर व्यक्ति बड़ी-बड़ी समस्या का समाधान आसानी से कर सकता है

भारत अपनी संस्कृति, आध्यात्मिकता, अहिंसा धर्मनिरपेक्षता,परमो धर्मा और सच्चाई की मूरत राजा हरिश्चंद्र इत्यादि अनेकों विशेषताओं के लिए विश्व प्रसिद्ध है। एक झूठ के पीछे सौ झूठ बोलना पड़ता है और झूठ के दलदल में मनुष्य घुसता चला जाता है। जिससे उसकी वर्तमान पीढ़ी तो ध्वस्त होती ही है पर आने वाली पीढ़ियों में भी यह दोष समाया रहता है। बात अगर हम सच्चाई की साक्षात मूरत राजा हरिश्चंद्र की करें तो,सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र सदैव सत्य बोलते थे। वह अपने सत्य और न्याय के लिए जाने जाते थे। इसलिए आज भी उनकी कहानियां बड़े सम्मान के साथ सुनाई जाती हैं।हमने अपने बड़े बुजुर्गों से अनेक कई किस्से सुने हैं।हम,आज की जनरेशन करीब-करीब हर सच्चाई वाली बात में इस महान मूरत का नाम जरूर जोड़तेहैं।हमारे बड़े बुजुर्गों से हमने कई वाक्य सुने हैं, जैसे सच्चाई छुप नहीं सकती बनावट के उसूलों से, सत्य की हार नहीं होती,सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं,सत्यमेव जयते।



किशन सनमुखदास
(दैनिक अवन्तिका)

हम सत्यमेव जयते इसकी करें तो हम अनेक शासकीय, अशासकीय स्थानों पर इसका उल्लेख जरूर देखते हैं। यही सत्य है कि हमेशा सत्य की विजय होती है। अगर हम भारतीय आध्यात्मिकता की करें तो हमें यही ज्ञान मिलता है कि सत्य वह दौलत है जिसे पहले खर्च करो फिर जिंदगी भर आनंद पाओ और झूठ वह कर्ज है जिससे क्षणिक सुख पाओ और जिंदगी भर उसे चुकाते रहो बिल्कुल सत्य वचन।

साथियों यह बात अगर मानव के हृदय में बस जाए तो वाह क्या बात है! हम पृथ्वी लोक में ही स्वर्ग के दर्शन कर सकेंगे।अगर हर भारतीय व्यक्ति चाहे वह सरकारी हो या शासकीय कर्मचारी, मंत्री हो या नेता, कार्यकर्ता हो या मालिक,सभी अगर सत्यता रूपी दौलत को पूरी निष्ठा से खर्च करें अर्थात ईमानदारी से अपनी अफसर शाही ड्यूटी, व्यापार-व्यवसायज दिनचर्या अर्थात जीवन के हर काम हर मोड़ पर सत्यता बरसाएगें तो वह खुद तो जीवन का आनंद जरूर पाएंगें परंतु उससे अधिक भारत को स्वर्ग जैसा सुंदर रचना बनाने में अहम रोल अदा करेगें। भारत एक अपराध मुक्त भारत की परिकल्पना में साकार होगा।कोई अदालत, पुलिस स्टेशन,जांच एजेंसियां नहीं होगी क्योंकि यह सब झूठ और अपराध को काटने के लिए ही बनाई गई हैं। साथियों बात अगर हम झूठ की करें तो हमने अपने व्यवहारिक जीवन में देखा होगा कि बेईमान, रिश्वतखोर, झूठा, भ्रष्टाचारी, धोखेबाज इत्यादि तरह के मानव कभी अपने जीवन में सुखी नहीं होते। चाहे कितना भी अवैध धन कमा लें,उनके पीछे परिवार का, उनके स्वास्थ्य का, मानसिक हालत हमेशा दुखों में बनी रहती हैउनके शरीर के नसों में झूठ रूपी खून दौड़ता है और इन नकारात्मक झूठे व्यवहारों से उनका क्षणिक आर्थिक सुख मिलता है परंतु उसके लिए उनको जीवन भर कष्टों में गुजारना पड़ता है। जितना क्षणिक सुख प्राप्त होता है वह ब्याज सहित याने अतिरिक्त दुख सहित यहीं इस जीवन में भोगना पड़ता है और फिर अंत में पछताते हैं के ऐसा क्यों हुआ,ऊपर वाले से क्षमा याचना करते हैं।पर कहते हैं ना कि जब चिड़ियां चुग गई खेत,अब पछतावे क्या होए??

साथियों बात अगर हम सत्य की गहराई की करें तो,सत्य दो प्रकार का होता है- एक व्यवहारिक सत्य और दूसरा वास्तविक। व्यवहारिक सत्य का अर्थ है जैसा देखा, जैसा सुना और जैसा अनुभव किया, उसको वैसा ही बोलना सत्य कहलाता है।व्यवहारिक सत्य में हो सकता है, जो एक के लिए सत्य है, वो दूसरे के लिए असत्य हो। वैसे तो हर व्यक्ति अपने मुताबिक अपना सत्य बना लेता है। यह व्यवहारिक सत्य, अनुभव, नजरिए और देश, काल के आधार पर अलग-अलग हो सकता है। इसलिए इसमें मतभेद की संभावना बनी रहती है। ईमानदार और न्यायवादी व्यक्ति ही सत्य का पालन करता है। यह देखा गया है कि जो लोग ईमानदार होते हैं वह सदैव सच बोलते हैं। झूठे बेईमान और मक्कार लोग सदैव असत्य का फायदा लेकर अपना काम बनाते हैं। हम ऐसे लोगों से बचना चाहिए जो अपने फायदे के लिए (झूठ) असत्य बोलते हैं। सत्य का अर्थ है सते हितम अर्थात जिसमें हित या कल्याण निहित हो।

सत्य भूत, भविष्य एवं वर्तमान तीनों काल में एक

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,50,300, रवा- 1,50,200 चांदी- टंच- 2,33,500 पाट- 2,32,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## तहसील शिक्षक संघ विधायक को सौंपा ज्ञापन

**बड़नगर।** उच्चतम न्यायालय के द्वारा 1 सितम्बर 2025 को दिए गए टीईटी निर्णय पर पुनर्विचार याचिका लगाने एवं विधायी हस्तक्षेप हेतु मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के आह्वान पर सोमवार को बड़नगर तहसील शिक्षक संघ के कार्यकर्ताओं ने विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या को जिला उपाध्यक्ष अशोक शर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में सभी शिक्षको ने शासन से उक्त आदेश को निरस्त करवाने हेतु विधायी हस्तक्षेप करने की मांग की। इस अवसर पूर्व जिला अध्यक्ष प्रवीण भाटी, तहसील अध्यक्ष संजेश गोसर, सचिव अरविन्द दुबे, कोषाध्यक्ष सुरेश जोशी ब्लॉक अध्यक्ष संजय पाठक कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश व्यास, हेमंत माथुर दिनेश रावल दिनेश गौतम , संजय शर्मा, हुकुमचंद सोलंकी, संतोष श्रीवास्तव , वीरेंद्र सिंह राठौर, नंदकिशोर चौहान, अखिलेश पाठक,प्रेमप्रकाश पंड्या,मुकेश परमार, सतीश कटारिया, घनश्याम पाठक,बालकृष्ण सिसोदिया, सिकदार जामोद, आशीष चांगेसिया, मदनलाल चौहान राजेश राणा महेंद्र सिंह देवड़ा, दिनेश चंद्र भाटी , महिला इकाई से मनीषा उबाल, ज्योति अजमेरा मेम, अंजना जोशी सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त ज्ञापन को शासन तक पहुंचाने की तथा उचित कार्यवाही करने का आश्वासन विधायक द्वारा दिया गया। उक्त जानकारी संजय पाठक द्वारा दी गई।

## 12 अप्रैल को शंखनाद गर्भ संस्कार कार्यक्रम तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



**शुजालपुर।** स्वस्थ एवं संस्कारित समाज के निर्माण के उद्देश्य से दिव्य संतान प्रकल्प अंतर्गत 12 अप्रैल को आयोजित होने वाले शंखनाद गर्भ संस्कार कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को एसडीएम कार्यालय सभागृह में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। यह आयोजन 12 अप्रैल रविवार को शाम 4 से 6 बजे तक कान्हा का वृंदावन गार्डन भीलखेड़ी रोड शुजालपुर मंडी में आयोजित किया जाएगा। बैठक में एसडीएम राजकुमार हलधर एवं समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्य और महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से भावी पीढ़ी के बेहतर स्वास्थ्य और संस्कारों की नींव मजबूत होती है। अधिकारियों ने आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं एवं नवविवाहित दंपत्तियों को शिविर में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। यह आयोजन उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार के संरक्षण में होगा। बैठक में सिविल अस्पताल प्रभारी शारदा रामसरिया सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गर्भ संस्कार विषय पर विशेषज्ञों द्वारा वैज्ञानिक व्याख्यान प्रस्तुत किए जाएंगे, जिससे प्रतिभागियों को उपयोगी मार्गदर्शन मिल सके।

## शिक्षकों की समस्याओं को लेकर उठी आवाज, विधायक से मिला प्रतिनिधि मंडल




**सुसनेर।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक भेरोसिंह बापू से मुलाकात कर शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने अनिवार्य किए जाने से उत्पन्न हो रही व्यावहारिक समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए इसमें विधायी हस्तक्षेप की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि वर्तमान नियमों के कारण लंबे समय से कार्यरत एवं अनुभवी शिक्षकों को भी अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने मांग की कि ळएळ अनिवार्यता में लचीलापन लाया जाए, जिससे कार्यरत शिक्षकों के हितों की रक्षा हो सके और शिक्षा व्यवस्था प्रभावित न हो। विधायक भेरोसिंह बापू ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि इस विषय को शासन स्तर पर उचित मंच पर उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा और इस संबंध में आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने एकजुट होकर अपनी मांगों को रखा और शीघ्र समाधान की अपेक्षा व्यक्त की।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

संगठन, सेवा और विचारधारा का संगम

# भाजपा का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया








दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

### गेहूं का समर्थन मूल्य 3000 रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग

भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस स्थानीय विधायक कार्यालय में गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया। आयोजन में संगठन, सेवा और विचारधारा का अनोखा संगम देखने को मिला।

वक्ताओं ने इसे केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि पार्टी की वैचारिक विरासत का स्मरण बताया, जिसने भाजपा को मजबूत आधार प्रदान किया। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त आंदोलन है। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे के विचारों और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद को पार्टी की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता को सेवा का माध्यम बनाते हुए अंत्योदय और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाया है। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने दिया। वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. नारायण सिंह परमार ने जनसंघ से लेकर भाजपा तक की यात्रा का प्रेरणादायी विवरण प्रस्तुत करते हुए कार्यकर्ताओं की निष्ठा और त्याग को पार्टी की ताकत बताया। वहीं, वरिष्ठ नेता जेपी खन्ना ने कहा कि भाजपा की असली शक्ति उसका अनुशासित और समर्पित कार्यकर्ता है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री योगेश शिवहरे एवं आभार शरद कुंभकार ने माना।

**ब्यावरा।**

ब्यावरा मंडल में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यालय पर मंत्री पंवार और कार्यकताओं ने ध्वजारोहण कर एक दूसरे को मिठाई खिलाई इसके पश्चात मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार की उपस्थिति में मंडल के कार्यकताओं ने एकजुट होकर संगठन की गौरवशाली परंपरा को स्मरण किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री पंवार ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापित भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ने वाला संगठन है। उन्होंने बताया कि किन कठिन परिस्थितियों और संघर्षों के बीच पार्टी की स्थापना हुई, और कैसे समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों ने आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बना दिया। मंत्री पंवार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक साधारण दल नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रहित सर्वोपरि मानकर कार्य करने वाला संगठन है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि आज वैश्विक चुनौतियों और विपदाओं के समय भारत जिस मजबूती और संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ रहा है, चाहे वैश्विक संकट हो या देश की आर्थिक प्रगति हर क्षेत्र में भारत ने एक नई पहचान स्थापित की है।

**तनोडिया**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत मंडल में मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन पिपलोन रोड पर स्थित स्वरुप मेरिज गार्डन में किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, प्रभारी कविता शर्मा, डॉ राहुल जैन,महेश मित्तल, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौहान, जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा द्वारा भारत माता व पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पं. दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। यहां मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौहान द्वारा मुख्य अतिथियों को पार्टी की पट्टिका पहनाकर स्वागत किया गया। प्रथम दिवस में सात चरण हुए । प्रथम सत्र में अध्यक्षता शेवाराम आंजना व प्रथम वक्ता जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, द्वितीय सत्र में अध्यक्षता बहादुर सिंह राठौड़ व वक्ता मंयक राजपूत, तृतीय सत्र में अध्यक्षता देवीसिंह व वक्ता पवन वेदिया, चौथे सत्र में अध्यक्षता लेखराज फुलेरा व वक्ता महेश कुमार मित्तल, पांचवें सत्र में अध्यक्षता महिपाल सिंह राठौर व वक्ता वरिष्ठ नेता कैलाश कुभंकार, छठवें सत्र में अध्यक्षता प्रेम सिंह बगडावत व वक्ता सुरजसिंह परिहार, सातवें सत्र में अध्यक्षता बनेसिंह राठौर व वक्ता चंद्रेश शर्मा द्वारा संपन्न हुए।

**देवास**

जिला किसान कांग्रेस कमेटी ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में गेहूं का समर्थन मूल्य 3000 प्रति क्विंटल करने और तत्काल खरीदी शुरू करने की प्रमुख मांग की गई है। ज्ञापन जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में सौंपा गया। किसान कांग्रेस ने बताया कि वर्तमान में जिले सहित पूरे प्रदेश के किसान गेहूं खरीदी और समर्थन मूल्य से जुड़ी कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं। समय सीमा के भीतर किसानों की उपज की खरीदी नहीं हो पा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने कहा कि कृषि उपज मंडी में किसानों को गेहूं का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में किसानों को करीब 2200 प्रति क्विंटल का ही भाव मिल पा रहा है, जबकि समर्थन मूल्य पर खरीदी प्रभावी रूप से नहीं हो रही है।

देवास में सिविल लाइन थाने के निर्माण का विरोध

# हिंदू समाज के लोगों ने की धार्मिक स्थान को बचाने की मांग, अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



देवास में प्राचीन मेढकी वाटर वर्क्स बावड़ी और धार्मिक स्थल को बचाने के लिए हिंदू समाज ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सिविल लाइन थाने के निर्माण को तुरंत रोकने की मांग की। सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सिंह ठाकुर ने बताया कि शहर की यह अति प्राचीन बावड़ी खतरे में है।

यह बावड़ी कभी देवास शहर की प्यास बुझाती थी। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि इसकी साफ-सफाई की जाए तो इसमें आज भी पर्याप्त पानी उपलब्ध है। बावड़ी में लगा बोरिंग आसपास के किसानों के बोरिंग को रिचार्ज कर रहा है, जो इसकी जल संरक्षण क्षमता को दर्शाता है।

**परिसर में धार्मिक स्थान भी है**

परिसर में एक प्राचीन आंकड़े के पेड़ से गणेश जी की प्रतिमा निकली थी, जिसके बाद एक भक्त ने मंदिर की स्थापना की। प्रत्येक बुधवार को श्री गणेश मंदिर में पूजा-पाठ और भजन होते हैं। साथ ही, हनुमान मंदिर में भजन, सुंदरकांड और हनुमान चालीसा जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी परिसर में पीपल के पेड़ की परिक्रमा कर प्रतिदिन जल भी चढ़ाया जाता है।

विगत कुछ दिनों से मेढकी बावड़ी के आसपास मिट्टी एकत्रित कर उसे बावड़ी में डालने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह प्राचीन धरोहर को समाप्त कर सिविल लाइन थाना बनाने की तैयारी है। मेढकी चक और आसपास की कॉलोनियों के निवासियों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

**विधायक ने पार्क बनावाने की कही थी बात**

स्थानीय लोगों ने बताया कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले विधायक गायत्री राजे पंवार और महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने यहां आमजन और बच्चों के मनोरंजन के लिए एक पार्क का भूमि पूजन किया था। नगर निगम परिषद में इसका प्रस्ताव भी पारित हुआ था।

22 सितंबर 2025 को यह भूमि शिव शक्ति सेवा मंडल को अस्थायी गार्डन के लिए सौंपी गई थी। निवासियों ने सवाल उठाया है कि नगर निगम ने किस नियम के तहत गार्डन की जमीन पर पक्का निर्माण की अनुमति दी, जबकि यह नियमानुसार अवैध है। उन्होंने यह भी पूछा कि नगर निगम ने गार्डन की जमीन राजस्व विभाग को कैसे सौंप दी।

## मानवता शर्मसार, नाले में मिला नवजात का शव

**सुसनेर।** नगर के नरबदिया नाला स्थित पुलिया के नीचे सोमवार को एक हृदय विदारक घटना सामने आई जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। नाले में एक शिशु का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया है और नगरवासियों में आक्रोश व दुख का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह किसी राहगीर की नजर पुलिया के नीचे नाले में पड़े शव पर पड़ी जिसके बाद उसने आसपास के लोगों को सूचना दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। प्रारंभिक जांच में यह शव करीब 5 माह के गर्भस्थ शिशु का प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भ्रूण को यहां लाकर नाले में फेंक दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अक्षय सिंह बेस पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मौके का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा शव का पीएम कर आगे की प्रक्रिया पूरी की गई। प्रथम दृष्टया मामला अवैध रूप से भ्रूण को फेंकने से जुड़ा प्रतीत हो रहा है।




किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे किसान

# गेहूं पंजीयन तिथि बढ़ाने के विरोध में किसान संघ का ज्ञापन सौंपा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

भारतीय किसान संघ तहसील इकाई सुसनेर द्वारा सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में विशेष रूप से सरकार द्वारा गेहूं पंजीयन की तिथि लगातार बढ़ाए जाने का विरोध दर्ज कराया गया।

किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि बार-बार पंजीयन तिथि बढ़ने से किसानों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है और उन्हें अपनी उपज बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने मांग की कि गेहूं की फसल का समय पर एवं सुचारू रूप से उपार्जन किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की आर्थिक हानि न हो।

ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने अन्य समस्याओं की ओर भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो किसान संघ आगामी समय में उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस अवसर पर प्रांतीय अधिकारी मंत्री रमेश दांगी, जिला उपाध्यक्ष बने सिंह यादव, तहसील अध्यक्ष प्रेम सिंह परमार, उपाध्यक्ष बहादुर सिंह, मंत्री अनिल पाटीदार, सह मंत्री महेश पंचोली, अशोक, सदस्य बालू सिंह, सूजन सिंह, रोशन सिंह, विक्रम सिंह सहित ग्रामीण इकाई के अध्यक्ष राजेंद्र खनोटा, मेहरबान सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## एमबीए के छात्र ने दबाव में की आत्महत्या

**देवास ।** बालगढ़ क्षेत्र में 22 वर्षीय एमबीए छात्र रुद्राक्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वह पढ़ाई और परीक्षा के दबाव के कारण मानसिक तनाव में था। रुद्राक्ष शहर के एक निजी कॉलेज में एमबीए का छात्र था और नीट परीक्षा की भी तैयारी कर रहा था। कमजोर तैयारी और लगातार बढ़ते दबाव के कारण वह अवसादग्रस्त हो गया था। दोपहर घटना के समय घर पर उसकी बहन और भाई मौजूद थे। जब बहन पानी पीने कमरे में गई, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। शंका होने पर परिजनों और पड़ोसियों को बुलाया गया, जिन्होंने दरवाजा तोड़ा। अंदर रुद्राक्ष फंदे पर लटका मिला।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने अमित अग्रवाल पिता श्री तानमल जी अग्रवाल निवासी-डी 24, पार्श्वनाथ सिटी, देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक बी-015, जिसका कुल क्षेत्रफल 184.33 वर्गमीटर स्थित पार्श्वनाथ सिटी, नागझिरी नीमनवासा पटवारी हल्का नंबर 34, देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में भूखण्ड क्रमांक बी 094, पश्चिम में-9.00 मीटर चौड़ी सड़क, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक बी 014 एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्रमांक बी 016 है, एवं अजय कुमार अग्रवाल पिता श्री तानमल जी अग्रवाल निवासी-डी 24, पार्श्वनाथ सिटी, देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक बी-014, जिसका कुल क्षेत्रफल 184.33 वर्गमीटर स्थित पार्श्वनाथ सिटी, नागझिरी नीमनवासा पटवारी हल्का नंबर 34, देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में-भूखण्ड क्रमांक बी 095, पश्चिम में -9.00 मीटर चौड़ी सड़क, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक बी 015 एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्रमांक बी 013 है, को कय करने का सौदा किया होकर सौदा की टोकन राशि का भुगतान कर दिया है, यदि उक्त दोनों भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिकी या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विकय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो । दिनांक :-06.04.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर- 98272-28461**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने कृष्णकुमार जी भराणी पिता स्व. श्री गौरीशंकर जी भराणी एवं श्रीमती आशा पलोड़ पति स्व. श्री राजीव जी पलोड़ के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक मकान जो कि मकान नं. 99 महेश नगर कालोनी, अंकपात मार्ग, उज्जैन में स्थित है, उक्त भवन को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय किये जाने का अनुबंध किया है एवं शीघ्र ही विक्रय पंजीयन करवाना चाहता है इसलिये विक्रयपत्र पंजीयन के पूर्व इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, सहकारी संस्था अथवा बैंक या फायनेंस कम्पनी अथवा अन्य किसी का कोई ऋण या भार बकाया हो या भवन बंधक आदि हो या किसी प्रकार की कोई वैधानिक आपत्ति हो तो वह उक्त जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस अपनी लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें, 7 दिवस पश्चात किसी भी प्रकार को कोई आपत्ति मान्य नहीं होकर मेरा पक्षकार उक्त भवन का विक्रय पंजीयन करवा लेगा एवं उक्त विक्रय पंजीयन कराने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 06/04/2026

**मुकेश पारेगी, हाईकोर्ट एडवोकेट,**
**कार्यालय ग्राम-जगोटी (युको बैंक के पास)**
**तह. महिदपुर, जिला उज्जैन मोबाईल 9009258427**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरा पक्षकार भादरसिंह पिता निहालसिंह जी जाति राजपुत निवासी ग्राम डीगवाल, शिवनी जिला इन्दौर म.प्र. द्वारा भूमि स्वामी आशाराम जाट पिता रामचन्द्रजी जाट निवासी ग्राम भैसलाखुर्द तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. कृषक ग्राम भैसलाखुर्द तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. के मालिकी एवं आधिपत्य की कृषि भुमि सर्वे नम्बर 145/3/2 रकबा 0.77 हे. मे से रकबा 0.20 हैं. कुल किता 1 कुल रकबा 0.20 है. भुमि स्थित ग्राम भेसलाखुर्द तहसील बडनगर जिला उज्जैन की भूमि को क्रय करने का सौदा कर एक अनुबंध पत्र दिनांक 05-03-2026 को सम्पादित्त कर, सौदा तय कर लिया है तथा विक्रय मुल्य की आंशिक राशि का भुगतान कर दिया गया है, तथा अनुबंधीत भूमि का मेरा पक्षकार के पक्ष मे विक्रय पत्र सम्पादित होना है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भुमि से संबंधित मुख्त्यारनामा या मुख्त्यारनामाखास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का हित स्वत्व, अधिकार हो या अन्य कोई सम्पत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावे अवधि व्यतित होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरा पक्षकार अनुबंधीत भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगा। सूचित हो।

इति दिनांक 07-04-2026

**सौदानसिंह पंवार, एड्वोकेट**
**कोर्ट परिसर, बडनगर जिला उज्जैन मो.नं.- 6261564890**

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड पता- 26 बख्तावर मार्ग, फ्रिगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 04 पश्चिम दिशा का भाग एवं भूमि सर्वे क्रमांक 207/2 का भाग होकर पार्वती नंदन परिसर ग्राम चिंतामण जवासिया तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 72.49 वर्गमीटर। जिसकी चतुर्सीमा पूर्व मे- भूखण्ड क्रमांक 04 का शेष भाग, पश्चिम मे- भूखण्ड क्रमांक 05, उत्तर मे- बांउण्ड्री वॉल, दक्षिण मे- कॉलोनी का रोड़ स्थित है। उक्त सम्पत्ति श्रीमति तेजूबाई आंजना पति श्री रामसिंह आंजना ने इसके पूर्वस्वामी रामसिंह आंजना पिता श्री भागीरथ आंजना से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP432022022A1653959 दिनांक 20/06/2022 के माध्यम से क्रय कि। तथा श्रीमति तेजूबाई आंजना ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार का उक्त सम्पत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है, तथा पक्षकार की जानकारी अनुसार संपत्ति का पूर्व का मूल विक्रय पत्र क्रमांक MP432022021A1585385 दिनांक 15/07/2021 एवं विक्रय पत्र क्रमांक MP432022015A1194511 दिनांक 05/12/2015 के कही गुम हो गये जिसकी सुचना पुलिस थाना चिंतामण गणेश जिला उज्जैन में दिनांक 06/04/2026 में दी गयी है। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

## मनोहर शम्भू निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**नीमच।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ नीमच की साधारण सभा में 5 अप्रैल को स्थानक भवन जैन कॉलोनी में चुनाव सम्पन्न हुए। चुनाव में मनोहर शम्भू (दादा) बम्ब अध्यक्ष, सुनील चौपडा मंत्री और भरत कोठारी कोशाध्यक्ष चुने गए। समस्त चुनाव पूर्व अध्यक्ष जयन्तीलाल पितलिया के सानिध्य में सर्वानुमति से सम्पन्न हुए। मनोहर शम्भू बम्ब ने बताया कि शेश पदाधिकारियों की घोशणा शीघ्र ही की जाएगी।

## जनसुनवाई में 69 आवेदकों की समस्याओं का हुआ निराकरण

**मंदसौर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर एकता जायसवाल और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने कुल 69 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पीएम आवास योजना, पेंशन भुगतान और अतिक्रमण हटाने जैसे मामले सामने आए। भेरूलाल निवासी कोटड़ा बूजुर्ग के भूमि कब्जे से जुड़े मामले में तहसीलदार गरोठ को और जवासिया के श्यामसुंदर के कृषि भूमि नीलामी संबंधी आवेदन पर तहसीलदार दलौदा को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय सीमा में समाधान सुनिश्चित करना प्राथमिकता है ताकि किसी को अनावश्यक परेशान न होना पड़े।

## पुजारी की समस्याओं के लिये मंदसौर से शुरू होगा आंदोलन

**मन्दसौर।** श्री वैष्णव बैरागी समाज चतुः संप्रदाय मध्य प्रदेश द्वारा समाज हित में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। मंदसौर के अजय बैरागी को च्पुजारी न्याय यात्राज का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि बालकृष्ण वैष्णव को युवा प्रकोष्ठ में जिम्मेदारी दी गई है। पदभार ग्रहण करने के बाद अजय बैरागी ने घोषणा की कि पुजारियों की लंबित समस्याओं और अधिकारों के लिए मंदसौर जिले से चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। यह आंदोलन जिला स्तर से शुरू होकर प्रदेश के सभी जिलों तक पहुँचेगा और अंतिम चरण में भोपाल में एक विशाल महाआंदोलन आयोजित किया जाएगा। समाज के विभिन्न पदाधिकारियों ने इन नियुक्तियों का स्वागत करते हुए न्याय यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया है।

## भाजपा के कार्यालय का भूमि पूजन सम्पन्न

**नीमच ।** भारतीय जनता पार्टी के 47 वे स्थापना दिवस के अवसर पर नीमचं को 'भारतीय जनता पार्टी के नवीन कार्यालय का भूमि पूजन बांग्ला नंबर 60 पुरानी नगर पालिका नीमच पर हुआ। भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन जी यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत जी खंडेलवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जी जामवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष सी ए अखिलेश जी जैन वर्चुअल रूप से जुड़कर कार्यक्रम को संबोधित किया। सोमवार 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में में एक साथ भारतीय जनता पार्टी के 117 कार्यालय जिनमे 14 कार्यालय का भूमि पूजन एवं 3 कार्यालय का लोकार्पण कार्यक्रम हुआ।

## टीईटी परीक्षा के विरोध में ज्ञापन दिया

**रतलाम।** भर्ती पश्चात अव्यवहारिक टीईटी परीक्षा रद्द करवाने एवं प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करवाने हेतु अध्यापक / शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के नेतृत्व में आंदोलन का महा शंखनाद होगा।रतलाम के समस्त अध्यापक संगठनों की संयुक्त बैठक 3 अप्रैल को हनुमान ताल, रतलाम में आयोजित की गई, जिसमें सभी जिला अध्यक्षों की सहभागिता व समर्थन से प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा की गणना व टीईटी परीक्षा निरस्त करवाने सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में शिक्षकों का पक्ष रखने हेतु सामुहिक संघर्ष के लिए प्रदेश स्तरीय चरणबद्ध आंदोलन पर सर्वसम्मति बनी है। जिसमें 8 अप्रैल को जिला स्तर पर धरना, 11 अप्रैल को ब्लाक स्तर पर धरना एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन, 18 अप्रैल को भोपाल स्तर पर सामुहिक धरना प्रदर्शन पर सहमति बनाई गई।

# जनसुनवाई में 137 आवेदनों पर सुनवाई, कई मामलों का मौके पर निराकरण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनके आवेदन प्राप्त किए। जनसुनवाई के दौरान कुल 137 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों के माध्यम से समाधान कराया गया, जबकि शेष आवेदनों के समय-सीमा में निराकरण के लिए विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए गए।




जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से जुड़े आवेदन सामने आए। ग्राम धानासुता निवासी शांतिलाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम होने के बावजूद लाभ न मिलने की शिकायत की। इस पर कार्रवाई हेतु एडीशनल सीईओ को निर्देशित किया गया।

ग्राम सालाखेड़ी निवासी भगवती ने आवास स्वीकृति के लिए आवेदन दिया, जिसे भी एडीशनल सीईओ को भेजा गया।

ग्राम नयानगर, तहसील जावरा निवासी शिवलाल ने अपनी कृषि भूमि के विक्रय की अनुमति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। संबंधित अधिकारी को जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्राम अर्जला निवासी सोहन ने अपनी कृषि भूमि पर कब्जा होने की शिकायत की। मामले में तहसीलदार जावरा को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

ग्राम बोरदा निवासी छगन ने कृषि भूमि के पट्टे के लिए आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार को निर्देशित किया गया।

ग्राम वीरपुरा निवासी हरीराम ने स्वयं एवं पत्नी के लिए वृद्धा पेंशन तथा कपिलधारा योजना के तहत कुएं की स्वीकृति हेतु आवेदन दिया। इस पर सीईओ जनपद को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सभी लंबित आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया।

<u>वैश्विक शांति के लिए अहिंसा के मार्ग जरूरी</u>

# जैन संतों के जीवन, तपस्या से समाज को मिलती सदप्रेरणा - लोकसभा अध्यक्ष

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला नीमच जिले के सिंगोली में सकल जैन समाज द्वारा आयोजित पंच कल्याणक महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हूए। यहाँ योग प्रेरक श्री 108 मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज को श्रीफल भेटकर उनका आर्शिवाद लिया।

इस मौके पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक बेगु सुरेश धाकड़, विधायक भीलवाड़ा अशोक कोठारी, श्री रतनलाल, गाडरी चित्तौड गढ, श्री राकेश जैन मडिया कोटा जि.प.सीईओ श्री अमन वैष्णव, एस.पी. अंकित जाय सवाल, एडीएम बी.एस. कलेश एवं एसडीएम श्री पराग जैन व अन्य अधिकारी एवं जन प्रतिनिधिगण तथा बडी संख्या में जैन समाज के पुरूष एवं महिलाएं उपस्थित थी। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने मुनिश्री प्रणम्य सागर महाराज की पुस्तक "आयुर्वेद सूत्रकम" एवं वैराग्य वाटिका का विमोचन किया और मुनिश्री को पुस्तक की प्रति भेट की।



इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने अपने उदबोधन में कहा, कि आचार्य मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज ने योग का अहम संदेश दिया है। उन्होने जीवन शैली में बदलाव कर स्वस्थ्य एवं सुखी रहने का आध्यात्मिक मार्ग बताया है। आचार्य मुनिश्री जहां से भी गुजरते है, वहां आध्यात्मिक मार्ग का लाभ लोगो को मिल रहा है और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होने कहा, कि वैश्विक, शांति के लिए अंहिसा के मार्ग पर चलना जरूरी है। जैन संतो के जीवन, तप, तपस्या से समाजजनों को सद्प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को सांसद श्री सुधीर गुप्ता एवं विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने भी संबोधित कया। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन किया गया और उन्हें स्मृति चिंह भेट किए गए। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के सिंगोली में अयोध्या नगरी कार्यक्रम स्थल पर पहुचने पर जिला प्रशासन की ओर से जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एसपी अंकित जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिह सिसोदिया ने लोक सभा अध्यक्ष की अगवानी की और उन्हें पुष्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया।



# कबीर इंटरनेशनल स्कूल में भव्य चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न

**पिपलिया मंडी।** स्थानीय कबीर इंटरनेशनल स्कूल में 5 अप्रैल को एक अत्यंत भव्य एवं प्रेरणादायक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता, सृजनात्मकता एवं कला कौशल का अद्वितीय प्रदर्शन किया। विद्यालय का सम्पूर्ण वातावरण रंगों की मनोहारी छटा से सजीव हो उठा और हर ओर उत्साह एवं उमंग का वातावरण देखने को मिला।इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमान विक्रम कनेरिया,श्रीमती रेनू राठौर तथा श्रीमती आंचल गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ,विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. कमलेश पमनानी ,डॉ. रश्मि पमनानी , मैनेजिंग डायरेक्टर कोमल जी परमार , प्राचार्य श्रीमती विजया रवि एवं उपप्राचार्य श्रीमती प्रीति कपूर द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । प्रतियोगिता को आयु वर्ग के अनुसार तीन समूहों में विभाजित किया गया। प्रत्येक समूह के लिए विशेष विषय निर्धारित किए गए, जिन पर बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से अत्यंत सुंदर एवं जीवंत रूप प्रदान किया। किसी ने पशु-पक्षियों की मासूम दुनिया को उकेरा, तो किसी ने प्रकृति की सुंदरता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



## अनुभवी शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के लिए राज्यसभा सांसद को सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर से भेंट कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। यह कदम 1 सितंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम और पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को लेकर दिए गए फैसले के बाद उठाया गया है। संघ के जिलाध्यक्ष विक्रम शर्मा ने बताया कि इस निर्णय से मध्य प्रदेश के 70 हजार और देश के लगभग 25 लाख शिक्षकों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। विशेषकर उन शिक्षकों की चिंता बढ़ गई है जिनकी नियुक्ति 2010 से पूर्व हुई थी। संघ ने मांग की है कि केंद्र सरकार इस मामले में पुनर्विचार याचिका दायर करे या आवश्यक विधाई संशोधन करे ताकि इस नियम को केवल भविष्य के लिए लागू किया जाए। सांसद गुर्जर ने इस मुद्दे पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए आवश्यक दस्तावेज मांगे हैं और इसे राज्यसभा में उठाने का आश्वासन दिया है।ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के प्रांतीय सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र लोहार, संभागीय अध्यक्ष शंकरलाल आँजना, जिलाध्यक्ष विक्रम शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष कांति लाल राठौर, जिला उपाध्यक्ष रतनलाल चौहान, मनीष बैरागी, जिला कार्य कारिणी सदस्य, ब्लॉक व तहसील पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# गांव हरसोल में नवनिर्मित पेयजल टंकी शुरू होने से पहले ही चारों तरह से टपक रही

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मल्हारगढ़

तहसील के गांव हरसोल में ग्रामपंचायत भवन के पास नवनिर्मित पेयजल टँकी शुरू होने से पहले ही चारो तरह से झरने की तरह टपक रही है पास में निवासरत किसान के घर मे टँकी का पानी पहुचने से गेहूं एवं लहसुन गीली होगई जिससे उसे काफी नुकसान हुवा। पेयजल टँकी के घटिया निर्माण के चलते यह कभी भी धराशायी होसकती है और किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नही किया जासकता है।नवनियुक्त मंडलम अध्यक्ष गजेन्द्रसिंह चूंडावत ने मगंलवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा को दी प्रातः 11.30 बजे जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष अजित कुमठ हरसोल पहुंचे व मौजूद लोगों से चर्चा की गजेन्द्रसिंह चूंडावत ने बताया कि 2500 की आबादी वाले इस गाँव मे जल जीवन मिशन के तहत पेयजल टँकी का कार्य पूरा हुआ डेढ़ लाख गैलन पानी की क्षमता वाली यह टँकी जिसकी लागत लाखो रुपये है,घटिया निर्माण के चलते यह पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है।

किसान भेरूलाल प्रजापति ने कहा कि मेरा मकान पानी की टँकी से लगा हुवा है,तेज हवा से लिकेच टँकी का पानी मेरे घर मे घुस गया और गेंहू व लहसुन गीली होने के कारण मुझे काफी नुकसान हुवा है।

मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने अनुविभागीय अधिकारी स्वाति जी तिवारी को पूरे घटनाक्रम से अवगत करवाकर कहा कि पेयजल टँकी के घटिया निर्माण की उच्चस्तरीय जांच करवाकर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए साथ ही किसान भेरूलाल जी प्रजापति की उपज जो गीली होने से खराब हुई है उन्हें तत्काल आर्थिक मदद भी मिलना चाहिए।

जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष अजित कुमठ ने कहा कि डिप्टी सीएम एवं क्षेत्रीय विधायक जगदीश जी देवड़ा की विधानसभा क्षेत्र में घटिया निमार्णों की बाढ़ आई हुई है चाहे सड़के हो,पेयजल की टँकीया हो,फिर चाहे मल्हारगढ़ के निमार्णाधीन अस्पताल हो।कुमठ ने कहा कि भाजपा के विकास कार्यो की पोल तो हरसोल की पेयजल टँकी ने पूरी तरह खोलकर रखदी है और लगता है कि डॉ, मोहन यादव की सरकार 70 प्रतिशत कमीशन की सरकार है। इस मौके पर गजेन्द्रसिंह चूंडावत, भेरूलाल प्रजापति, मोहनलाल वर्मा, मदनलाल मेघवाल, , गोपाल वर्मा सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

## शराब ठेकेदारो का दो दिन में समाधान नहीं हुआ तो न्यायालय की शरण में जायेंगे

**पिपलिया मंडी।** 6 अप्रैल तक मध्य प्रदेश आबकारी विभाग के द्वारा हजारों की तादाद में मेरे ठेकेदारों को गुमराह किया जा रहा है, उन्हें परेशान किया जा रहा है। उनके पैसों को बिना उनकी अनुमति लिए होल्ड किया गया है। इन सब विषयों से स्तब्ध होते हुए मैं आप लोगों के बीच उपस्थित हुआ हूं और आप लोगों से अनुरोध करता हूं इन सभी समस्याओं के समाधान हेतु २ दिन का समय आबकारी विभाग को हम सब मिलकर देते हैं और इन दो दिनों में यदि आप लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो माननीय न्यायालय की शरण में जाएंगे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया

**रतलाम।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मंडल चिकित्सालय, रतलाम में स्वास्थ्य के लिए एकजुट – विज्ञान के साथ खड़े रहें थीम पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में स्वास्थ्य संबंधी वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाएँगे तथा समाज में भी इसके प्रति जागरूकता का व्यापक प्रसार करेंगे।

# अफीम तौल प्रक्रिया जारी है, जहां अपनी अफीम सरकार को सौंप रहे किसान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

जिले व क्षेत्र के अफीम किसान अपनी उपज अफीम को सरकार को सौंपने और उसका मूल्य प्राप्त करने के लिए अफीम तोल केंद्र लेकर पहुंच रहे हैं अफीम फसल को नाजुक और बेश कीमती माना जाता है। जिसके लिए प्रणप्राण से किसान संचय कर सुरक्षा में लगता है तब जाकर 4 से 5 महीने की कड़ी मेहनत के बाद काला सोना याने ओषधिय, पदार्थ अफीम अब सरकार को सौंपता है।

यह वही काला सोना है, जिसके लिए किसान दिन-रात एक अफीम तौल केंद्र पर जमा कर किसान राहत की सांस ले रहे हैं। नीमच के प्रथम खंड का अफीम तौल मालखेड़ा रोड स्थित बाटर पार्क में चल रहा है। जहां प्रतिदिन लगभग 500 किसान अपनी अफीम लेकर पहुंच रहे हैं। प्रथम खंड के जिला अफीम अधिकारी श्री दिनकर ने बताया अफीम तौल के बाद केंद्र पर ही पहली बार नारकोटिक्स विभाग द्वारा तीन तरह की जांच की जा रही है। मौके पर जांच कर किसानों की अफीम को स्टैंडर्ड और सस्पेक्ट श्रेणी में रखा जा रहा है। हालांकि इस जांच रिपोर्ट का लाइसेंस की पात्रता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह जांच किसानों के हित मे ही है।



प्रथम खंड के अफीम तौल केंद्र पर किसानों ने बताया कि अफीम तौल पर किसानों को पूरी संतुष्टि दी जा रही है और किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर उसका तोल केंद्र पर ही तुरंत समाधान किया जा रहा है। फिलहाल अफीम तौल पर आने वाला किसान संतुष्ट है।

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो द्वारा अफीम वैल के दौरान किसानों के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। किसानों के लिए टेंट, कूलर और आरओ वाटर का ठंडा पानी भी उपलब्ध कराया गया है। सेकड़ो किलो अफीम अभी तक विभाग को सौंप जा चुकी है। किसान भी अपनी उपज सरकार को देकर निश्चिन्त हो गए हैं।

इस अफीम पदार्थ की टोल के बाद अगले दौर में सीपीएस पद्धति से खेती की गई किसानों से उनके अफीम युक्त डोडो की खरीदी की जावेगी। जिससे सरकार खुद मार्केट व अन्य औषधि पदार्थ निकलने का काम करेगीद्य अभी लगभग दो सप्ताह और अफीम पदार्थ टोल का काम जारी रहेगा।

## न्यूज कालम



## कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त मंडलम अध्यक्षों का किया स्वागत

**पिपलियामंडी।** 7 अप्रैल मंगलवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के नव नियुक्त सभी मंडलम अध्यक्षगणों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया । जिसमें पिपलिया मंडी नगर अध्यक्ष श्री किशोर उनियारा पिपलिया मंडी मंडलम अध्यक्ष श्री विष्णु फरक्या पिपलिया मंडी मंडलम अध्यक्ष श्री पंकज बोराना बालागुड़ा मंडलम अध्यक्ष श्री प्रहलाद पाटीदार, कनघट्टी मंडलम अध्यक्ष श्री रोहित शर्मा बही मंडलम अध्यक्ष परमानंद पाटीदार, निनोरा मंडलम अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, काचरिया मंडलम अध्यक्ष श्री नाथूलाल, बोतलगंज मंडलम अध्यक्ष किशनलाल चौहान वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री कन्हैयालाल पाटीदार ,दिनेश पाटीदार ,दिनेश गुप्ता , बंशीलाल पाटीदार , कन्हैयालाल गुर्जर सभी वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में स्वागत बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। सभी पदाधिकारी कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में एवं अहम भूमिका निभाते हुए पूरी निष्ठा तथा लगन से कार्य करेंगे।

## भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर दलौदा मंडल कार्यालय का शुभारंभ



**मन्दसौर।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर दलौदा में मंडल कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर और पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। राजेश दीक्षित ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के कार्यालय केवल भवन नहीं बल्कि जनसेवा के देवालय हैं। सांसद बंशीलाल गुर्जर ने पार्टी के 13 करोड़ कार्यकर्ताओं के संघर्ष और विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने की यात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यालय के लिए निःशुल्क स्थान उपलब्ध कराने वाले मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप धाकड़ का सम्मान किया गया। साथ ही वरिष्ठ कार्यकताओं और सक्रिय सदस्यों का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया।

## 20 लाख का अवैध डोडाचूरा जब्त, पंजाब का युवक गिरफ्तार



**मन्दसौर।** जिले के नारायणगढ़ थाना पुलिस ने एक आयशर गाड़ी से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद किया गया है। थाना प्रभारी रितेश डामोर के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर तत्परता दिखाते हुए नारायणगढ़-पिपलिया मंडी रोड स्थित बरखेड़ा वीरपुरिया फंटा के पास घेराबंदी की। यहाँ सगस बावजी मंदिर के पास संदिग्ध आयशर गाड़ी क्र. पीबी 05 एटी 6266 को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें 42 प्लास्टिक के कट्टों में भरा कुल 10 क्विंटल 2 किलोग्राम डोडाचूरा पाया गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस मादक पदार्थ की कीमत करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से आरोपी बुटा सिंह पिता बिल्लु सिंह, निवासी जिला मोगा, पंजाब को गिरफ्तार किया है। तस्करी में प्रयुक्त आयशर गाड़ी और एक एंड्रॉयड मोबाइल भी जब्त किया गया है। थाना नारायणगढ़ पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।

## नगर पालिका द्वारा जैन कॉलोनी में अतिक्रमण पर जेसीबी का प्रहार



**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच के वार्ड क्रमांक 35 स्थित जैन कॉलोनी की आखिरी गली में शासकीय भूमि पर करीब 10 मकान मालिको ने रास्ते में पक्के निर्माण कर रास्ता अवरुद्ध कर दिया था। शिकायत पर नगर पालिका नीमच ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में मंगलवार को सुबह 10 बजे जेसीबी व अन्य संसाधनों के साथ अतिक्रमण हटाओ मुहिम प्रारंभ कर अतिक्रमण हटाया और आवागमन सुचारु किया। विदित हो कि नगर पालिका द्वारा पूर्व में उपरोक्त सभी भवन स्वामियों को अतिक्रमण हटाने हेतु तीन-तीन बार नोटिस दिए जा चुके थे किन्तु उनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा था। हालांकि शहर के कई रहवासी क्षेत्र में अतिक्रमण करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। उपरोक्त स्थिति के चलते नगर पालिका परिषद नीमच का अमला मंगलवार को सुबह करीब 10 बजे जेसीबी व अन्य संसाधनों के साथ जैन कॉलोनी पहुंचा। राजस्व विभाग के टेकचंद बुनकर, श्री महावीर जैन, लोक निर्माण विभाग के श्री हेमंत सिसोदिया,श्री रवि भंडारी, श्री चिरायु चांदना, श्री राम सिंह आदि कर्मचारियों के साथ पहुंचे और पहले सभी को स्वयं के द्वारा अपना अतिक्रमण हटाने को कहा। अनेक अतिक्रमणकर्ताओ ने स्वयं का अतिक्रमण हटा लिया किन्तु जिन्होंने अपना अतिक्रमण नहीं हटाया उनका अतिक्रमण नगर पालिका ने अपने संसाधनों व कर्मचारियों के माध्यम से हटाया।



## भारतीय जनता पार्टी ने स्थापना दिवस मनाया

**महिदपुर रोड**। रेस्ट हाउस पर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, डॉ. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भा ज पा मंडल अध्यक्ष गुरु चरण सिंह चौहान ने इस अवसर पर कहा कि बीजेपी का हर कार्यकर्ता 'अंत्योदय' और 'समृद्ध भारत' के संकल्प के प्रति समर्पित है। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नागदा चौराहे पर आतिश बाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान कार्यकताओं ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को जन-जन तक पहुँचाने की शपथ ली गई । मण्डल अध्यक्ष गुरचरण सिंह चौहान जिला उपाध्यक्ष संदीप व्यास, मंडल महामंत्री शंभू शर्मा , मंडल उपाध्यक्ष रमेश मीणा, राजेश काठेड़, हरीश बैरागी गोपाल बैरागी, हरिसिंह चुंडा वत, राजेंद्र सिसोदिया, भूपेश कसेरा, प्रकाश शर्मा, महेंद्र सिंह, कुबेर सिंह, बाबूदास बैरागी, मुकेश शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी योगेंद्र सिंह शाक्य ने दी।

## शहर के मध्य बहने वाले गंदे नाले में पसरा गंदगी का साम्राज्य नागरिकों के जीना दुभर



**ब्यावरा**। राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में नगर पालिका परिषद की उदासीनता के कारण न केवल आम नागरिकों के जीवन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा बल्कि उन्हें आए दिन काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ब्यावरा शहर में जगह-जगह गंदगी का साम्राज्य पसरा हुआ है जिसके कारण नागरिकों का रहना दुभर हो गया वही गंदगी के कारण जानलेवा बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ब्यावरा शहर के मध्य देने वाला गंदा नाला गंदगी और कीचड़ से सन पड़ा हुआ है। जिसकी दुर्गंध से आसपास के रहवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। उक्त गंदे नाले का पानी जब अजनार नदी में जाकर मिलता है तो अजनार नदी को भी प्रदूषित कर रहा है। मातमंड मोहल्ले से लेकर अहिंसा द्वार तक नाले में कचरा जमा होने से पानी का ठीक तरीके से निकासी नहीं हो रही जिससे भविष्य में नाले के समीप बने मकानों के क्षतिग्रस्त होने एवं कभी भी बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई है। स्थानीय प्रशासन को इस और तत्काल ध्यान देकर संपूर्ण गंदे नाले की तत्काल सफाई कार्य करवाना चाहिए। उधर शहर में पसरी उक्त गंदगी को लेकर ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी नगर पालिका परिषद का घेराव करने की तैयारी कर रही है। वही पीपल चौराहे पर विशाल धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सुश्री रचना भार्गव प्रत्येक वार्ड में जाकर नागरिकों से रूबरू हो रही है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**खाचरौद**। भारतीय किसान संघ द्वारा एसडीएम नेहा साहु को ज्ञापन किसानो की समस्याओ को लेकर सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से किसान की मांग गेहूँ की खरीदी की तारीख को आगे न बढाये और खरीदी गेहूँ की पुरी की जाय। भावांतर राशि का भुगतान किया जाये। ग्रामीण क्षैत्र पर नरवाई जलाने को लेकर किसानो को प्रकरण बनाये जा रहें है उन्हे बंद किया जाय। गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले किसान नरवाई के शासन के गाइड लाईन के अनुसार नही कर सकते है पंचायत द्वारा उन किसानो को राहत सहयोग दिया जाये। बैंको में किसान ऋण की दिनांक आगे बढ़ाये जाये ताकि किसान फसल भुगतान प्राप्त कर राशि जमा करा सके। इस अवसर पर श्याम पहलवान, राजाराम सेकवाड़ीया,सदाशिव मेहता ,नंदकिशोर मामोड़ीया, देवीलाल बम्बोरीया आदि किसान संघ के पदाधिकारीगण एंव किसानगण उपस्थित रहे।

## नगर में भाजपा का 47 वें स्थापना दिवस कार्यकर्ताओ ने बुथ केन्द्रो पर मनाया



**खाचरौद**। नगर भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर सभी मतदान बुथ केन्द्रो पर स्थापना दिवस मनाया गया। भाजपा मण्डल अध्यक्षा श्रीमति मनीषा शर्मा की अध्यक्षता में मुख्यवक्ता वरिष्ठ व पूर्व विजयकुमार सेठी, अतिथि में मीसाबंधी अनोखीलाल भण्डारी, सुरेश छाजेड़ पूर्व मण्डलअध्यक्ष चेतन शर्मा ,अनिल छाजेड़ की उपस्थिति में शुक्रवारीया बाजार में भाजपा के पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागणो के साथ भाजपा का ध्वजारोहण कर मनाया गया। वरिष्ठ वक्ताओ द्वारा भाजपा में कार्यकर्ताओ के संघर्ष व योगदान को विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ जैन व आभार नितेश संगीतला द्वारा माना गया।

### सारंगपुर एवं ब्यावरा में भारतीय किसान संघ का प्रदर्शन, एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन:

# गेहूं खरीदी, पराली जलाने पर रोक हटाने और ऋण की ड्यू डेट बढ़ाने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

सारंगपुर में सोमवार को भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों ने अपनी विभिन्ना समस्याओं को लेकर रैली निकाली और एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और किसान हित में नारेबाजी भी की। किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम रोहित बम्हौरे को ज्ञापन सौंपकर गेहूं खरीदी शीघ्र शुरू करने, ऋण की ड्यू डेट बढाने और पराली जलाने पर हो रही एफआईआर रोकने और जलाने से प्रतिबंध हटाने की मांग की है। वर्तमान में ज्ञापन सौंपने के बाद किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे अपना आंदोलन तेज करेंगे।

ज्ञापन देते हुए भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष देवनारायण नागर ने बताया कि गेहूं खरीदी की तारीखें बार-बार बढाने से उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसके अतिरिक्त, सरकारी बैंकों द्वारा ऋण की ड्यू डेट नहीं बढाने के कारण किसानों पर ब्याज और जुमार्ने का बोझ बढ गया है। इस स्थिति के चलते जिले के कई किसान डिफाल्टर हो गए हैं।

नागर ने खेतों में पराली जलाने पर दर्ज की जा रही एफआईआर और प्रशासन की अन्य कार्रवाई को अनुचित बताया है। उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि है कि जब तक सरकार पराली प्रबंधन के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं करती, तब तक किसानों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए और पराली के जलाने पर लगी रोक को हटाया जाए।






**तहसील अध्यक्ष बोले**

भारतीय किसान संघ मांग करता है कि किसानों के गेहूं की खरीदी शीघ्र आरंभ करें ताकि आर्थिक रुप से किसानों को परेशानी न झेलनी पड़े। वही ऋण की ड्यू डेट बढाने और पराली जलाने पर हो रही एफआईआर रोकने और जलाने से प्रतिबंध हटाने की मांग की गई है। हम चेतावनी देते है कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो हम अपना आंदोलन तेज करेंगे।

**देवनारायण नागर**
**तहसील अध्यक्ष, भारतीय किसान संघ, सारंगपुर।**

**ब्यावरा।**

राजगढ़ जिले के ब्यावरा ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा किसानों के गेहूं खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने एवं मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन के आवेदनों को पुनः शुरू करने हेतु राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन ब्यावरा अनुविभागीय अधिकारी को सौपते हुए बताया कि किसान गेहूं की फसल निकालकर सरकार की खरीदी का इंतजार कर रहा है। किसानों के पास जीविका चलाने के लिए आय का कोई अन्य स्त्रोत नहीं होने के कारण किसान काफी परेशान है। समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी नहीं होने से उत्पन्न कई समस्याओं को लेकर परेशान किसान सरकार के खिलाफ आक्रोशित नजर आ रहा। सरकार द्वारा गेहूं खरीदी के अंतिम तिथि बार-बार बढ़ाए जाने से किसान निराश हैं पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ने आरोप लगाया है कि सरकार की अव्यवस्थित नीतियों के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। गेहूं खरीदी की प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता की कमी है बार-बार तारीख बढ़ने से किसानों को मंडी में लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा जिससे उसकी लागत और परेशानी दोनों बढ़ रही अधिकतर किसानों के वैवाहिक कार्यक्रम होने से बच्चों के विवाह खर्च कैसे उठाएंगा। कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि गेहूं खरीदी स्पष्ट और स्थाई समय सीमा तय की जाए ताकि किसानों को अनिश्चित का सामना न करना पड़े और मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन योजना के लाभार्थियों के लिए बीपीएल राशन कार्ड की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए।

# उन्हेल में करहाड़े ब्राह्मण मालवांचल के तत्वावधान में चैत्रोत्सव कार्यक्रम संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उन्हेल

उन्हेल निवासी प्रवक्ता पद्माकर पाध्ये ने बताया कि करहाड़े ब्राह्मण मालवांचल के तत्वावधान में चैत्रोत्सव कार्यक्रम में सर्वप्रथम मातृशक्ति द्वारा चैत्रगौरी का हल्दी कुमकुम कार्यक्रम एवं आगंतुक महानुभावों का शीतल पेय देकर स्वागत किया गया, पश्चात परिसर मे रचना भागवत विप्रदास द्वारा निर्मित भव्य एवं आकर्षक रंगोली पर मातृशक्ति द्वारा गुडी बांधकर पूजन अर्चन किया गया, करहाड़े ब्राह्मण मालवांचल के तत्वावधान में चैत्रोत्सव कार्यक्रम रविवार को रानी सतीगेट स्थित सन्तोष सभागृह मे सानंद संपन्न हुआ । सभागार में मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना सुमधुर वाणी में सौ.शुभांगी पारोलकर ने प्रस्तुत की। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष चैत्र प्रतिपदा एवं रामनवमी के अवसर पर



आयोजित इस उत्सव में इस वर्ष पुणे से आमंत्रित सुप्रसिद्ध गायक अभिजीत पंचभाई एवं राजेंद्र गलगले ने विश्वप्रसिद्ध रचना गीत रामायण की भावपूर्ण एवं भक्तिमय प्रस्तुति से संपूर्ण वातावरण राममयहो गया। हर्षद शेवगांवकर (कीपेड़), अक्षय चिखलीकर (हारमोनियम), कपिल रावल (तबला), विवेक थोरात (तालवाद्य) ने संगत देकर इस कार्यक्रम को रोचक बनाया। रंगारंग कार्यक्रम में संस्था की मातृशक्ति द्वारा राम जन्मोत्सव के प्रसंग पर रामलला की सुसज्जित पालकी यात्रा एवं बाल प्रतिभा आरोही निवसरकर की आकर्षक नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। रामजन्मोत्सव पर पंजीरी वितरण सौ.आरोही पंडित ने किया। मंच संचालन सौ.नीलिमा रायकर ने किया, अध्यक्षीय उद्बोधन एवं आभार प्रदर्शन संस्था अध्यक्ष प्रभात अंबर्डेकर ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजन श्रीश सरवटे अनिरुद्ध कात्रे, सौ. नेहा पित्रे ने किया।

## महिला को पीटा, साड़ी फाड़ी, गैंगरेप की कोशिश

**आरोपियों में तीन महिलाएं शामिल**

**धामनोद (धार)**। धार जिले में एक महिला ने 5 लोगों पर पीटने और गैंगरेप की कोशिश का आरोप लगाया है। आरोपियों में तीन महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। मामला धामनोद थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे का है। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें 38 वर्षीय पीड़िता पुलिस और कुछ लोगों के साथ खड़ी दिख रही है। उसके शरीर पर बहुत कम कपड़े हैं।

पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया- हमारे खेत से आरोपी असुबाई की जमीन लगी है। रविवार को असुबाई, उसके बेटे अमित और गोपाल जेसीबी से जमीन समतल कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने घर के पीछे बनी बाउंड्री वॉल के खंभे तोड़ दिए। शिकायत करने पर आरोपी बहस करने लगे और लात-घूंसों से मारपीट की। कुछ देर में असुबाई की बेटियां अतिना और हेमा भी मौके पर पहुंच गईं। सभी ने मिलकर मुझे पकड़ा और खींचकर कमरे में ले गए। वहां मारपीट की। मेरी साड़ी उतार दी।

## नए बस स्टैंड पर नशेड़ियों की धमा चौकड़ी से यात्री और राहगीर परेशान

**आष्टा**। आष्टा नगर के नए बस स्टैंड पर जब से नगर पालिका के नीचे दुकानों में शराब ठेका खोला गया है तभी से राहगीर तथा यात्री प्रतीक्षालय में बैठने वाले यात्री काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं। यहां पर दोपहर बाद से ही नशेड़ियों की धमा चौकड़ी शुरू हो जाती है। जो शाम तक पूरा परिसर भर जाता है। इस कारण से महिलाओं को खड़े रहना भी मुश्किल हो रहा है। जबकि यहीं पर पुलिस चौकी भी स्थापित है, लेकिन उसके बावजूद भी आमजन को इन नशेड़ियों से राहत नहीं मिल रही है। दुकान से शराब खरीदने के बाद नशेड़ी प्रतीक्षालय में यात्रियों से विवाद करके उन्हें सीट से उठाकर वहां पर अपना कब्जा कर लेते हैं। उसके बाद यहां पर शराब की महफिल देर रात तक जमी रहती है।

# नरसिंगा एवं फतेहपुर में 1.6 करोड़ के विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

विधानसभा के ग्राम पंचायत नरसिंगा व ग्राम पंचायत फतेहपुर में विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या के आतिथ्य में 1 करोड़ 6 लाख 39 हजार की लागत के विकास कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण संपन्न हुआ। विकास योजना अन्तर्गत सामुदायिक भवन ,सीसी रोड़ एवं नाली निमार्ण सहित अनेक विकास कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया।

इस अवसर पर विधायक पण्ड्या ने कहा कि जनसेवा एवं क्षेत्र के विकास के लिए निरन्तर प्रतिबद्ध हूँ। भूमि पूजन एवं लोकार्पण के अवसर



पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुकमाल जैन, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह राठौर, जनपद प्रतिनिधि श्यामूबाई हर्षल धबाई, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, नागेश्वर मारू, गोपाल आंजना मण्डल अध्यक्ष महेश हारोड़, शिवराम जाट, विजेन्द्रसिंह चावड़ा, सुमेरसिंह चावड़ा, श्यामुबाई मांगीलाल मोहरी, पूजा अखिलेश बारोड, दरयावसिंह नागर, रमेशचन्द्र शर्मा,, गजेन्द्रसिंह राजावत सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# तोगड़िया की मौजूदगी में विजय स्तम्भ पर गूंजा हिंदू एकता का स्वर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

महिदपुर सिटी के विजय स्तम्भ पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वावधान में एक भव्य एवं प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदू एकता और संगठन की मजबूती का स्पष्ट संदेश देखने को मिला।

कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण जी तोगड़िया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री प्रदीप गौर, मालवा प्रांत अध्यक्ष महंत ओमजी भारती, प्रांत महामंत्री किशोर यादव, प्रांत कोषाध्यक्ष मुकेश पाटीदार, प्रांत संगठन



महामंत्री संजय यादव एवं राष्ट्रीय बजरंग दल प्रांत महामंत्री भूपेंद्र पाटीदार सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष ठाकुर ने की। वहीं जिला कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम प्रजापत, तहसील अध्यक्ष सुल्तानसिंह ठाकुर एवं तहसील महामंत्री श्यामलाल चैहान की उपस्थिति भी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम के दौरान डॉ. तोगड़िया ने महिदपुर सिटी में विजय स्तम्भ पहुंचकर कार्यकताओं एवं समाजजनों को संबोधित किया।

इस सफल आयोजन में जिला कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम प्रजापत की टीम की अहम भूमिका रही। आयोजन में सहयोग करने वालों में मनोज प्रजापत, लोकेश अंडेरिया, देवेंद्र प्रजापत, राहुल सोलंकी, योगेंद्र सोलंकी, हेमंत धोसरिया, अरविंद राठौड़, अखिलेश निधान, विक्की यादव, वीरेंद्र नवलखा, शरद परमार, सतीश यादव, सुधीर मूणत, लखन राजपूत, राम ठाकुर, बबलू ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ताओं का योगदान सराहनीय रहा।



## विधायक को शिक्षक संघ ने पुन-र्विचार याचिका लगाने हेतु सौंपा ज्ञापन

**खाचरोद**। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के आह्वान पर आज 6 अप्रैल को माननीय उच्चतम न्यायालय के द्वारा 1 सितम्बर 2025 को दिए गए निर्णय पर पुनर्विचार याचिका लगाने एवं विधायी हस्तक्षेप हेतु नागदा और खाचरौद तहसील के शिक्षक संघ के कार्यकताओं ने नागदा खाचरौद विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान को जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह डोड़िया के नेतृत्व में दिया गया। इस अवसर पर आयाम प्रमुख राजेंद्र रावल, संभागीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सोनावा, संभागीय कार्यकारिणी सदस्य, जिला सह सचिव धिरेन्द्र सिंह पंवार, जिला कार्यकारिणी सदस्य रूप सिंह सोलंकी, जिला सहसंगठन मंत्री गोवर्धन लाल सागित्रा, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी शिक्षक साथियों ने शासन से उक्त आदेश को निरस्त करवाने हेतु विधायी हस्तक्षेप करने की मांग की। उक्त ज्ञापन को शासन तक पहुंचाने की तथा उचित कार्यवाही करने का आश्वासन विधायक द्वारा दिया गया। उक्त जानकारी जिला प्रवक्ता वैदेश्य चंदेल द्वारा दी गई।

## भैंसवामाता मंदिर की दान पेटी से निकला 10 लाख से अधिक का दान



**भैंसवामाता**। सारंगपुर नगर से लगभग 20 किमी दूर मालवा के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां बीजासन भैंसवा माता मंदिर की दान पेटी सोमवार को तहसीलदार आकाश शर्मा के निर्देश एवं नायब तहसीलदार गोपालसिंह चौहान के मार्गदर्शन में खोली गई जिसमें प्रभारी राजस्व निरीक्षक रामबाबू देशवाली, हल्का पटवारी केएल फूलेरिया, पटवारी आत्माराम वर्मा, अतुल सक्सेना, सुरेन्द्र भिलाला हेमराज राजपूत, गगन बोरिया एंव समस्त पटवारीगण व कोटवार तहसील सारंगपुर पुलिस बल थाना लीमाचौहान बैंक आफ इंडिया शाखा लीमाचौहान के प्रबंधक एंव स्टाफ मौजूद रहा। हल्का पटवारी सहित राजस्व कर्मचारियों के बीच खोली गई। दान में आई राशि गिनने के लिए ट्रस्ट के सदस्य, पटवारी, आरआई और शासन के प्रतिनिधी मौजूद थे। नायब तहसीलदार चौहान ने बताया कि जो राशि दान से मिलती है उस राशि को मंदिर के विकास कार्यों में लगाई जाती है। मां बिजासन भैंसवामाता मंदिर की दान पेटी में कुल गणना राशि 10 लाख 15 हजार 950 रुपए निकली। जिसें लीमाचौहान बैंक आफ इंडिया में मौजूद ट्रस्ट के खाते में जमा कराया गया।

## ऋषि उपाध्याय बने अध्यक्ष

**सारंगपुर**। श्री राम मंदिर जाटवाडी में पुष्करणा ब्राह्मण समाज नवयुग मंडल सारंगपुर की बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम कुलदेवी उषटवाहिनी भगवान परशुराम के चित्र पर वरिष्ठ जन लायंस क्लब अध्यक्ष रुपेश जोशी, प्रदीप जोशी, भूपेंद्र जोशी, सुनील जउपाध्याय द्वारा दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में सर्वप्रथम वर्तमान अध्यक्ष प्रवीण जोशी द्वारा समाज का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत सर्वसम्मति से आगामी 2 वर्ष के लिए ऋषि उपाध्याय को अध्यक्ष मनोनीत किया गया, जिसका सभी सामाजिक सदस्य द्वारा समर्थन किया गया। बैठक में मनोज जोशी, संतोष जोशी, नितेश जोशी, प्रवीण जोशी, सुधीर जोशी, उमेश शर्मा, सुमित शर्मा, आनंद तिवारी, अरुण जोशी, नितेश शर्मा, अंकित जोशी, योगेंद्र जोशी, सहयोग शर्मा द्वारा नए अध्यक्ष का स्वागत कर शुभकामनाएं दी गई।

**राष्ट्रीय पशुपालन संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

## भेड़ चोरी की घटनाओं से मुक्ति दिलाने की मांग, हो रहा आर्थिक नुकसान




**सारंगपुर**। राष्ट्रीय पशुपालन संघ के तत्वाधान में राजस्थान से आए चरवाहों एवं संघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रोहित बम्हौरे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि सारंगपुर क्षेत्र में चोरों द्वारा लगातार हमलों एवं पशुधन चोरी के प्रयास से सुरक्षा व सख्त कार्रवाई की जाए ताकि हमारी भेड़े सुरक्षित विचरण कर सके। ज्ञापन देते हुए राष्ट्रीय पशुपालक संघ उपाध्यक्ष नगाराम देवासी ने बताया कि हम पशुपालक सारंगपुर क्षेत्र में अपने परिवार सहित आसपास के जंगल क्षेत्रों में निवास करते हैं। पिछले कुछ दिनों से हमारे क्षेत्र में चोरों, अपराधियों द्वारा लगातार समूह बनाकर हमले किए जा रहे हैं, जिससे हमारा जीवन अत्यंत भयभीत एवं असुरक्षित हो गया है। उन्होंने बताया कि करीब 25-30 लोगों के झुंड में आते हैं और हमारी भेडों को चोरी करने का प्रयास करते हैं, इस संबंध में स्थानीय थाना स्तर पर कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो हमारी रिपोर्ट दर्ज की जा रही है और न ही कोई ठोस कार्रवाईकी जा रही है, जिससे अपराधियों के हौसले लगातार बढते जा रहे हैं।

## घरेलू नुस्खों से

# अपनी त्वचा को बनाएं चमकदार

कई लोगों की त्वचा का रंग असंतुलित हो सकता है, जैसे कि गर्दन पर काले घेरे वाली त्वचा, लेकिन चेहरे पर सनबर्न से संबंधित रंजकता की समस्या का अनुभव हो सकता है. कुल मिलाकर लंबे समय तक धूप के संपर्क और घर से बाहर प्रदूषण में रहने से आपकी त्वचा रूखी, बेजान और काली हो सकती है. बाजार में त्वचा को गोरा करने वाले बहुत सारे प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं, लेकिन उनमें से आधे से अधिक रसायनों से बने होते हैं जो लंबे समय तक इस्तेमाल करने पर आपकी त्वचा के लिए हानिकारक होते हैं.



साथ ही, ये रसायन आपकी त्वचा पर कई दुष्प्रभाव पैदा कर सकते हैं- जैसे डलनेस, असमान त्वचा टोन या मुंहासे निकलना, लेकिन, चिंता न करें क्योंकि आपकी त्वचा को हल्का करने के लिए कई प्राकृतिक घरेलू उपचार हैं जिनका आप उपयोग कर सकते हैं.

### दही

दही में आपकी त्वचा के लिए कई जरूरी पोषक तत्व होते हैं. दही में लैक्टिक एसिड में मॉइस्चराइजिंग और ब्लीचिंग गुण होते हैं जो आपकी त्वचा पर लागू होने पर इस प्रोबायोटिक को एक बेहतरीन स्किन केयर उपाय बनाते हैं. यह आपकी त्वचा में झाईयों और दोषों की उपस्थिति को रोकने में मदद करता है.

### संतरा

संतरा विटामिन सी से भरपूर होता है जो त्वचा की देखभाल के लिए जरूरी पोषक तत्व है. इसके अलावा, इस फल में ब्लीचिंग गुण होते हैं जो त्वचा की रंगत को हल्का करने में बेहद शक्तिशाली होते हैं. नियमित रूप से ताजे संतरे के रस का सेवन करने से त्वचा की बनावट में सुधार होता है और त्वचा कोमल बनी रहती है.

### बेसन

यह आपकी त्वचा को सुरक्षित, प्रभावी ढंग से और स्वाभाविक रूप से हल्का करने के लिए सबसे महान समाधानों में से एक है. बेसन एक पोषक तत्व से भरपूर सामग्री है जो न केवल आपकी त्वचा को हल्का करने में मदद करती है बल्कि इसे बेहद हेल्दी भी रखती है.

### शहद

शहद एक अद्भुत स्किन केयर सामग्री है जिसमें बेहतरीन ब्लीचिंग और मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं. यह रूखेपन से संबंधित असंतुलित त्वचा टोन की समस्या का इलाज करने में मदद करता है. इसके अलावा, यह घटक जीवाणुरोधी गुणों से भरपूर होता है जो आपकी त्वचा पर मुंहासों के निशान और उम्र के धब्बों को मिटाने में मदद करता है.

### नींबू

नींबू में एसिडिक गुण होता है जो आपकी त्वचा को ब्लीच करने में मदद करता है. नींबू विटामिन सी से भी भरपूर होता है जो एक नई कोशिका के उत्पादन को उत्तेजित करता है.

## यदि आप भी बालों में भिंडी इस्तेमाल करना चाहते हैं तो पहले उसे फायदे और नुकसान जान लें।

# बालों में भिंडी लगाने से मिलते हैं ये फायदें...

## बिना पैसे खर्च किए भी अपने बालों को खूबसूरत बना सकें



### ऐसे करें इस्तेमाल

सबसे पहले भिंडी को बालों पर इस्तेमाल करने का सबसे आसान तरीका जान लें। इसके लिए आपको सबसे पहले भिंडी के टुकड़ों को पानी में उबालना है। इसके बाद इस पानी को ठंडा कर लें और बालों को धोने के बाद इस पानी से बालों पर अप्लाई करें। इसके बाद सिर्फ पानी से बालों को धो लें और इसका असर देखें। यहां हम आपको इसके फायदे भी बताने जा रहे हैं।

लंबे-घने और मजबूत बालों की चाहत तो हर किसी को होती है, लेकिन प्रदूषण और खराब खान-पान की वजह से ऐसा होना संभव नहीं हो पाता। ऐसे में लोग बालों को मजबूत बनाने के लिए महंगे-महंगे हेयर केयर प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं, और हेयर ट्रीटमेंट लेते हैं। यदि आप भी उन लोगों में से जो लंबे बाल तो पाना चाहते हैं, लेकिन पैसा ज्यादा खर्च नहीं करना तो इस लेख को अंत तक पढ़ें। यहां हम आपको न सिर्फ बालों में भिंडी लगाने का तरीका बताएंगे, बल्कि इसके फायदे भी गिनाएंगे, ताकि आप बिना पैसे खर्च किए भी अपने बालों को खूबसूरत बना सकें।



### बालों में होगी ग्रोथ

यदि आप भिंडी को बालों पर इस्तेमाल करेंगे तो इससे बालों की लंबाई में इजाफा होगा। दरअसल, बालों में विटामिन अ, उ, और ङ होता है, जो बालों को जड़ से मजबूत बनाता है। इसकी वजह से ही नये बाल भी निकलते हैं, इसलिए भिंडी का इस्तेमाल बालों में करते रहें।

### रूखापन होगा कम

अगर आपके बाल काफी ज्यादा ऑयली हैं तो भी अपने बालों में भिंडी का इस्तेमाल करें। इसमें पाए जाने वाले मॉइश्चराइजिंग गुणों की वजह से बाल धीरे-धीरे मुलायम होने लगते हैं। इससे उन लोगों को काफी लाभ मिलता है, जिनके बाल देखने में बेजान लगते हैं।

### स्कैल्प के लिए फायदेमंद

भिंडी के नियमित इस्तेमाल से आपको स्कैल्प में काफी फायदा मिलने वाला है। दरअसल, इसमें पाए जाने वाले एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण सिर की त्वचा को साफ करते हैं, जिससे खुजली, रूसी और कई अन्य दिक्कतों से राहत मिलती है।

### बाल बनेंगे शाइनी


भिंडी के बालों में नियमित इस्तेमाल से बाल धीरे-धीरे शाइनी बनने लगेंगे। दरअसल, विटामिन उके साथ-साथ एंटीऑक्सिडेंट्स तत्व भी होते हैं, जो बालों को चमकदार और स्वस्थ बनाते हैं। ये बालों में नेचुरल शाइन डालता है, जिससे बाल अधिक सुंदर दिखते हैं।




## कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल 2026 का मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। केकेआर ने इस मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। केकेआर की बल्लेबाजी शुरू भी गई थी, लेकिन चौथे ओवर में ही बारिश शुरू हो गई और फिर मैच शुरू नहीं हो सका।

# बारिश के कारण बेनतीजा रहा मुकाबला, कोलकाता और पंजाब को बांटने पड़े अंक; कैमरन ग्रीन ने किया निराश

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल 2026 का मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया है। केकेआर ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। टीम ने 3.4 ओवर में दो विकेट पर 25 रन बनाए थे। उसी वक्त हल्की बारिश के कारण मैच रुक गया। हालांकि, देखते ही देखते बारिश तेज हो गई जिससे मुकाबला दोबारा शुरू नहीं हो सका। संयोग से पिछले सत्र में भी ईडन गार्डंस में केकेआर और पंजाब किंग्स के बीच हुआ मैच (26 अप्रैल को) बारिश की वजह से प्रभावित हुआ था और दोनों टीम को एक-एक अंक बांटना पड़ा था।





### पांच-पांच ओवर का मैच भी नहीं हो सका संभव

पांच-पांच ओवर का मैच कराने के लिए कटऑफ टाइम रात 11 बजकर 14 मिनट था। बारिश रुक भी गई, लेकिन जब कवर्स हटे तो मैदान काफी गीला था और बाउंड्री के पास पानी भी भरा था। निर्धारित समय तक ग्राउंड तैयार नहीं किया जा सकता था,लिहाजा अंपायरों ने मैदान का निरीक्षण करने के बाद दोनों कप्तानों से चर्चा की और मैच रद्द करने का फैसला किया। केकेआर और पंजाब को इस तरह एक-एक अंक मिले। कोलकाता भले ही तीन मैचों के बाद भी जीत का खाता नहीं खोल सकी है, लेकिन उसने अंकों का खाता जरूर खोल लिया।

### बार्टलेट ने केकेआर दिए शुरूआती झटके

इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर की शुरूआत अच्छी नहीं रही। जेवियर बार्टलेट ने दूसरे ओवर में दो विकेट झटक लिए। बार्टलेट ने सलामी बल्लेबाज फिन एलेन (06) और कैमरन ग्रीन (04) को तीन गेंद के भीतर आउट करके नाइट राइडर्स को दोहरा झटका दिया। दोनों ही बल्लेबाजों ने विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह को कैच थमाए। ग्रीन 25.20 करोड़ रुपये की कीमत के साथ सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी हैं लेकिन उनका खराब प्रदर्शन जारी रहा। इससे पहले उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 18 और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दो रन बनाए थे।

### शाहरुख भी रहे स्टेडियम में मौजूद

इस मैच के लिए बॉलीवुड सुपरस्टार और केकेआर के सह मालिक शाहरुख खान भी दर्शकों के बीच मौजूद रहे। वह इस सत्र में पहली बार मैच देखने आए थे। शाहरुख के साथ उनकी बेटी सुहाना भी मौजूद थीं। शाहरुख इस दौरान केकेआर टीम के सीईओ वैंकी मैसूर के साथ कुछ चर्चा करते भी दिखे थे।

### केकेआर ने किए थे दो बदलाव

केकेआर ने इस मैच के लिए दो बदलाव किए। रहाणे ने टॉस के दौरान बताया था कि वरुण चक्रवर्ती पिछले मैच में कैच लेते वक्त चोटिल हो गए थे जिस कारण वह इस मैच का हिस्सा नहीं हैं। वहीं, सुनील नरेन को भी प्लेइंग-11 में जगह नहीं दी गई है क्योंकि वह बीमार हैं। वरुण और नरेन की जगह रोवमैन पॉवेल और नवदीप सैनी को जगह मिली थी। वहीं, पंजाब ने अपनी प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया था।

# बीसीबी नेतृत्व में बदलावः तमीम इकबाल को बनाया बोर्ड का अध्यक्ष, अमीनुल की बादशाहत खत्म

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश सरकार ने पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीबी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह फैसला मंगलवार को बीसीबी के अमीनुल इस्लाम बुलबुल के नेतृत्व वाली बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की समिति को भंग करने के बाद लिया गया।

**क्या है पूरा मामला?:** ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश की सरकार ने यह कदम एक पांच सदस्यीय जांच समिति की सिफारिशों के बाद उठाया, जिसने पिछले साल अक्तूबर में हुए बीसीबी चुनावों में अनियमितताओं और आरोपों की जांच की थी। 37 वर्षीय तमीम इकबाल अब बीसीबी के सबसे युवा अध्यक्ष बन गए हैं। वह 11 सदस्यीय एक एड-हॉक समिति का नेतृत्व करेंगे। इस समिति में मिनहजुल अबेदिन (पूर्व कप्तान), अतहर अली खान (पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर), राशना इमाम, मिर्जा येसिर अब्बास, सैयद इब्राहिम अहमद, इसराफिल खासरू, तंजिल चौधरी, सलमान इस्पहानी, रफीकुल इस्लाम और फहीम सिन्हा शामिल हैं।



**सरकार और एनएससी का बयानः** नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल (एनएससी) के खेल निदेशक मोहम्मद अमीनुल एहसान ने कहा कि, बोर्ड का गठन सही तरीके से नहीं हुआ था। यह अपने कार्य सही ढंग से करने में सक्षम नहीं था। उन्होंने यह भी बताया कि इस फैसले की जानकारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को दे दी गई है, और उम्मीद जताई कि खेल की वैश्विक संस्था इस निर्णय को स्वीकार करेगी।

### पहले के हालात

- पूर्व अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने पद छोड़ने से इनकार किया था।
- खेल मंत्रालय ने चुनाव की वैधता पर सवाल उठाए थे।
- वहीं, टीम के टी20 विश्व कप 2026 में खराब प्रदर्शन और बोर्ड में राजनीतिक हस्तक्षेप के आरोप भी सामने आए थे।
- पिछले हफ्ते चार डायरेक्टरों ने इस्तीफा दिया, जिससे जनवरी से अब तक कुल छह इस्तीफे हो चुके हैं।

### अबतक नहीं दिया फिटनेस टेस्ट

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने पुष्टि की है कि मथीशा पथिराना और वानिंदु हसरंगा उन 15 श्रीलंकाई खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने अब तक सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट के तहत अनिवार्य फिटनेस टेस्ट नहीं दिया है। इनके अलावा छह अन्य खिलाड़ी ऐसे हैं जो कम से कम एक बार इस फिटनेस टेस्ट में फेल हो चुके हैं। कुल 45 अनुबंधित खिलाड़ियों में से अभी तक सिर्फ 24 खिलाड़ी ही इस टेस्ट को पास कर पाए हैं।

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### प्रोफेसर पत्नी को 40 बार किया कॉल, पति ने सिर दीवार पर दे मारा फिर गला दबाया

**इंदौर।** एक निजी कॉलेज में मैनेजमेंट प्रोफेसर महिला का सिर उसके पति ने दीवार पर दे मारा। गला पकड़कर कहा कि अगर उसकी बात नहीं मानी तो जिंदा नहीं छोड़ेगा। पति की हरकत से नाराज महिला ने घर छोड़ दिया था। इसके बाद उसने 40 बार कॉल किया। जब फोन रिसीव नहीं हुआ तो उसने उसे ढूंढकर यह हरकत की है। कनाड़िया पुलिस ने प्रोफेसर की शिकायत पर आरोपी पति शुभम राठौर के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। प्रोफेसर ने कुछ दिन पहले पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत दी थी कि उसका शुभम से पिछले 4 साल से प्रेम संबंध था। दोनों ने मई 2024 में शादी कर ली थी। शादी के बाद शुभम उससे लगातार पैसों की मांग करने लगा और उसकी सैलरी पर भी नजर रखने लगा। 16 अक्टूबर 2024 को उसने महिला के साथ मारपीट की, जिसकी शिकायत महिला ने सखी वन स्टॉप सेंटर में भी की थी। इसके बाद वह डर के कारण उससे अलग रहने लगी।

### मोबाइल से बात करने के दौरान तीसरी मंजिल से गिरने पर युवती की मौत

**इंदौर।** शहर के छत्रीपुरा इलाके में एक 18 वर्षीय युवती की तीसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। घटना सोमवार रात की है। पुलिस शुरूआती जांच में इसे आत्महत्या मानकर चल रही है, हालांकि मोबाइल पर किससे बातचीत हो रही थी, इसका खुलासा अभी नहीं हो सका है। मामला समाजवाद नगर गली नंबर-3 का है, जहां रहने वाली मेहक राठौर सोमवार रात छत से नीचे गिर गई। परिजनों के अनुसार, वह मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी और कुछ देर बाद नीचे आ गिरी। उसका मोबाइल छत पर ही मिला है। घटना के बाद परिजन मेहक को नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन सिर में गंभीर चोट लगने के कारण डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। मोबाइल कॉल डिटेल्स और परिवार के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक मेहक कॉस्मेटिक्स की दुकान पर काम करती थी। सोमवार रात करीब 9 बजे वह घर लौटी, बैग रखा और पिता का मोबाइल लेकर सीधे छत पर चली गई। बताया जा रहा है कि वहां किसी से बातचीत के दौरान उसकी बहस भी हुई थी। मेहक अपने पिता और छोटे भाई के साथ रहती थी। उसकी मां कई साल पहले परिवार छोड़ चुकी है। पिता फर्नीचर का काम करते हैं और ऑटो भी चलाते हैं, जबकि भाई भी ऑटो चलाता है। परिवार मूल रूप से सीहोर का रहने वाला है और लंबे समय से इंदौर में रह रहा है। परिवार के लोगों ने बताया कि आसपास के लोगों ने उन्हे जानकारी दी कि मेहक उपर से गिर गई है। गिरने के दौरान उसने मदद के लिए आवाज भी लगाई थी। संभवतः रैलिंग पर बैठने के दौरान बात करते समय संतुलन बिगड़ने से वह गिरी, जिससे उसका मोबाइल छत पर ही रह गया।

### लादेन नाम से खौफ फैलाने वाला ड्रग तस्कर गिरफ्तार, 100 ग्राम एमडी बरामद

**इंदौर।** खजराना पुलिस ने खुद को ओसामा बताकर खौफ फैलाने वाले ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 100 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई है। शहर में उसे लादेन नाम से जाना जाता था और वह इसी नाम का इस्तेमाल कर लोगों में डर बैठाता था। पुलिस के मुताबिक आरोपी ओसामा चंदन नगर इलाके का रहने वाला है। उसकी शक्ल और नाम कुख्यात आतंकी ओसामा बिन लादेन से मिलते-जुलते होने के कारण लोग उसे लादेन कहकर बुलाते थे। आरोपी भी इसी नाम का इस्तेमाल कर अपना रौब जमाता था। मनोज सेंधव की टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी स्टार चौराहे के पास बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने ड्रग डिलीवरी के लिए खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा और तलाशी में उसके पास से 100 ग्राम से ज्यादा एमडी बरामद की। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी यह ड्रग राजस्थान के डग इलाके से लेकर आया था और इंदौर में सप्लाई करने वाला था। पुलिस अब उसके नेटवर्क और साथियों की तलाश कर रही है। आरोपी के खिलाफ पहले से लूट और मारपीट सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उसके पुराने रिकॉर्ड भी खंगाल रही है।

### टिगरिया बादशाह क्षेत्र में अवैध गोदाम पर छापा, 22 हजार लीटर सॉल्वेंट जब्त

**इंदौर।** इंदौर जिला प्रशासन ने टिगरिया बादशाह क्षेत्र के समीप एक गोदाम पर सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर एसडीएम निधि वर्मा के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने छापा मारकर भारी मात्रा में बिना लाइसेंस के संग्रहित सॉल्वेंट बरामद किया। कार्रवाई के दौरान गोदाम में करीब 22 हजार लीटर डिस्टिल्ड सॉल्वेंट अवैध रूप से रखा पाया गया। इसके अलावा मौके से ऑयल पेंट मिक्सर और पेंट रिमूवर भी मिले। जांच में सामने आया कि गोदाम संचालक के पास इन ज्वलनशील पदार्थों के भंडारण के लिए आवश्यक वैध लाइसेंस नहीं था। सबसे गंभीर बात यह रही कि गोदाम में किसी प्रकार का फायर सेफ्टी सिस्टम भी मौजूद नहीं था। ऐसे में किसी भी दुर्घटना की स्थिति में आसपास के क्षेत्र में बड़ा हादसा हो सकता था और जनहानि की आशंका बनी हुई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार नारायण नांदेडा ने मौके पर ही गोदाम को सील करने की कार्रवाई की। इस दौरान तहसीलदार ओंकार मनाग्रे, सहायक खाद्य अधिकारी अविनाश जैन तथा बाणगंगा थाने का पुलिस बल भी मौजूद था। यह गोदाम खातीवाला टैंक निवासी अब्दुल कादिर पिता फखरुद्दीन का है। कलेक्टर ने कहा कि अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### कुशवाह नगर में खुला चेंबर बना खतरा, युवक गिरा

**इंदौर।** इंदौर के कुशवाह नगर इलाके में सोमवार रात एक युवक खुले चेंबर में गिर गया। अचानक हुई घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे देख लिया और तुरंत बाहर निकाल लिया। घटना के बाद वहां भीड़ जमा हो गई, जबकि कुछ लोग उसे रिक्शे से अस्पताल भेजने की बात करते नजर आए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह मामला कुशवाह नगर मेन रोड पर लोहार गली के सामने का बताया जा रहा है। यहां पिछले तीन दिनों से चेंबर खुला हुआ था। चेंबर में गिरने वाले व्यक्ति की पहचान भगत सिंह नगर निवासी दिलीप करोसिया के रूप में हुई है। वह यहां से गुजर रहे थे, तभी अचानक खुले चेंबर में गिर गए। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने उनकी मदद कर उन्हें बाहर निकाला। चेंबर में गिरने के बाद आसपास के लोगों ने उसे बाहर निकाला, जिसके चलते वहां भीड़ जमा हो गई। सड़क से गुजरने वाले लोग भी रुक-रुककर घटना के बारे में पूछते नजर आए। बताया जा रहा है कि यहां काम चल रहा था, जिसके कारण चेंबर खुला हुआ था। यह भी कहा जा रहा है कि युवक नशे की हालत में था।

### सड़क पार करते समय तेज रफ्तार वाहन ने पुजारी को कुचला, मौके पर ही मौत

**इंदौर।** महू के मानपुर थाना क्षेत्र स्थित जानापाव कुटी ब्रिज पर एक तेज रफ्तार भारी वाहन ने एक राहगीर पुजारी को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह करीब 11 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि मृतक के शरीर के अंग अलग-अलग हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सूचना मिलने पर मानपुर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। मानपुर थाना प्रभारी महेंद्र मकाशले ने बताया कि मृतक की पहचान हासलपुर रामनुज मंदिर के पुजारी माध्वाचार्य के रूप में हुई है। वे महू से हासलपुर जा रहे थे, तभी सड़क पार करते समय यह हादसा हुआ।



बजट के दौरान भाजपा पार्षदों ने लगाए मोदी-मोदी के नारे, अमृत-2 में होंगे 1500 करोड़ के काम, कांग्रेस पार्षदों ने

# नगर निगम में ईरान के सुप्रीम लीडर को दी श्रद्धांजलि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मंगलवार को इंदौर नगर नगम का 8453 करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया। इस बजट में मास्टर प्लान की सड़कों को तय समय में पूरा करने पर जोर दिया गया है। कुशवाह नगर जैसी नई सड़कों का निर्माण और अधूरी सड़कों को तेजी से पूरा करने की योजना शामिल की गई है।

बजट का बड़ा हिस्सा पानी से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर है। इनमें नर्मदा परियोजना का चौथा चरण, नई पाइपलाइन बिछाना, पुरानी पाइपलाइन बदलना, हर वार्ड में पानी टेस्टिंग लैब बनाने का लक्ष्य रखा गया है।





अमृत-2 और अन्य योजनाओं के तहत 1500 करोड़ रुपए से ज्यादा के काम किये जाएंगे। इनमें पानी की टंकियां, सीवरेज सिस्टम और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट किया जाएगा। महापौर ने 130 पेज के बजट के प्रमुख अंश पढ़े। बुधवार को इस बजट पर चर्चा और बहस होगी। दरअसल आज इंदौर नगर निगम का 8450 करोड़ रुपए का ई-बजट पेश हो रहा है। सदन में कांग्रेसी पार्षद और नेता प्रतिपक्ष हाथ में काली पट्टी बांधकर पहुंचे। वहीं, कांग्रेस पार्षद कुणाल सोलंकी विरोध जताते हुए टी-शर्ट पर स्लोगन लिखकर पहुंचे। उन्होंने अपने टी-शर्ट पर पियो नाली का पानी नगर निगम के विकास की कहानी लिखा था।

#### बजट के दौरान हंगामा, बहस

विकास की दिशा तय करने वाला नगर निगम का बजट आज पेश किया गया। महापौर के श्रद्धांजलि देने के बाद कांग्रेस पार्षदों रूबीना इकबाल खान और फौजिया शेख अलीम ने अमेरिकी-इजराइली हमले में मारे गए ईरान के सुप्रीम लीडर को श्रद्धांजलि दी। रूबीना ने कहा खामेनेई को अमेरिका ने धोखे से शहीद कर दिया। इससे नाराज भाजपा पार्षदों ने जय श्री राम के नारे लगाए और विरोध किया।

एक्ट्रेस का शराब कारोबारी पर जमीन पर कब्जा करने का आरोप

## 6000 वर्गफीट की जमीन पर खंभे गाड़े

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

हम किसी को हाथ जोड़कर मना कर रहे हैं कि हमें किराए पर जमीन नहीं देना है, लेकिन इसके बाद भी सामने वाला हमारी जमीन पर कब्जा कर रहा है। यह मेरे लिए सरप्राइजिंग था।

यह कहना है इंदौर की रहने वाली टीवी एक्ट्रेस रेमन कक्कर का। उन्होंने शराब कारोबारी और क्रिकेट टीम मालिक सूरज रजक पर अपनी 300 करोड़ की जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया है। 3 अप्रैल की रात इंदौर में उन्होंने सूरज के खिलाफ एफआईआर कराई है। रेमन ने कहा कि मुंबई में ऐसा कुछ नहीं देखा, जैसा इंदौर में देखा। आरोपों पर सूरज



रजक से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया। रेमन कक्कर ये तेरी गलियां, अपना टाइम आएगा और रब से है दुआ जैसे सीरियलों में काम कर चुकी हैं। वह शाहरुख खान और श्रीदेवी के साथ स्क्रीन शेयर कर चुकी हैं।

**देवास नाके पर करीब 6.84 एकड़ जमीन-** रेमन कक्कर ने बताया कि देवास नाके पर उनकी 6.84 एकड़ जमीन है। इसमें से सवा एकड़ जमीन इंदौर विकास प्राधिकरण को विकास के लिए दी गई है। सूरज ने मेरे हसबैंड और भाई को फोन कर 6 हजार स्क्वॉयर फीट जमीन किराए पर शराब की दुकान के लिए मांगी। लेकिन उन्होंने मना कर दिया। इसके बाद वह मेरी मम्मी से मिलने घर आया और जमीन किराए पर देने को कहा। मम्मी ने भी मना कर दिया। यह जमीन मेरी मम्मी, दोनों भाई और मेरे नाम पर है। रेमन कक्कर ने बताया कि 3 अप्रैल को वह मुंबई से इंदौर आई थीं। दोपहर में पता चला कि जमीन पर कब्जा हो रहा है। वह तुरंत वहां पहुंचीं। वहां खंभे गड़े थे और शेड बन रहा था। इस दौरान पुलिस ने मदद की। जब वह लसूड़िया थाने पहुंचीं, पुलिसकर्मियों ने कहा कि टीआई नहीं हैं, कुछ देर बाद आना तब एफआईआर लिखी जाएगी।

### ब्लैकमेल कर अकाउंट में डलवाए रुपए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के द्वारकापुरी में ब्लैकमेल कर ठगी करने का मामला सामने आया है। ठग ने 15 साल की लड़की के न्यूड फोटो और वीडियो अपने पास होने तथा उन्हें वायरल करने की धमकी देकर खाते में रुपए डलवा लिए। द्वारकापुरी पुलिस ने इलाके में रहने वाली 15 वर्षीय छात्रा की शिकायत पर अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ ब्लैकमेल कर रुपए ऐंठने के मामले में एफआईआर दर्ज की है।

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

### जिम संचालक पर तलवार से हमला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर के एरोड्रम इलाके में कार पार्किंग को लेकर हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक हो गया। गुस्साए पड़ोसी ने जिम संचालक पर तलवार से हमला कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले में संज्ञान लिया है।

मामला 60 फीट रोड का है, जहां आशु व्यास जिम का संचालन करते हैं। उनका पास में रहने वाले राकेश खंडेलवाल से कार पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था। कहासुनी के बाद मामला इतना बढ़ा कि पड़ोसी तलवार लेकर मौके पर पहुंच गया और अचानक हमला कर दिया।

राकेश खंडेलवाल भाजपा से जुड़ा है। वह भाजपा नेता कमलेश खंडेलवाल का चचेरा भाई बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि आशु थाने पहुंचा तो रिपोर्ट दर्ज न कराने के लिए राकेश ने कई भाजपा नेताओं से फोन लगवाए।

हमले के दौरान आशु व्यास ने हाथ से तलवार रोकने की कोशिश की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उनकी जान बचाई। घटना का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर मामले को संज्ञान में लिया है और जांच शुरू कर दी है। टीआई तरुणेंद्र भाटी ने कहा सोमवार देर शाम दोनों पक्षों के बीच थाने में समझौता हो गया।

## एनएसयूआई का प्रदर्शन, 6 गिरफ्तार

### देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की नीतियों के खिलाफ विरोध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में व्याप्त समस्याओं और छात्र हितों की अनदेखी के विरोध में एनएसयूआई उग्र आंदोलन कर रही है। संगठन द्वारा विश्वविद्यालय के आरएनटी परिसर में जंगी प्रदर्शन किया जा रहा है। हालांकि इस दौरान विश्वविद्यालय के आसपास भारी पुलिस बल तैनात कर दिया। जंगी प्रदर्शन में सैकड़ों छात्रों ने आते से ही विश्वविद्यालय परिसर में घुसने का प्रयास किया और वहां पुलिस से उनकी धक्कामुक्की हुई। पुलिस ने एनएसयूआई अध्यक्ष रजक पटेल सहित 6 को गिरफ्तार कर लिया।

एनएसयूआई पदाधिकारियों का कहना है कि विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रशासनिक और शैक्षणिक समस्याओं के चलते छात्रों के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ हो रहा है। इन मुद्दों को लेकर सैकड़ों छात्र प्रदर्शन में



शामिल होकर विश्वविद्यालय की नीतियों का विरोध कर रहे हैं।

जिला अध्यक्ष रजत सिंह पटेल ने कहा कि एनएसयूआई वर्षों से छात्र हितों की लड़ाई लड़ता आ रहा है और इस बार भी छात्रों के अधिकारों के लिए मजबूती से आवाज उठाई जाएगी। प्रदर्शन में एनएसयूआई के प्रदेश, जिला और महाविद्यालय स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद हैं। संगठन ने दावा किया है कि यह आंदोलन छात्र हितों की रक्षा के लिए निर्णायक साबित होगा।

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपिन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

STAFF REQUIRED
SUNRISE COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES
Ingoriya, Ujjain–Badnagar Road
Qualified teaching staff required for BA, B.Com & B.Sc courses.
POSITIONS AVAILABLE:
• Principal
• Assistant Professor
• Lecturer
ELIGIBILITY:
PG, NET/SET, Ph.D (Preferred)
CONTACT (DIRECTOR):
8827448385

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web www.jyotishdham.in)

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिलें
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फलोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

JAYSHREE PHARMACEUTICALS
www.dantavali.com
दंतावली
गम मसाज पाउडर
सिगरेट, बीड़ी तंबाखू एवं गुटखा के कारण होने वाली
दांत एवं मुँह की समस्या
से राहत में सहायक
Dantavali GUM MASSAGE POWDER
100% NATURAL PRODUCT
इन समस्याओं से राहत में सहायक
दांतों के दाग-धब्बे
दांतों की सड़न
मुँह का पूरा न खुलना
मुँह के छाले
मुँह की दुर्गंध
दांतों की झनझनाहट
गर्म एवं तीखा खाने में तकलीफ
ठंडा एवं खट्टा खाने में तकलीफ
स्टॉकिस्ट/अधिकृत विक्रेता बनने के लिए संपर्क : 77010-10250
Owned By PAGE PRASHANT AGARWAL GROUP OF ENTERPRISES | Powered By AGARWAL GROUP | Associated Brand AKSHOBH VEDA

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com